आदिवासी तमसा प्रकाश

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 | शुक्ल पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 309 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

रिटायर्ड आईएएस गणेश शंकर मिश्रा बने राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा को राज्य नीति आयोग, छत्तीसगढ़ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी और आगामी आदेश तक लागू रहेगी। गणेश शंकर मिश्रा राज्य के वरिष्ठ और अनुभवी प्रशासनिक अधिकारियों में गिने जाते हैं। अपने लंबे प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए शासन की नीतियों के क्रियान्वयन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नीति निर्माण प्रक्रिया को मिलेगी मजबूती

राज्य नीति आयोग का दायित्व प्रदेश की विकास रणनीति तैयार करना, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और आर्थिक एवं सामाजिक विकास से जुड़े सुझाव देना होता है। ऐसे में अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति से नीति निर्माण प्रक्रिया को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

निधि छिब्बर को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार मिला

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ कैडर की आईएएस अफसर निधि छिब्बर को नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। बता दें कि बीवीआर सुब्रह्मण्यम का तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार ने निधि छिब्बर जो कि वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें सीईओ पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

'करप्शन इन ज्यूडीशियरी' किताब पर सुप्रीम कोर्ट का बैन, कहा- हार्ड कॉपी वापस लें, डिजिटल कॉपी हटाएं

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी की किताब बैन कर दी है। गुरुवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने 8वीं क्लास की सोशल साइंस की यह किताब छांपने और बांटने पर रोक लगा दी। पहले भेजी गई किताबें वापस लेने और डिजिटल कॉपियां हटाने का आदेश भी दिया।

कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। एनसीईआरटी पर अवमानना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ एनसीईआरटी डायरेक्टर और एजुकेशन सेक्रेटरी को नोटिस जारी

अनजाने में गलती हुई, चैप्टर दोबारा लिखेंगे: एनसीईआरटी

क्लास 8 की सोशल साइंस की टेक्स्टबुक में 'ज्यूडीशियल करप्शन' विवाद पर एनसीईआरटी ने पहली प्रतिक्रिया दी। एनसीईआरटी ने कहा कि वे ज्यूडिशियरी का बहुत सम्मान करते हैं। किताब में गलती अनजाने में हुई है और एनसीईआरटी को उस चैप्टर में गलत मटेरियल शामिल करने का अफसोस है। चैप्टर को दोबारा लिखा जाएगा।

आज बेबाक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वाकई दुनिया के सबसे बड़े शिगुफेबाज हैं। रोज एक नई पुड़िया छोड़कर सनसनी फैला देते हैं। उन्होंने अपनी हत्या किए जाने की आशंका जताई और दूसरे दिन यह बम फोड़ दिया कि उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की जान बचाई थी वरना आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना उन्हें निपटा देती। अब उस बुड़बक को कौन समझाए कि भारत मक्खी मारकर हाथ नहीं गंधाता। बहरहाल पाकिस्तान को ट्रंप का शुक्रगुज़ार होना चाहिए और डान ट्रंप को निशान - ए- पाकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान से नवाजना चाहिए। ताकि ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार न मिलने की भरपाई हो जाए।

विधानसभा सत्र: धान खरीदी को लेकर चरणदास महंत और भूपेश बघेल के विरोध के बीच नारेबाजी

धान खरीदी पर सदन में हंगामा, स्थगन पर चर्चा की मांग, गर्भगृह में पहुंचे विपक्षी विधायक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन धान खरीदी का मुद्दा सदन में बड़ा राजनीतिक विवाद बन गया। शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार की धान खरीदी नीति को असफल बताते हुए स्थगन प्रस्ताव रखा और इस विषय पर विस्तृत चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को खरीदी प्रक्रिया के दौरान गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा है और कई किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया।

सभापति द्वारा स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किए जाने के बाद विपक्षी विधायकों ने सदन में जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस विधायक अपनी सीटों से उठकर नारेबाजी करते हुए गर्भगृह तक पहुंच गए। सदन की कार्यवाही बाधित होने की स्थिति में यह कदम उठाए जाने के कारण संबंधित विधायक स्वमेव निलंबित हो गए। इस घटनाक्रम से सदन का माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया और कुछ समय के लिए कार्यवाही प्रभावित रही।

किसानों के साथ अनुचित व्यवहार किया गया

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि किसानों के साथ प्रशासनिक स्तर पर अनुचित व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने किसानों के घरों और खलिहानों तक पहुंचकर दबाव बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ा और यह स्थिति बेहद चिंताजनक है।

किसानों को संदेह की नजर से देखा गया

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आरोप लगाया कि धान खरीदी के दौरान किसानों को टोकन व्यवस्था और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों को संदेह की नजर से देखा गया और कई मामलों में उनका पूरा उत्पादन नहीं खरीदा गया। उनका कहना था कि यह मुद्दा सीधे तौर पर प्रदेश के किसानों की आजीविका से जुड़ा है और इस पर गंभीर चर्चा आवश्यक है।

विपक्ष ने गर्भगृह में पहुंचकर जताया विरोध

विपक्ष के अन्य विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई जिलों में किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने सरकार से मांग की कि जिन किसानों का धान नहीं खरीदा गया है, उनकी खरीदी सुनिश्चित की जाए और किसानों को राहत दी जाए। हालांकि, सभापति ने स्पष्ट किया कि बजट सत्र के दौरान निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही चर्चा की जा सकती है और स्थगन प्रस्ताव को नियमों के अनुसार अग्राह्य किया गया है। इसके बाद विपक्ष ने विरोध दर्ज कराते हुए सदन में नारेबाजी की और गर्भगृह में पहुंचकर अपना विरोध जताया।

सरकार ने किसानों को धोखा दिया: महंत

शून्यकाल में धान खरीदी के मुद्दे पर जमकर बवाल हुआ। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सरकार पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। विधायक उमेश पटेल ने कहा कि पंजीकृत किसानों से धान नहीं खरीदा गया और करोड़ों का भुगतान लंबित है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों के अपने खेत परिसर में प्रवेश पर सवाल उठाए। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा बजट सत्र के कारण नहीं हो सकी। इसके बाद विपक्ष ने गर्भगृह में जाकर नारेबाजी की और सदन की परंपरा के अनुसार वहां गए विधायकों को निलंबित कर दिया गया।

इजरायल में प्रधानमंत्री मोदी के बड़े ऐलान

भारत और इजरायल के बीच जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट: मोदी

तेल अवीव (ए.)। इजरायल दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कई बड़े ऐलान किए। इसमें दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना, डिफेंस और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आदि शामिल है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (मुक्त व्यापार समझौता) को अंतिम रूप दिया जाएगा, जोकि दोनों के लिए फायदेमंद होगा। हाल ही में भारत ने यूरोपीय यूनियन और अमेरिका के साथ एफटीए का करार किया है। मोदी ने इजरायल की अपनी दो दिन की यात्रा के आखिर में कहा कि दोनों देश डिफेंस में जॉइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी के ट्रांसफर पर भी काम करेंगे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हमारे रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं: मोदी

पीएम मोदी ने कहा, ''हमारे संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की आधारशिला पर आधारित हैं। हमारे रिश्ते समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। आज हमने टाइम टेस्टेड साझेदारी को स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय दोनों देशों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।'' उन्होंने कहा कि भारत का रुख साफहै, इंसानियत कभी भी झगड़े का शिकार नहीं होनी चाहिए। गाजा पीस प्लान के जरिए शांति का रास्ता बनाया गया है, भारत ने इन कोशिशों का पूरा सपोर्ट किया है।

न्यूज गैलरी

वॉट्सएप 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफकर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे।

सेमीफाइनल की ओर साउथ अफ्रीका

नई दिल्ली। एडेन मार्करम की अगुवाई वाली साउथ अफ्रीकी टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सेमीफइनल की सीट पक्की करने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। भारत को 76 रनों से हारने के बाद साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले में 9 विकेट से धमाकेदार जीत हासिल की।

सुनेत्रा ने संभाली एनसीपी की कमान

■ पार्टी की बैठक में सर्वसम्मति से चुनी गईं अध्यक्ष

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। अधिवेशन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष बनाया है। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। गौरतलब है कि 28 जनवरी को अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसके बाद सुनेत्रा पवार ने आगे आकर उप मुख्यमंत्री का पद संभाला था और अब वह एनसीपी की अध्यक्ष भी चुनी गई हैं।पार्टी अधिवेशन में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजित के करीबी रहे प्रफुल्ल पटेल ने भावुक भाषण दिया। उन्होंने अजित पवार के बाद नेतृत्व में हुए बदलावों के दौरान पार्टी के भीतर चली गहन चर्चाओं और अटकलों को याद किया।

सीएम साय से मिले कपिल देव

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से निवास-कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कपिल देव को बेल मेटल से बनी प्रतिकृति, पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

नक्सल पुनर्वास केंद्र में बदलाव की नई राह

■ आत्मसमर्पित युवाओं को दिया गया 5जी स्मार्टफोन

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर के घने जंगलों की खामोशी अब उम्मीदों की गूँज में बदल रही है। सुकमा के नक्सल पुनर्वास केंद्र में एक ऐसी तस्वीर उभरी, जो न केवल प्रशासनिक सफलता को दर्शाती है, बल्कि उन हाथों के लिए एक नई सुबह का प्रतीक भी है, जिन्होंने कभी हिंसा का रास्ता चुना था। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा ने जब आत्मसमर्पित युवाओं से हाथ मिलाया, तो वह केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी। वह एक 'आत्मीय संवाद' था- एक पिता समान बड़े का उन भटके हुए युवाओं को जीवन की राह दिखाने का प्रयास। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण वह था जब 7 आत्मसमर्पित युवाओं के हाथों में अत्याधुनिक 5जी स्मार्टफोन सौंपे गए। कल तक जो हाथ दुर्गम पहाड़ियों में बंदूकें संभाले थे आज वही हाथ अब डिजिटल दुनिया से जुड़कर अपने भविष्य की नई कहानी लिखेंगे।

गरमा-गरम

वार्षिकोत्सव बना राजनीतिक मंच: विधायक ने गुलाब और रामचरितमानस देकर कहा- यह क्षेत्र की जनता का अपमान

मुझे क्यों नहीं बनाया अतिथि... विरोध करने कॉलेज पहुंचे विधायक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पलारी शासकीय बृजलाल वर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में कसडोल विधायक संदीप साहू बिना निमंत्रण के अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए।

महाविद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में श्याम बिहारी जायसवाल सहित भाजपा के कई नेताओं के नाम आमंत्रण पत्र में शामिल थे, लेकिन क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू का नाम गायब था। जैसे ही यह जानकारी विधायक तक पहुंची, उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और सीधे कॉलेज पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के बीच विधायक संदीप साहू मंच के पास पहुंचे और प्रिंसिपल व प्राध्यापकों को गुलाब का फूल एवं रामचरितमानस भेंट कर अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि मुझे कसडोल विधानसभा की 3 लाख 78 हजार जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना है। इस कार्यक्रम में मुझे नहीं बुलाना केवल मेरा ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता का भी अपमान है। मैं शिकायत नहीं करूंगा, बस विरोध दर्ज कराने आया हूं।

विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें कार्यक्रम से कोई व्यक्तिगत नाराजगी नहीं है और वे इस मामले की शिकायत राज्यपाल से नहीं करेंगे।

प्रिंसिपल ने झाड़ा पल्ला, सवालों के घेरे में प्रबंधन: इधर कॉलेज के प्रिंसिपल एके उपाध्यक्ष ने पूरे मामले से खुद को अलग करते हुए कहा कि कार्यक्रम का आयोजन और अतिथियों की सूची जनभागीदारी समिति द्वारा तय की गई थी। हालांकि, आमंत्रण पत्र में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सियासी हलकों में मची हलचल

एक ही पार्टी के विधायक को नजरअंदाज करने की घटना ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। इसे आंतरिक खींचतान से जोड़कर भी देखा जा रहा है। पलारी के इस वार्षिकोत्सव ने शिक्षा के मंच को राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। गांधीगिरी के इस विरोध ने पूरे जिले में नई बहस छेड़ दी है।

आरएसएस की सबसे पावरफुल बैठक में लगेगी नितिन नवीन की पहली हाजिरी

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' की महत्वपूर्ण बैठक अगले महीने हरियाणा के समालखा में आयोजित होने जा रही है। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहली बार शिरकत करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष और आगामी राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए इस तीन दिवसीय समागम को बेहद अहम माना जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, समालखा बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) से संबंधित कार्यक्रमों की समीक्षा करना है।

पहला अधिकारिक दौरा

जनवरी 2026 में भाजपा की कमान संभालने के बाद नितिन नवीन का यह पहला आधिकारिक संघ दौरा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बैठक से पहले भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में कुछ बड़े फेरबदल हो सकते हैं। माना जा रहा है कि समालखा बैठक में भाजपा के प्रतिनिधि मंडल में कई नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं।

मोबाइल की रोशनी से जगमगाया ओपन एम्फीथिएटर, विकसित भारत के संकल्प को मिला जनसमर्थन

वीबी जी रामजी योजना आजीविका की गारंटी प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम

कोरिया / नवप्रदेश। कोरिया जिला में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में विकसित भारत जी राम जी योजना (वीबी जी राम जी योजना) के तहत व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत सागरपुर ग्राम पंचायत के नवनिर्मित बोट क्लब परिसर स्थित ओपन एम्फीथिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों, श्रमिकों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम का नेतृत्व कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा कि वी बी जी राम जी योजना ग्रामीण श्रमिकों को उनके अधिकारों के साथ आजीविका की गारंटी प्रदान कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम है। 125 दिवसों का रोजगार मिलेगा। योजना के माध्यम से रोजगार सृजन, आर्थिक सशक्तिकरण और समग्र ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने उपस्थित ग्रामीणों को योजना के प्रमुख प्रावधानों, लाभों और क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा अधिक से अधिक

सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा वी बी जी राम जी योजना गांव और ग्रामीणों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा।

'फ्लैश की रोशनी में दिखी एकजुटता'

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रमिकों ने अपने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर 'वी बी जी राम जी योजना' के समर्थन में अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। मानव श्रृंखला बनाकर 'वी बी जी राम जी' की आकृति तैयार की गई, जो जनजागरूकता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बनी।

'वंदे मातरम् की गूंज से गूंजा परिसर'

आईईसी गतिविधियों के तहत कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। देशभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस वातावरण ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया।इस अवसर पर जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी- कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी, श्रमिक उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

होली को लेकर शांति समिति की बैठक आज

कांकेर/ नवप्रदेश। आगामी मार्च माह में होलिका दहन, होलिकोत्सव, रंग पंचमी माता कर्मा जयंती, गुड़ी पाड़वा, चेट्रीचंड्र, ईदुल फित्र, रामनवमी, महावीर जयंती सहित अप्रैल माह में डॉ. अम्बेडकर जयंती, चैत्र नवरात्रि एवं गुड फ्राइडे जैसे पर्व आयोजित होंगे। जिले में इन त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति सद्भाव बनाए रखने के लिए परिचर्चा एवं शांति समिति की बैठक शुक्रवार 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आहूत की गई है। उक्त बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

मोतियाबिंद ऑपरेशन एम्स में होगा

कांकेर/ नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु चिन्हांकित जनो को प्रथम चरण में 27 फरवरी दिन शुक्रवार को रायपुर एम्स हेतु रवाना किया जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अटल अभ्युदय योजना अंतर्गत वयोवृद्धजन की मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क रायपुर एम्स में किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में लाभांवित हो रहे हैं इस हेतु 50 हितग्राहीयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में नरहरपुर एवं भानुप्रतापपुर ब्लॉक के कुल 15 हितग्राहीयों को समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ ऑपरेशन हेतु भेजा जायेगा।

दसपुर को पानी की समस्या से मिली निजात

कांकेर/ नवप्रदेश। ग्राम दसपुर से कांकेर शहर वासियों को पानी पिलाने वाला गांव खुद पानी की समस्या से जूझ रहा था। पानी के टंकी बगरूम चौक से निचले हिस्से में होने के कारण पानी का सप्लाई यहां तक नहीं हो पा रहा था जिससे दसपुर चौक व छोटे पारा में रहने वाले ग्रामीणों को पानी की विकट समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बता दे कि ग्राम दसपुर के आगे ग्राम बेवरती कांकेर विधानसभा के विधायक आशा राम नेताम जी का पैतृक गांव है। पानी की समस्या से जूझ रहे सूर्या नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दसपुर एवं श्री शिवशक्ति महिला समिति के सदस्यों के द्वारा इस विषय को लेकर माननीय विधायक आशाराम नेताम जी के समक्ष रखा गया।

निधन

मनोहर लाल मंगलानी

कांकेर/ नवप्रदेश। कांकेर नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी जयहिंद होटल के संचालक सिंध समाज कांकेर के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सलाहकार दादा मनोहर लाल मंगलानी का बीती रात रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। अंतिम संस्कार में शहर के व्यापारी वर्ग से लेकर राजनीति से जुड़े बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

1.72 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट प्रदेश की समृद्धि की ओर सशक्त कदम

छत्तीसगढ़ का कल्याणकारी बजट संकल्प से सिद्धि तक, प्रदेश का होगा विकासः आशा

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने मंगलवार 24 फरवरी को विधानसभा में छत्तीसगढ़ का आम बजट 2026-27 पेश किया, जिसे उन्होंने 'संकल्प से सिद्धि तक' पर आधारित बताया, जो 1.72 लाख करोड़ रुपए का ऐतिहासिक बजट है। इसके पेश होने पर जिले के जनप्रतिनिधियों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक तथा कल्याणकारी बताते हुए बस्तर संभाग के विकास के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ बजट निरूपित किया।

कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांकेर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जो क्षेत्रवासियों की बरसों पुरानी मांग थी। इसके बन जाने से बस्तर के युवाओं को रोजगार बड़े अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि कांकेर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। यह बजट सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो राज्य सरकार की कल्याणकारी मंशा को दर्शाता है।अंतागढ़

विधायक श्री विक्रम देव उसेण्डी ने आम बजट की घोषणा होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों में तेजी आएगी तथा अधोसंरचना गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सिंचाई परियोजना की दिशा में बेहतर एवं समन्वित प्रयास को केन्द्रित कर सुशासन के ध्येय से राज्य सरकार द्वारा आम बजट तैयार किया गया है।

राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने इसे सर्वसमावेशी एवं सर्वग्राही बताया है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में परिवहन, ऊर्जा, संचार, जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य में विशेष ध्यान आम बजट 2026-27 में दिया गया है जो राज्य के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। साथ ही बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास पर विशेष फोकस किया गया है। अबूझमाड़ और जगरगुंडा में ÷एजुकेशन सिटी÷ शिक्षा के क्षेत्र में बस्तर को एक नई पहचान देगी और मछली पालन को प्रमुख आजीविका साधन के रूप में विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए इसे विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देने वाला साबित होगा और इससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रगति की नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आम बजट में समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के मूल मंत्र को प्राथमिकता दी है। यह बजट समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर, महिला, युवा और व्यापारियों की जनाकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक ने आम बजट 2026-27 को विकास का आईना बताया है। उन्होंने कहा कि बस्तर में औद्योगिक विकास की दिशा में कृषि संबंधित उद्योगों की स्थापना के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना से युवाओं को नई दिशा मिलेगी। श्री कौशिक ने बताया कि नगरीय विकास के लिए उक्त बजट में 2150 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है, जिससे निश्चित तौर पर नगरपालिका परिषद कांकेर की सूरत व सीरत में सकारात्मक बदलाव दिखेगा। इस तरह जिले के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ को संवारने के संकल्प वाले इस बजट को कल्याणकारी और सर्वजनों के हित में बताया है।

जिले में समय रहते रोका गया बाल विवाह

एमसीबी/ नवप्रदेश। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में प्रशासन की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोक दिया गया। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में की गई, जिसके तहत जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 फरवरी 2026 को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मनेन्द्रगढ़ को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत दुग्गी एवं ग्राम पंचायत मुकुंदपुर, विकासखंड खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में बाल विवाह कराया जा रहा है। सूचना में बताया गया कि इस विवाह में दो नाबालिग बालिकाएं शामिल हैं, जिनकी आयु लगभग 16 वर्ष 6 माह एवं 17 वर्ष 6 माह है, जबकि एक बालक की आयु लगभग 18 वर्ष 6 माह बताई गई।सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री कोमल सिंह द्वारा तत्काल एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी खड़गवां, सेक्टर सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रतिनिधि, जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस इकाई एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहे।

निराशाजनक और जुमलों का बजटः सुभद्रा

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीमती सुभद्रा सलाम पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर ने कहा कि यह बजट जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है। यह बेहद ही निराशाजनक बजट है। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही जनता को इस बजट से राहत की आशा थी, लेकिन सरकार ने केवल आंकड़ों और घोषणाओं का सहारा लिया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचलों विशेषकर मेरे आमाबेड़ा, अंतागढ़, ताड़ोकी, कोयलीबेड़ा, बांदे, पखांजूर, सहित पूरे अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है। पंचायतों को सशक्त बनाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं को स्थायी रोजगार देने के लिए कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि आधारित रोजगार को लेकर भी बजट में ठोस पहल का अभाव है। महिला स्व-सहायता समूहों, पोषण, मातृ सुरक्षा और छात्राओं की शिक्षा के मुद्दों को भी अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी गई है। अंतागढ़ विधानसभा में स्थानीय सांसद और विधायक है फिर भी कोई नई परियोजना और क्षेत्र के विकास के लिए कोई नया प्रावधान नहीं होना बेहद निराशाजनक है।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

एमसीबी/ नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। प्राकृतिक आपदा राहत योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में तहसील मनेन्द्रगढ़ के दो तथा तहसील केल्हारी के एक प्रकरण सहित कुल तीन पीड़ित परिवारों को 12 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर से जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान दिनांक 01 दिसंबर 2022 के अनुसार प्रदान की गई है, जिसमें इन घटनाओं को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मानते हुए अनुग्रह सहायता का प्रावधान किया गया है।

युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में शहर युवक कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

राष्ट्रीय अध्यक्ष की जबरन गिरफ्तारी लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयासः जीशान

कांकेर/ नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र दुबे के मार्गदर्शन में कांकेर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष जीशान अली के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक एवं दमनात्मक कार्रवाई बताया गया है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जबरन गिरफ्तारी लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी और युवा

कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

इस अवसर पर कांकेर जिला महिला अध्यक्ष गोमती सलाम शहर अध्यक्ष यासीन करणी ,कांकेर मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी,दीपक सोरी, पार्षद मतीन खान, पार्षद,चंद्रलोक सिंह ठाकुर पार्षद बबलू देवांगन,जिला पंचायत सदस्य मिर्दुला भास्कर, पूर्व पार्षद विजय यादव, पूर्व पार्षद सतीश दीपक,उदय प्रकाश शर्मा, अजय भासवानी,लतीफमेमन, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सत्यार्थ करायत,जिला महासचिव विनय सिंह ठाकुर बांटी सोनकर सोमेश सोनी,प्रतीक मेश्राम, यशपाल कागे अभय राय,फैजल खान निर्भय राव झमित कांगे,धनु साहु चंद्रदीप केमरो, फ्लेंद्र साहु अंकित राजपूत अखिलेश टंडन, नितेश नेरटी वासु रजक, ऋतिक सारथी,कमलेश साहु अन्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बस्तर डिवीजन कमेटी के माओवादी कैडर डीवीसीएम मल्लेश और पार्टी सदस्य रानू पोडियाम ने किया सरेंडर

कांकेर/ नवप्रदेश। आत्मसमर्पण/पुनर्वास के अंतर्गत गत दिनों में कांकेर जिला अंतर्गत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया माओविष्ट की उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी के माओवादी कैडर डीवीसीएम मल्लेश तथा पार्टी सदस्य रानू पोडियाम ने कांकेर पुलिस एवं बीएसएफ सुरक्षा बलों से आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास के लिए संपर्क कर उनके समक्ष उपस्थित हुए।डीवीसीएम मल्लेश तथा पार्टी सदस्य रानू पोडियाम द्वारा साझा की गई जानकारी

तथा समाज के वरिष्ठजन एवं मीडिया के साथियों के सहयोग से 25 फरवरी को एक अन्य महिला माओवादी कैडर मासे ,प्र-47 रायफल के साथ आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास हेतु संपर्क कर पुलिस के समक्ष उपस्थित हुई।निखिल राखेचा, पुलिस अधीक्षक, कांकेर ने बताया कि इलाके में सक्रिय अन्य माओवादी कैडरों से संपर्क स्थापित कर उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के लिए प्रयास लगातार जारी है।शासन की ओर से पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, श्री सुन्दरराज पट्टलिंगम ने डीवीसीएम मल्लेश, पार्टी सदस्य रानू पोडियाम तथा मासे के हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने के निर्णय का स्वागत करते हुए बस्तर रेंज में सक्रिय अन्य माओवादी कैडरों से भी हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील एक बार पुनः दोहराई। उन्होंने कहा कि जो कैडर शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आगे आएंगे, उन्हें पुनर्वास नीति के अंतर्गत सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।डीवीसीएम मल्लेश पार्टी सदस्य रानू पोडियाम तथा मासे के सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण तथा हथियारों की औपचारिक सुपुर्दगी इत्यादि कार्रवाई संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात आगामी दिनों में आयोजित की जाएगी।सभी शेष माओवादियों से कांकेर पुलिस का अपील है वे आत्मसमर्पण करने हेतु बिना किसी भय के सीधे नक्सल सेल के नंबर 9479194119 पर संपर्क कर सकते है।

बायोनिक हाथ नई जिंदगी का सह

कांकेर/ नवप्रदेश। संचालनालय समाज कल्याण विभाग रायपुर द्वारा बायोनिक हाथ मापन एवं वितरण शिविर का आयोजन रायपुर में किया गया इस शिविर में कांकेर जिला के चार हितग्राहीयों में राहुल उसेण्डी (अंतागढ़) कु. मुस्कान ठाकुर (नरहरपुर) कु.सुलोचना जुरी (हाराडुला) लेम्सन कुमार पोया (हरनपुरी) को बायोनिक हाथ मापन वितरण किया गया। बायोनिक हाथ उपलब्ध होने से उन्हे दैनिक कार्यो करने में सुविधा प्राप्त होगी तथा आत्म निर्भर जीवन जीने में सहायता मिलेगी।हितग्राहीयों और उनके परिजनो ने इस पहल के लिये जिला प्रशासन कांकेर एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

अंतागढ़ में श्रम विभाग ने किया था आयोजन, श्रमिक सम्मेलन की जानकारी मीडिया को भी नहीं दी गई

जिला स्तरीय सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों को नहीं दिया आमंत्रण

अंतागढ़ / नवप्रदेश। नगर के सामुदायिक भवन नयापारा अंतागढ़ में श्रम विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जहाँ स्थानीय जनप्रतिनिधि ओर मीडिया को आमंत्रण नहीं जब मीडिया के एक साथी कार्यक्रम मे पहुंचे किसी ने पूछ कि मिडिया के साथियो को आमंत्रण मिला कि नहीं तो हमारे साथी ने कहा स्थानीय मिडिया को कार्यक्रम की जानकारी नहीं है तो श्रम विभाग या कोई और के द्वारा आनफानन में एक कार्ड मिडिया के नाम भिजवा दिया जाता है जबकि श्रम विभाग का इतना बड़ा कार्यक्रम और जनप्रतिनिधियों व मीडिया के लोगो का उपेक्षा कहा तक सही है यह सोचनीय है फ्लिहाल ऊपर बैठे उच्च अधिकारी और

नेता संज्ञान मे लेकर कुछ कार्यवाही करते है या फिर जैसे चल रहा चलने दो कि कहावत चरितार्थ लागु होता है आज अंतागढ़ में स्थानीय पत्रकारों की नाराजगी देखने को मिली दरअसल किसी भी शासकीय कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को निमंत्रण ने देकर अनदेखा किया जाता है जिससे नाराज़ मीडिया प्रतिनिधियों ने कांकेर कलेक्टर से मौखिक शिकायत की जिसमे कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया।

बता दे कि अंतागढ़ मे जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था जहाँ 7930 श्रमिकों को लाभवित किया गया उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अवगत कराया गया साथ ही श्रमिकों का सम्मान भी किया। वहीं ग्राम सुरेवाही में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। दोनों कार्यक्रमों में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे ग्राम सुरेवाही में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जिला कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीण विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे, जिनका मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही मंच पर समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

बजट दिशाहीन, गरीबी और बेरोजगारी समस्या का हल नहीं दिखताः यासिन

कांकेर/ नवप्रदेश। प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट पर कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे दिशाहीन बजट निरूपित किया है।

श्री यासिन करानी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य सरकार ने जो बजट कल पेश किया है उसमें प्रदेश की समस्याओं के निदान का कोई कारगर उपाय नजर नहीं आ रहा है। प्रदेश के बहुमत जनजाति समाज जो सबसे अधिक गरीबी के शिकार है उनके आर्थिक उत्थान की कोई भी प्रयास बजट में नहीं दिखता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आदिवासी समुदाय जिनका आय का प्रमुख साधन वनोपज संग्रहण है उन वनोपज की खरीदी में समर्थन मूल्य की वृद्धि न कर और सहकारी समिति से खरीदी की लक्ष्य निर्धारित न कर सरकार ने आदिवासी समाज को व्यापारियों के शोषण के लिए विवश कर दिया है। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कह कि प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों को कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने की दिशा में यह बजट है।यह बजट प्रदेश की गरीब जनता के लिए दुर्गति बनकर सामने आएगी।

प्राचीन ऋषि परंपरा आज के शोध और चिंतन की आधारशिला : कुलपति सारस्वत

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के हिंदी एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय समाज एवं संस्कृति के संरक्षण में संतों का योगदान' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन 25 फरवरी 2026 को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास, विशिष्ट अतिथि पूर्णेंदु तिवारी व आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी. के. सारस्वत ने की।

विद्यार्थियों की एकाग्रता और सहभागिता सराहनीयः सारस्वत

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी. के. सारस्वत ने विद्यार्थियों की एकाग्रता और सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार के भटकाव का सामना कर रही है, ऐसे व्याख्यान नई आशा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन ऋषि परंपरा आज के शोध और चिंतन की आधारशिला है। भारतीय ज्ञान परंपरा में योग, न्याय दर्शन तथा गीता-वेदों का अध्ययन आज भी प्रासंगिक है। आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में विवेकपूर्ण उपयोग तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता है।

संत मार्गदर्शन देते हैं: तिवारी

विशिष्ट अतिथि पूर्णेंदु तिवारी ने महाभारत के प्रसंग में अर्जुन की द्वंद्वात्मक स्थिति और भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भी मानव जीवन में कर्तव्यबोध का प्रश्न उठता है, संत मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने शिवरीनारायण मंदिर के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसे जगन्नाथ जी का मूल स्थान माना जाता है तथा माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है।

ऋषि और कृषि दोनों की आधारशिला गौमाता : रामसुंदर दास

मुख्य वक्ता महंत रामसुंदर दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन परंपरा में ऋषि और कृषि दोनों की आधारशिला गौमाता रही है। उन्होंने 'गोधन' फिल्म का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौसंवर्धन और पंचगव्य की महिमा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार द्वारा इस विषय पर जागरूकता के प्रयासों की सराहना की। व्याख्यान के दौरान संत परंपरा के ऐतिहासिक आयामों पर भी प्रकाश डाला गया। आदि शंकराचार्य द्वारा भारत भ्रमण एवं चार मठों की स्थापना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि संतों ने सदैव सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया है। छत्तीसगढ़ की संत परंपरा में गुरु घासीदास, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे महापुरुषों के योगदान को स्मरण किया गया। संत रामानंदाचार्य की समरसता की भावना 'जाति-पांति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई 'का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उन्होंने सामाजिक समानता का सशक्त संदेश दिया।

संतों का हृदय कोमल व करुणामय : शर्मा

कार्यक्रम की प्रस्तावना वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो. हीरालाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि संतों का हृदय नवनीत के समान कोमल एवं करुणामय होता है। संत केवल मठों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज के बीच उतरकर जनमानस को दिशा प्रदान करते हैं। आभार प्रदर्शन विश्वविद्यालय के कुलसचिव चंद्र भूषण मिश्र ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण व बड़ी संख्या में शोधार्थी उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

फरार आरोपियों की सूचना देने पर मिलेगा इनाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा थाना मस्तूरी एवं थाना चकरभाठा में दर्ज प्रकरणों के फरार आरोपियों की सूचना देने वालों के लिए 5 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गई है। थाना मस्तूरी, जिला बिलासपुर में दर्ज अपराध आर्म्स एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी नागेन्द्र राय पिता स्व. चन्द्रिका प्रसाद राय, उम्र 60 वर्ष, निवासी लालखदान तोरवा एवं टाकेश्वर पाटले पिता ईश्वरी प्रसाद पाटले, उम्र 50 वर्ष, निवासी लिमतरा मस्तूरी की गिरफ्तारी हेतु सूचना देने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रकार थाना चकरभाठा, जिला बिलासपुर में दर्ज अपराध के प्रकरण में नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपहरण कर फरार अज्ञात आरोपी के संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति को भी 5 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा तथा पुरस्कार वितरण के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर 07752-223330, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण बिलासपुर 07752-223193, मो.नं. 94791-93003, पुलिस नियंत्रण कक्ष, बिलासपुर 07752-228504, मो.नं. 94791-93099, थाना प्रभारी मस्तूरी मो.नं. 9479193040 एवं थाना प्रभारी चकरभाठा मो.नं. 9479193041 पर संपर्क किया जा सकता है।

होली व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी होलिका दहन, होली एवं ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 27 फरवरी को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सायं 5.30 बजे आयोजित होगी। इन पर्वों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श के लिए बैठक बुलाई गई है। जिला प्रशासन ने शांति समिति के सदस्यों एवं संबंधित जनप्रतिनिधियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। बैठक में पर्वों के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी, ताकि जिले में सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।

बजट छग के स्वर्णिम भविष्य की मजबूत नींव : शर्मा

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने वर्ष 2026-27 के छत्तीसगढ़ बजट को प्रदेश के विकास का ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संकल्प थीम पर आधारित यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य का स्पष्ट रोडमैप है। मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि लगभग 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का यह बजट, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 10 प्रतिशत अधिक है, प्रदेश को आत्मनिर्भरता, आर्थिक मजबूती और समग्र विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है।

डी.पी. विप्र महाविद्यालय में विकसित भारत संभावनाएं व चुनौतियों पर कार्यक्रम

देश के विकास में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होना आवश्यक: कमिश्नर जैन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 26 फरवरी को डी.पी. विप्र महाविद्यालय (स्वायत्तशासी संस्थान) में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित भारत: संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ समाज, राजनति और व्यापार के संदर्भ में' विषय पर आयोजित किया गया।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि ने बताया कि हमारे देश ने 2047 में विकसित होने का संकल्प रखा है। विकास से तात्पर्य पर्यावरण एवं हमारी सभ्यता, संस्कृति के संरक्षण के साथ मनुष्य के विकास से है। इसके साथ ही हमें अपने सामाजिक परिवेश और आगे आने वाली पीढ़ी को क्या दे सकते हैं को समेकित करके ध्यान देना होगा। तभी हम विकास की भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। देश तभी विकसित हो सकता है। जब यह विकास देश के हर व्यक्ति का हो। अनुराग शुक्ला ने कहा कि संगोष्ठी का विषय बहुत ही समसामायिक है। इस पर विचार-विमर्श से नए-नए तथ्य हमारे सामने आते हैं। इस तरह की संगोष्ठी से निश्चित ही हम सब के चिंतन को जागृत करने में सहायक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील कुमार जैन, भारतीय प्रशासनिक सेवा, संभागायुक्त, बिलासपुर संभाग, अध्यक्षता अनुराग शुक्ला, अध्यक्ष प्रशासन समिति, डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर, डॉ. तारणीश गौतम, कुलसचिव, एयू बिलासपुर, राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य, प्रशासन समिति, डॉ. अंजू शुक्ला, प्राचार्य डी.पी. विप्र महाविद्यालय, उपप्राचार्य डॉ. एम.एस. तम्बोली, डी.पी. विप्र महाविद्यालय उपस्थित थे।

डिजिटल साक्षरता और जागरूकता की आवश्यकता पर बल

तकनीकी सत्र में डॉ. नितिन तुलशीराम कत्रोजवार ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता और आधुनिक तकनीक का संतुलन एवं नैतिक उपयोग ही वास्तविक विकास का आधार बन सकता है। ऑनलाईन ठगी जैसे उदाहरणें को उल्लेख करते हुए उन्होंने डिजिटल साक्षरता और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। ऑनलाईन प्रणाली के अनेक लाभ हैं सुगमता, तीव्रता और पारदर्शिता परंतु इसके दुरूपयोग से हानि भी संभव है। यदि युवा अपनी ऊर्जा कौशल और नवाचार को साकारात्मक दिशा में उपयोग करें, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कोई रोक नहीं सकता। डॉ. शैलेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि सबसे पहले हमें यह तय करना होगा कि हम विकासशील से विकसित होने में हमें कितना कार्य करना पड़ेगा।

भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश: अंजू

प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने कहा कि विकसित से तात्पर्य समाज की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राजनैतिक आदि के समस्त आयामों के तार्किक विकास से है। इस संदर्भ में उन्होंने अपनी बात कही। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. एम.एस. तम्बोली ने इसका उद्देश्य बताते हुए कहा कि भारत विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला देश है, जो तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। विकसित भारत का अर्थ केवल और सशक्त व्यापारिक ढॉचा है। इन सभी पहलुओं को समझना अत्यंत आवश्यक है।

भारत सभ्यता और भाषा वाला क्षेत्र : अग्रवाल

राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि जब हम इतने महत्वपूर्ण व संवेदनशील विषय पर दृष्टिकोण डालते हैं कि भारत विश्व पर किस स्थान पर है तो हम पाते हैं कि भारत में विविध संस्कृति, सभ्यता और भाषा वाला क्षेत्र है। लेकिन इतनी विविधताओं के बावजूद भी इनके मूल में एक ही भाव है जो आज के संदर्भ में पुनर्जागरण का है कि हम क्या है, कैसे है और आगे क्या कर सकते हैं। इन्हीं सब विषयों पर लेकर उन्होंने अपनी बात रखी है।

लक्ष्य बना लिया तो आगे बढ़ें : डॉ. गौतम

समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ताणनीश गौतम ने कहा कि यदि हमने लक्ष्य बना लिया है तो हमें आगे बढ़ना चाहिए। भारत हमेशा से सिरमौर रहा है और हम यदि अपने लक्ष्य को केंद्र में रखकर विकासशील से विकसित हो जायें तो हम विश्वगुरू थे और आगे भी रहेंगे। यदि विकसीत भारत की परिकल्पना करना है तो समाज में हो रहे विखंडन वाद पर चिंतन करना आवश्यक है।

ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत

बिलासपुर-कोरबा नेशनल हाईवे पर हादसा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर- कोरबा नेशनल हाईवे में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे मोपेड सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, पत्नी की मौत हो गई। पति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। ग्राम सलखा (बेलतरा) निवासी रामायण कश्यप 55 वर्ष गुरुवार को अपनी पत्नी गीता कश्यप को लेकर अपने मोपेड बाइक क्र.सीजी 12 बीयू 9771 में बेलतरा जाने के लिए निकला था। अभी मोपेड सवार पति-पत्नी थे सर्विस रोड से नेशनल हाईवे 130 पर पहुंचे थे। उसी समय बिलासपुर की ओर से कोरबा तरफ जा रही ट्रेलर क्र. सीजी 12 एयू 2454 ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे के दौरान रामायण कश्यप मोपेड से गिर कर सड़क से दूर जा गिरा जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, पीछे बैठी पत्नी गीता कश्यप ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पति की हालत गंभीर

इस घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने घटना की जानकारी संजीवनी 108 और डायल 112 को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रामायण को रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने महिला की शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। वहीं फरार ट्रेलर चालक की पता तलाश में जुट गई है।

शहर में अत्याधुनिक मीटर टेस्टिंग लैब शुरु

■ उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधाओं में वृद्धि करते हुये बिलासपुर में मीटर टेस्टिंग लैब की शुरूआत कर दी गई है। अब उपभोक्ताओं को मीटर संबंधी समस्याओं तथा बिलिंग में होने वाली गलतियों का सामना नही करना पड़ेगा। क्षेत्र में लंबे समय से इस लैब की मांग की जा रही थी, जिसे पॉवर कंपनी द्वारा तिफरा स्थित कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है जिसका आज विधिवत् रूप से प्रारंभ कर दिया गया है।

वर्तमान में क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा गलत बिलिंग तथा मीटर खराब होने संबंधी समस्याओं से विभाग को अवगत कराने पर मीटर, जांच हेतु छत्तीसगढ में स्थापित एकमात्र मीटर टेस्टिंग लैब भिलाई को भेजा जाता था जिससे अत्याधिक समय लगता था, परंतु अब इस लैब के प्रारंभ होने से पूरी जांच यही पर की सकेगी जिसके कारण उपभोक्ताओं तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। चूंकि पूर्व में जांच प्रक्रिया के कारण अधिक समय लगने के पर उपभोक्ताओं में असंतोश तथा वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। अब इस लैब के प्रारंभ होने से बिलासपुर रीजन के मुंगेली, कोरबा, जीपीएम व बिलासपुर एवं रायगढ रीजन के जांजगीर, रायगढ, सक्ती तथा अम्बिकापुर क्षेत्र के सरगुजा, कोरिया, सुरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर एवं जशपुर जिले के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। अब उपभोक्ता स्वयं उपस्थित होकर मीटर की जांच करा सकता है।

84 प्रकार की टेम्परिंग की होगी जांच: अम्बस्ट

कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्ट ने बताया कि बिलासपुर में लगभग 2 करोड की लागत से स्थापित सी.टी.एल. (सेन्ट्रल टेस्टिंग लैब) में पुराने एवं नये स्मार्ट मीटर की जांच की जाएगी। साथ ही इस लैब में आटोमेटिक टेम्पर मशीन के माध्यम से 84 प्रकार की टेम्परिंग को भी जांचा जाएगा। लैब के प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सही रीडिंग, सही बिलिंग तथा कम समय में अधिक पारदर्शिता के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता डी.के. भोजक, अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, पी.आर.साहू, आर.के. झा, वी.के. तिवारी एवं कार्यपालन अभियंता एस.टी.एम. सैय्यद मुख्तार तथा बडी संख्या में विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अगले 3 दिन बारिश की संभावना

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड की विदाई के बीच अब मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) के प्रभाव से प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। फरवरी के महीने में हो रही यह बेमौसम बारिश फसलों, खासकर दलहन और तिलहन के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। वहीं, तापमान में उतार-चढ़ाव से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बस्तर संभाग में बादलों का असर सबसे ज्यादा दिखने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने सिस्टम के कारण समुद्र से नमी वाली हवाएं छत्तीसगढ़ पहुंच रही हैं। एक नमी की पट्टी तमिलनाडु से लेकर महाराष्ट्र तक फैली हुई है, जो समुद्र की नमी को अंदरूनी इलाकों तक धकेल रही है। ऊपरी वायुमंडल में ठंडी हवाओं की हलचल और नीचे से आ रही नमी के मिलन से वातावरण अस्थिर हो गया है, जिससे बादल बन रहे हैं।

टिकट चेकिंग अभियान: 372 मामलों में 2.19 लाख का वसूला जुर्माना

बिलासपुर/नवप्रदेश। टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा एवं बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की रोकथाम तथा स्टेशनों में यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में बिलासपुर स्टेशन में 25 फरवरी को औचक टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक, टीटीई स्टाफ भी शामिल थे। इस दौरान बिलासपुर स्टेशन एवं बिलासपुर-चांपा के मध्य विभिन्न 17 गाड़ियों में औचक टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 372 मामलों से 2 लाख 19 हजार 830 रुपये बतौर जुर्माना वसूले गए, जिसमें बिना टिकट के 303 मामले से 1,90,625 रुपए, अनियमित टिकट के 59 मामले से 28,205 रुपए तथा बिना बुक किए गए लगेज के 10 मामले से 1,000 रुपए शामिल है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा के लिए उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा स्टेशन परिसर में प्रवेश से पूर्व प्लेटफार्म टिकट अवश्य खरीदें। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुटओवर ब्रिज का ही उपयोग करें। रेलगाड़ी राष्ट्रीय संपत्ति है, इसे स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करें।

आयोजन: ब्रजरास रंगोत्सव की झलक, कैंसर मरीजों के सहयोग का संकल्प, रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस का आयोजन

'ब्रजरास रंगोत्सव' का आयोजन 28 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में सामाजिक सरोकार और सांस्कृतिक परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस द्वारा 'ब्रजरास रंगोत्सव' का भव्य आयोजन 28 फरवरी को गोविंदम पैलेस में किया जा रहा है। पिनाकी-धा फिटनेस मंत्र के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम विशेष रूप से कैंसर सर्वाइवर मरीजों के सहयोग के उद्देश्य से एक फंडरेजिंग पहल है। 'ब्रजरास रंगोत्सव' के माध्यम से रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस न केवल ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को बिलासपुर में जीवंत करने जा रहा है, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश भी दे रहा है। यह आयोजन शहरवासियों के लिए उत्सव के साथ-साथ एक मानवीय पहल में सहभागिता का अवसर भी साबित होगा। आयोजन को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में क्लब की प्रेसिडेंट सीमा ठाकुर ने बताया कि 'ब्रजरास रंगोत्सव' केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि एक संवेदनशील सामाजिक अभियान है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ चुके लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें यह एहसास दिलाना कि समाज उनके साथ खड़ा है, यही इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है।

रोटरी क्वींस क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण में सक्रिय: मनीषा

प्रेस वार्ता में इवेंट चेयरपर्सन मनीषा जायसवाल ने बताया कि रोटरी क्वींस क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय है। 'ब्रजरास रंगोत्सव' इसी सामाजिक प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो मनोरंजन के साथ सेवा का संदेश देता है। आयोजन में बरसाने की पारंपरिक होली, फूलों की होली, ब्रज के लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ब्रज संस्कृति का जीवंत अनुभव कराया जाएगा। रायपुर से आमंत्रित सेलिब्रिटी कलाकार कार्यक्रम को और आकर्षक बनाएंगे। यह आयोजन एक पारिवारिक मिलन के रूप में होगा, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता अपेक्षित है। इस अवसर पर क्लब की वॉइस प्रेसिडेंट रचना जैन सिंह एवं चंचल सलूजा भी मौजूद रहें। सभी पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन में शामिल होकर कैंसर सर्वाइवर्स के समर्थन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

विधायक अटल ने मजदूरी भुगतान में लाखों के भ्रष्टाचार का विस में उठाया प्रश्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उत्तर में स्वीकार्य किया मस्टर रोल में गलत तरीके से हाजिर दर्ज कर भुगतान होना जांच में पाया गया, तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक से राशि वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा सत्र में कोटा विधानसभा के ग्रामों में आवास योजना के मजदूरी भुगतान में हो रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। विधायक ने आवास योजना के मजदूरी भुगतान में हो रहे भ्रष्टाचार और कार्यवाही की जानकारी मांगी। प्रश्न के जवाब में उत्तर दिए गए की ग्राम कुंवारीमुड़ा गांव में 2151 दिनों की मजदूरी जिसकी 5.17 लाख रुपए अन्य व्यक्तियों के गलत नाम से मस्टर रोल में हाजरी दर्ज कर गबन किया गया है और ग्राम सेमरा में प्राप्त शिकायत की जांच चल रही है। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारियों के सह में गरीब ग्रामीणों के आवास मजदूरी में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। और जहां जहां आवास बन रहा है वहां के कर्मचारियों द्वारा एक चौनल बना कर गरीब ग्रामीणों के मजदूरी को गबन कर लाखों का भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

सुविचार

कभी उन्हें नजरअंदाज न करें जो आपकी बहुत चिंता करता हो। वरना एक दिन पछतावा होगा कि आपने पत्थर इकट्ठे करते हुए बेशकीमती हीरा खो दिया

द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय इजराइल दौरे से इन दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम मिला है। नौ साल पहले जब पीएम मोदी इजराइल गये थे तो दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते हुए थे। रक्षा क्षेत्र में दोनों के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत हुई। इजराइल ऐसा तीसरा सबसे बड़ा देश है जिससे भारत हथियार लेता है। इसका अलावा विज्ञान अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और नवाचार में भी भारत और इजराइल के बीच भागीदारी बढ़ी है। इजराइल भारत का सबसे विश्वसनीय सहयोगी रहा है। वहां के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संबंध भी मधुर हैं। इस बार पीएम मोदी का इजराइल में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। उनके स्वागत के लिए प्रोटोकॉल तोड़कर प्रधानमंत्री नेतन्याहू खुद सपत्नीक एयरपोर्ट पहुंचे थे। जहां दोनों गर्मजोशी से गले मिले। बैंजामिन नेतन्याहू की धर्मपत्नी सारा नेतन्याहू ने भगवा ड्रेस पहन रखी थी और नरेंद्र मोदी भगवा रुमाल रखे हुए थे। इसे लेकर हास परिहास हुआ और दोनों नेताओं ने ठहाके लगाए। यह दृष्य देखकर अमेरिका और पाकिस्तान ही नहीं बल्कि भारत का विपक्ष भी हतप्रभ रह गया होगा। बाद में पीएम मोदी ने इजराइल की संसद को भी संबोधित किया और ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। इजराइल की संसद मोदी...मोदी... के नारों से गूंज उठी। कई बार सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। जिस भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके ही देश की लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष ने षड़यंत्र रचकर बोलने नहीं दिया था उनको सुनने के लिए इजराइल के सांसद आतुर थे। यही नहीं बल्कि पीएम मोदी को इजराइल का सर्वोच्च सम्मान भी प्रदान किया गया। बैंजामिन नेतन्याहू ने अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी को अपना दोस्त ही नहीं भाई बताते हुए उन्हें वर्ल्ड लीडर बताया। इजराइल की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने मिडिल इस्ट में शांति कायम करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। गाजा और हमास का जिक्र करते हुए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफएकजुट होने की जरूरत पर भी बल दिया। इजराइल की धरती से पीएम मोदी ने आतंक का पर्याय बन चुके पड़ौसी देश पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश दिया और स्पष्ट किया कि भारत पूरी ताकत के साथ आतंकवाद का खात्मा करने के लिए कटिबद्ध है। गौरतलब है कि भारतीय पीएम मोदी का ऐसे समय में इजराइल दौरा हुआ है जब अमेरिका लगातार ईरान पर हमले की धमकी दे रहा है और इसके लिए इजराइल को भी उकसा रहा है। पूर्व में इजराइल और ईरान के बीच जंग हो चुकी है। उस दौरान भी भारत ने तटस्थ रुख अख्तियार किया था क्योंकि भारत के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं। कभी भी पीएम मोदी यह चाहते हैं कि ईरान के साथ इजराइल के जंग की नौबत टाली जाए क्योंकि यह युद्ध किसी के हित में नहीं है। पहले ही कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और ऐसे में ईरान युद्ध की आग में झुलेगा तो कच्चे तेल की किल्लत बढ़ेगी और इसका खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। उम्मीद है कि इजराइल प्रवास के दौरान पीएम मोदी बैंजामिन नेतन्याहू को इस जंग के खतरे से आगाह जरूर करेंगे। यदि उनके प्रयास से संभावित जंग टल जाती है तो यह दुनिया के हित में होगा और भारत की एक बड़ी उपलब्धि माना जाएगा। बहरहाल पीएम मोदी के इजराइल दौरे से दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे और आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

सद्गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ जब भगवान द्वार पर खड़े हो तो वचन नहीं देखते, भगवान को देखते हैं। जब गुरु द्वार पर खड़े हो तो वचन नहीं देखते, अपने गुरु की तरफदेखते हैं कि गुरु क्या कहते हैं?

◆ कमाए हुए धन का प्रयोग धर्म के लिए, संस्कृति के लिए, सनातन के लिए होना चाहिए।

◆ वो सारे वचन तोड़ दो जिन्हें तोड़ने से कृष्ण से प्रीत हो जाए, गुरु से प्रीत हो जाए। उसके लिए किसी वचन को निभाने की जरूरत नहीं। सारे वचन ही इसलिए है कि भगवान से हमारा प्यार बढ़ जाए, गुरु से हमारा प्यार बढ़ जाए।

◆ गुरु के वचन भले ही आज तुम्हारे बहुत काम के न हो पर स्मति में रहेगें तो पल-पल काम आयेंगे, हर पल काम आयेंगे, हर पल मुस्कुराने का कारण बन जाएगा। यह बात याद आ जाएगी- अरे सद्गुरु जी ने कहा था कि कभी उदास रहे तब भी मुस्कुराना चाहिए।

◆ यदि आप नीति, धर्म और कर्म का सफलता पूर्वक पालन करेंगे तो विश्व की कोई भी शक्ति आपको पराजित नहीं कर सकती।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1932 - ब्रिटिश भौतिकशास्त्री जेम्स चैडविक ने न्यूट्रॉन की खोज की। अणु में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन मिलकर अणु का केंद्रक बनाते हैं। इलेक्ट्रॉन इस केंद्रक के चारों तरफ चक्कर लगाते हैं। इस खोज के बाद अणु के केंद्रक को अलग करना संभव हुआ, जिससे परमाणु बम बनाने की राह प्रशस्त हुई। 2001 - गोधरा, गुजरात में अयोध्या से वपास आ रहे कारसेवकों के डिब्बे में मुसलमानों के आग लगाए जाने से 59 हिन्दू कारसेवकों की मौत। अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान द्वारा सभी देव प्रतिमाओं को नष्ट करने का आदेश। 2005 - मारिया शारापोवा ने 'कतर ओपन' खिताब जीता। 2007 - लान्साना कोयटे गुयाना के नये प्रधानमंत्री बने। 2008 - *लगातार सातवें साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 25 महिलाओं को 'जी. आर-8 सम्मान' से नवाजा गया। पाकिस्तान की सरकार ने आसिफ़ अली जरदारी के खिलाफ़ लगाये गए भ्रष्टाचार के सभी आरोप वापस लिए। 2009 - भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी लोकसभा सीट का उत्तराधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल जी टंडन को सौंपा।

विकास की सड़क पर बढ़ता दुर्घटनाओं का अंधेरा

अशोक कुमार साहू

भारत में एक ओर सड़क अवसंरचना का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है, तो दूसरी ओर सड़क हादसों की भयावह तस्वीर हमारे विकास मॉडल पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है। एक्सप्रेसवे, नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे की लंबाई बढ़ी है, लेकिन इन सड़कों पर हर दिन दर्जनों जिंदगियां खत्म हो रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में हर वर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और करीब 1.8 लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं। यह संख्या किसी युद्ध या महामारी से कम नहीं है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में स्वीकार किया हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें किसी भी राष्ट्रीय संकट से कम नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि दुर्घटना के बाद घायलों को गोल्डन ऑवर्स में उचित इलाज मिल जाए तो करीब 50 हजार जिंदगियां हर साल बचाई जा सकती हैं।

यह बयान न केवल व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि समस्या केवल दुर्घटना की नहीं, बल्कि आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की भी है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि सड़क हादसों में मरने वालों में 66 प्रतिशत युवा होते हैं, जिनकी उम्र 18 से 34 वर्ष के बीच है। यानी देश की उत्पादक और ऊर्जावान आबादी का बड़ा हिस्सा हर साल असमय काल के गाल में समा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार 5 से 29 वर्ष आयु वर्ग के लिए सड़क दुर्घटनाएं मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हैं। दुनिया भर में होने वाली सड़क मौतों का 92 प्रतिशत हिस्सा कम और मध्यम आय वाले देशों में है। भारत भी इसी श्रेणी में आता है, जहां वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है लेकिन सुरक्षा संस्कृति उतनी विकसित नहीं हो पाई। भारत का सड़क नेटवर्क लगभग 66.71 लाख किलोमीटर लंबा है, जो दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा है। यात्री और माल परिवहन का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा सड़कों के माध्यम से होता है। ऐसे में सड़क सुरक्षा केवल परिवहन का मुद्दा नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और मानवीय प्रश्न बन चुका है।

राज्यों की स्थिति भी कम भयावह नहीं है। आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025 में 27,205 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.8 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि राज्य के उस लक्ष्य को झटका देती है, जिसमें 2030 तक सड़क मौतों को आधा करने की बात कही गई थी। राज्य के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने भी माना कि यह चिंता का विषय है और बहु-विषयक दृष्टिकोण से काम करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो सड़क दुर्घटनाओं में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्य शीर्ष पर हैं। तेज रफ्तार, लापरवाही और नियमों की अनदेखी प्रमुख कारण हैं। बिहार और पश्चिम बंगाल में पैदल यात्रियों की मौतें अधिक होती हैं, जबकि गोवा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में दोपहिया वाहन चालकों की मौतें ज्यादा दर्ज की गई हैं। छत्तीसगढ़ जैसे अपेक्षाकृत कम आबादी वाले राज्य में भी स्थिति गंभीर है। वर्ष 2023 से 15 नवंबर 2025 तक

41,829 दुर्घटनाओं में 19,066 लोगों की मौत हुई।राज्य के परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने दो दिन पूर्व विधानसभा में बताया कि केवल पिछले वर्ष ही 6,898 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। केन्द्र सरकार ने रायपुर जिले को 'जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट' योजना में शामिल किया है, जिसका उद्देश्य मृत्यु दर को शून्य तक लाना है। साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत दुर्घटना के बाद सात दिनों तक के इलाज का डेढ़ लाख रुपये तक खर्च सरकार वहन कर रही है। यह पहल स्वागतयोग्य है, परंतु सवाल यह है कि क्या रोकथाम के उपाय उतनी ही गंभीरता से लागू हो रहे हैं?

राज्य सरकारे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किस तरह काम करती है उसका अंदाजा सत्तारूढ़ भाजपा के वरिष्ठ सदस्य अजय चन्द्राकर के आरोपों से लगाया जा सकता है।उन्होने कहा कि विधानसभा में नियम 139 के तहत अतिविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा में पिछले वर्ष सरकार में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जो आश्वासन दिए थे वह पूरे नही हुए।उन्होने कहा कि सभी चिन्हित ब्लैक स्पाट अभी तक खत्म करने के लिए कदम नही हुए उठाए गए।श्री चन्द्राकर ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रणनीति केवल कागजी है।लोगो के जीवन से बढ़कर भी क्या कोई चीज अहम हो सकती है। भूतल परिवहन मंत्रालय के अध्ययन के अनुसार 61.4 प्रतिशत मौतें तेज रफ्तार के कारण होती हैं। खतरनाक ओवरटेकिंग और लापरवाही से 23.7 प्रतिशत मौतें होती हैं। नशे में वाहन चलाने, खराब मौसम और जानवरों के अचानक सड़क पार करने जैसे कारण भी दुर्घटनाओं को बढ़ाते हैं। स्पष्ट है कि समस्या केवल सड़क निर्माण की नहीं, बल्कि मानव व्यवहार की भी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा विशेष दूत ज्याँ टॉड ने हाल ही में भारत में वैश्विक जागरूकता अभियान का भारतीय संस्करण शुरू करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को ÷मौन महामारी÷ बताया। उन्होंने कहा कि 2030 तक सड़क मौतों और चोटों को आधा करने का लक्ष्य तभी संभव है जब सरकारें, संस्थाएं और नागरिक मिलकर काम करें। भारत सरकार ने भी 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी का लक्ष्य रखा है। नितिन गडकरी का मानना है कि कई हादसे गलत सड़क डिजाइन, कमजोर निर्माण और त्रुटिपूर्ण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (छक्क्र) के कारण होते हैं। उन्होंने स्पेन, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड जैसे देशों के अनुभवों से सीख लेने की बात कही है। यह सही है कि बेहतर इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक डिजाइन और उच्च गुणवत्ता वाले निर्माण से दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। लेकिन केवल इंजीनियरिंग सुधार पर्याप्त नहीं होंगे। सड़क सुरक्षा के चार स्तंभ–इंजीनियरिंग, प्रवर्तन, शिक्षा और आपातकालीन चिकित्सा समान रूप से मजबूत होने चाहिए। हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग पर कठोर दंड, शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है।साथ ही, स्कूल स्तर से सड़क सुरक्षा शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। जब तक ट्रैफिक नियमों का पालन सामाजिक संस्कृति का हिस्सा नहीं बनेगा, तब तक कानून का डर स्थायी समाधान नहीं दे पाएगा। सड़क दुर्घटनाओं के कारण भारत को त्र्छक्क का लगभग 3 प्रतिशत तक नुकसान होता है।

आतंकवाद की जड़ पर 'प्रहार'

महेन्द्र तिवारी

आतंकवाद-विरोधी नीति का अनावरण भारतीय सुरक्षा इतिहास की एक ऐसी घटना है, जिसने देश की रक्षात्मक रणनीति को एक नए और आक्रामक धरातल पर खड़ा कर दिया है। प्रहार, यह नीति केवल एक आधिकारिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सामूहिक इच्छाशक्ति और 'जीरो टॉलरेंस' के सिद्धांत की एक वैधानिक उद्घोषणा है। पिछले कई दशकों से भारत ने सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद का दंश झेला है, लेकिन 'प्रहार' पहली बार एक ऐसी एकीकृत और व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत करती है जो न केवल वर्तमान खतरों से लड़ती है, बल्कि भविष्य की उन चुनौतियों का भी आकलन करती है जो अभी तक क्षितिज पर उभर ही रही हैं।

इस नीति का सबसे प्रमुख पहलू इसकी समग्रता है, जो जल, थल और नभ तीनों ही मोर्चों पर सुरक्षा की एक अभेद्य दीवार खड़ी करने का लक्ष्य रखती है। आधुनिक युग में आतंकवाद का चेहरा पूरी तरह बदल चुका है; यह अब केवल बंदूकों और विस्फोटकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ड्रोन तकनीक, साइबर हमले, और परिष्कृत एन्क्रिप्शन का समावेश हो चुका है। 'प्रहार' नीति इन बदलती वास्तविकताओं को पहचानती है और स्वीकार करती है कि आज का आतंकवादी साइबर स्पेस में बैठकर देश के बुनियादी ढांचे पर प्रहार कर सकता है।

भारत की भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति इसे आतंकवाद के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील बनाती है। 'प्रहार' दस्तावेज में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि देश को सीमा पार से संचालित होने वाले उन राज्य-प्रायोजित समूहों से निरंतर खतरा है जो पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता पैदा करने के लिए ड्रोन जैसी नई तकनीकों का सहारा ले रहे हैं। ये ड्रोन न केवल हथियारों की तस्करी कर रहे हैं, बल्कि नशीले पदार्थों के माध्यम से भारत की युवा पीढ़ी को खोखला करने का एक नया माध्यम बन गए हैं। इसके साथ ही, अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ़इराक एंड सीरिया जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों की भारत में पैठ जमाने की कोशिशों को भी इस नीति में गंभीरता से लिया गया है। ये संगठन अब प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय 'लोन वुल्फ' हमलों और छोटे-छोटे स्लीपर सेल्स के माध्यम से हिंसा फैलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इनके द्वारा सोशल मीडिया, डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग प्रोपेगैंडा फैलाने, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए किया जा रहा है, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक अभूतपूर्व चुनौती है।

'प्रहार' नीति की रोकथाम रणनीति का हृदय इंटेलिजेंस ब्यूरो के तहत संचालित होने वाला 'मल्टी-एजेंसी सेंटर' और 'जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस' है।

सरकार ने इन मंचों को रीयल-टाइम इंटेलिजेंस साझा करने के लिए एक अनिवार्य नोडल प्लेटफॉर्म बना दिया है, जिससे विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच सूचनाओं की दीवारें गिर गई हैं। अब जानकारी का प्रवाह इतना तेज और सटीक है कि संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देने से पहले ही उन्हें निष्क्रिय किया जा सकता है। आतंकवाद की आर्थिक रीढ़ पर प्रहार करने के लिए इस नीति में क्रिप्टो-वॉलेट और हवाला नेटवर्क के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधान किए गए हैं। नीति मानती है कि यदि आतंकी फंडिंग के स्रोतों को सुखा दिया जाए, तो उनके ऑपरेशंस अपने आप ठप पड़ जाएंगे। इसके अलावा, देश के महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे पावर ग्रिड, रेलवे, एविएशन, और न्यूक्लियर इंस्टॉलेशन की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। सीमा सुरक्षा को केवल बाड़ लगाने तक सीमित न रखकर उसे सेंसर आधारित 'स्मार्ट फेंसिंग' और सैटेलाइट निगरानी से सुसज्जित किया जा रहा है ताकि घुसपैठ की हर कोशिश को विफल किया जा सके। प्रतिक्रिया तंत्र के मामले में 'प्रहार' नीति एक स्पष्ट श्रेणीबद्ध ढांचा प्रदान करती है। इसमें स्थानीय पुलिस की भूमिका को 'प्रथम उत्तरदाता' के रूप में अत्यधिक महत्व दिया गया है। नीति का मानना है कि हमले के शुरुआती मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए स्थानीय पुलिस को इतना सशक्त और प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि वे विशिष्ट बलों के आने तक स्थिति को नियंत्रित कर सकें। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को गृह मंत्रालय के अधीन नोडल काउंटर-टेररिज्म फोर्स के रूप में और अधिक शक्तियां दी गई हैं, ताकि वह न केवल ऑपरेशंस का नेतृत्व करे, बल्कि राज्यों की आतंकवाद-विरोधी इकाइयों को भी वैश्विक स्तर का प्रशिक्षण और उपकरण प्रदान करे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच के क्षेत्र में व्यापक स्वायत्तता दी गई है ताकि आतंकी मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा हो सके। यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि 'प्रहार' नीति सुरक्षा और मानवाधिकारों के बीच एक सूक्ष्म संतुलन बनाए रखने पर भी जोर देती है। गैरकानूनी गतिविधियां जैसे कठोर कानूनों का उपयोग करते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि न्याय प्रक्रिया पारदर्शी हो और किसी निर्दोष को प्रताड़ित न किया जाए। क्षमता निर्माण 'प्रहार' का वह स्तंभ है जो इसे भविष्योन्मुखी बनाता है। सुरक्षा बलों को केवल आधुनिक हथियार देना ही पर्याप्त नहीं है; उन्हें उन नई विधाओं में भी पारंगत किया जा रहा है जो भविष्य के युद्धों का हिस्सा होंगी। इसमें रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु और उन्नत विस्फोटक जैसे खतरों से निपटने के लिए विशेष ड्रिल और तकनीक का प्रशिक्षण शामिल है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पलकों पर बादल ही बादल शब्द शब्द पीड़ा से घायल सब कहते हैं रुंधे कंठ से कोई प्रेम गीत मैं गाऊं। दूर तलक हैं घने अंधेरे पंखों में भी, ज़ख्म घनेरे इन चोटिल चोटिल पंखों से कैसे पार तीर तक जाऊं पलकों पर.. लगते नीरस नीरस बंजर दर्द भरे होते हैं पतझर भीगी भीगी सी साँसों पर कैसे प्रेमिल छंद सजाऊं पलकों पर... प्रीति कल्पने भाव जगाओ मेरे साथ जरा सा गाओ तो गम के इन अंधियारों पर गीत चांदनी के बिखराऊं पलकों पर **–अजय कुमार सिंह भदौरिया**

'क्यूँ दुश्मनी की बेड़ियाँ रक्खे हो पाँव में नफ़रत को छोड़ , आओ मुहब्बत के गाँव में नफ़रत की गर्मियों से जलाते हो रूह को आराम कर लो दोस्ती की ठंडी छाँव में आँखों में अश्क , दर्दे-जिगर दे रहे हो क्यूँ पैदा ख़लल हो करते , तबस्सुम के ठाँव में घोलो मिठास कान में उर्दू ज़बान बन रक्खा नहीं है कुछ भी कभी काँव-काँव में बनते सफ़ेद-पोश हो , चेहरे पे चेहरा है चलते हो चाल उल्टी सियासी ही नाँव में तीतली के रंग रोज़ चुराते चमन - चमन तुम रंगरेलियाँ मनाते शहर - गाँव में लोगों को ये पता है के आशिक़ मिज़ाज हो कुछ राज़ तो छुपा है , तुम्हारे ही म्याँव में 'ऐनुल' क़लम से कीजिए यूँ बेनक़ाब अब घुँघरू विदेश जा के ये बाँधा है पाँव में। **- 'ऐनुल' बरौलवी**

नवनीत कली जब द्वार खिली, तब ही मन की बगिया महकी। परिणीति सुवासित प्रीत वहाँ लहराय रहे लहकी लहकी। तब ही लगता मधुमास लगा,लगती अब कोयल भी चहकी। फिर फूल उठी सरसों घर में, मदहोश समीर चले बहकी।। **- रजनी रामदेव**

पल पल कितना भटकाता है ये जीवन संघर्षों के नाम किया है ये जीवन मन की सुनकर कैसे मर्यादा खो दूँ सपनों का शमशान बना है ये जीवन आँसू अटके रहते हैं इन कोरों पर सहरा में मीलों भटका है ये जीवन दोष किसी को कैसे दूँ, खुद दोषी हूँ शेष बचा जो, सिर्फ़सज़ा है ये जीवन पूर्व जनम में पाप किये होंगे 'ममता' अब तक उनको काट रहा है ये जीवन।

- ममता लड़ीवाल

भर जई सगलौ घाव फ्लाने होली है ! चला चली अब गांव फ्लाने होली है !! गोझिया पपड़ी सालन तीलन झोरब सब, भले बढ़ा है भाव फ्लाने होली है !! रंग महौरा पकड़ पकड़ सगले भौजिन के, कहब जोर से नाव फ्लाने होली है !! लेइत नही कभौ पै ओहदिन, लइलेब एक एक पाव फ्लाने होली है !! पाहिले जइसे कहाँ फुरिन अब मनई रहिगे, है बहुतय बदलाव फ्लाने होली है !! **- कवि आशीष तिवारी जुगनू**

यूँ भी कभी - कोई सांवली सी रात हो मेरे हाथ में तेरा हाथ हो न हो फासले कोई दरमियाँ बस बोलते एहसास हो । हो शबनमी खामोशियाँ और महकती- सी सांस हो आंखों से करें बात हमकुछ लरज़ते जज़्बात हो । सलवटें कोई अरमानों की सँवरते हर ख्वाब हो मिट जाए सारे फासले ऐसी तो आज कोई बात हो ।।

- सत्या शर्मा कीर्ति

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही। कार्य व्यवसाय में तेजी मंदी लगी रहने के कारण बनी बनाई योजना लटकी रह जायेगी।

वृष: आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी संयम की कमी के चलते विपरीत फल मिलेंगे।

मिथुन: आज मानसिक चंचलता के कारण अच्छे बुरे का विवेक कम रहेगा। बिना सोचे बोलना आज भारी पड़ सकता है आपके लिये जो बातें मनोरंजन मात्र रहेंगी।

कर्क: आज दिन प्रतिकूल बना हुआ है सोच समझ कर ही अथवा किसी के परामर्श के बाद ही कोई काम करें महिलाए आज अपनी अनदेखी होने पर गुस्से से भरी रहेंगी सेहत भी विपरीत रहने के कारण चड़चिड़ा स्वभाव बनेगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा लेकिन आकस्मिक खर्च अनियंत्रित रहने पर थोड़ी परेशानी भी होगी। दिन के आरंभ में परिजनो से व्यर्थ की बातों पर नोकझोंक होगी।

कन्या: आज का दिन आपको पैतृक सुख के साथ मनोरंजन के अवसर भी सुलभ कराएगा। दिन के प्रारंभ में आलस्य रहेगा छोटे मोटे दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे।

तुला: आज भी शुभ प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा धर्म के प्रति आस्था तो रहेगी लेकिन एकाग्रता की कमी के कारण दैनिक पूजा पाठ भी व्यवहारिकता मात्र रहेंगे।

वृश्चिक: आज मानसिक उलझने दिन भर परेशान रखेंगी। कोई नापसंद कार्य मजबूरी में करना पड़ेगा आस पास का वातावरण अशान्त रहेगा आपके स्वभाव में भी रूखापन रहने के कारण स्नेहीजन दूरी बनाकर रहेंगे।

धनु: आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी चीज की कामना करेंगे उसे लड़कर अथवा जिद से पूरा कर लेंगे भले ही इससे किसी का मन खराब ही क्यों ना हो।

मकर: आज सेहत में सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन दिनचार्य आज भी अस्त व्यस्त ही रहेगी सोचे कार्य पूर्ण करने में सहयोग की कमी खलेगी।

कुंभ: आज आप घर एवं बाहर सभी लोगो के दिल को अपनी कुशलता से जीतेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना आज कम रहेगी परमार्थ के लिये समय और धन खर्च करेंगे बदले में सम्मान की प्राप्ति होगी।

मीन: आज आप अपनी अथवा किसी नजदीकी की कार्यशैली से व्यथित रहेंगे। चाहकर भी परिस्थितियां अनुकूल नही बनने के कारण मन में उदासी रहेगी।

QUIZ TIME

1) किसने लाहौर के शालीमार बाग को पूर्ण किया था?

2) किस राज्य सरकार को शासन आपल्या दारी पहल के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार मिला?

3) समाचारों में देखी गई पेरिगम्मला पंचायत किस राज्य में स्थित है?

4) जूपिटर मनी को प्रीपेड वॉलेट बिजनेस शुरू करने के लिए किससे मंजूरी मिली है?

5) आई हैव द स्ट्रीट्स: ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी किसकी आत्मकथा का नाम है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शाहजहाँ (2) महाराष्ट्र (3) केरल (4) भारतीय रिजर्व बैंक (5) रविचंद्रन अश्विन

पहेली

शब्द सामर्थ्य -328

बाएं से दाएं / ऊपर से नीचे: [illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल

रायपुर रेल मंडल में 70वां रेल सप्ताह समारोह संपन्न, मंडल रेल प्रबंधक ने उत्कृष्ट सेवा के लिए रेलकर्मियों को किया सम्मानित

कठिन परिश्रम और टीम वर्क का परिणाम है रायपुर मंडल की राष्ट्रीय पहचान : दयानंद

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा बुधवार को उल्लास अधिकारी क्लब, शिवनाथ रेल विहार में 70वां रेल सप्ताह समारोह-2025 आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक दयानंद रहे। पुरस्कार वितरण के बाद रेलकर्मियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अध्यक्षा सेक्रो श्रीमती शिखा सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सहायक कार्मिक अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। भारत में पहली बार 16 अप्रैल 1853 को मुंबई से थाणे के बीच रेल सेवा के शुभारंभ की स्मृति में हर वर्ष रेल मंत्रालय और सभी मंडलों में रेल सेवा पुरस्कार मनाया जाता है। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को लेकर रेल कर्मियों में काफी उत्साह भी देखा गया। पुस्कार मिलने से कर्मियों के चेहरे पर खुशी भी देखी गई। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने स्वागत संबोधन में सभी पुरस्कार विजेताओं को उनकी निष्ठा और लगन के लिए बधाई दी।

टीम वर्क ही सफलता की कुंजी : डीआरएम

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेल का विशाल नेटवर्क टीम वर्क का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रायपुर मंडल अपनी स्थापना के बाद से ही राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रहा है। इस सफलता का श्रेय हमारे अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन और कर्मचारियों के कठिन परिश्रम को जाता है। हमारा लक्ष्य प्रतिवर्ष नए कीर्तिमान रचना है।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल रमेन डेका ने वीर विनायक दामोदर सावरकर को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज महान सेनानी, विचारक और क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर "वीर सावरकर" जी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वीर सावरकर भारत माता के उन वीर सपूतों में से एक हैं जिनकी बौद्धिक क्षमता, क्रांतिकारी उत्साह और भारत के भविष्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता अतुलनीय रही। वीर सावरकर जी महज एक क्रांतिकारी से कहीं अधिक थे, वे एक गहन विचारक थे जिनके बौद्धिक योगदान को देश भूल नहीं सकता। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार श्री भीष्म प्रसाद पाण्डेय, उप सचिव सुश्री निधि साहू एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी सावरकर जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

'प्रोजेक्ट धड़कन' के अंतर्गत बच्चों की हुई नि:शुल्क हृदय जांच

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना "प्रोजेक्ट धड़कन" के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज तिल्दा टीम बी द्वारा भरत देवांगन प्राथमिक शाला में 254 बच्चों की स्क्रीनिंग, धरसीवां टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम दोदेंखुर्द में 100 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम डी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र हनुमान नगर एवं कुदरापारा में 100 बच्चों की स्क्रीनिंग, अर्बन टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र संघर्ष नगर, गांधीनगर एवं मंगरापारा में 126 बच्चों की स्क्रीनिंग, अभनपुर टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 सलोनी में 110 बच्चों की स्क्रीनिंग व पूरे जिले में आज कुल 997 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

पुरी-पुणे के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन आज

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे ने पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है, जिससे क्षेत्रीय यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। गाड़ी संख्या 08405 पुरी-पुणे स्पेशल 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को पुरी से सुबह 6.00 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन खुर्दा रोड (06.45/06.50), भुवनेश्वर (07.15/07.20), कटक (07.50/07.55), ढेंकानाल (08.45/08.47), तालचेर रोड (09.30/09.32), अनुगुल (09.55/09.57), संबलपुर सिटी (12.20/12.25), झारसुगुड़ा रोड (13.30/13.35) होते हुए रायगढ़ 15.13 बजे पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन बिलासपुर (18.15/18.25), रायपुर (20.05/20.10), दुर्ग (21.05/21.10) और गोंदिया (23.04/23.06) पहुंचेगी। दूसरे दिन यह नागपुर (01.10/01.15), वर्धा (02.10/02.12), बडनेरा (03.15/03.18), भुसावल (06.15/06.20), मनमाड (09.05/09.10), कोपरगांव (10.20/10.22), अहिल्यानगर (12.10/12.13) और दौंड (14.58/15.00) होते हुए शाम 16.50 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी।

कलेक्टर ने बदमाश राजा राजपूत को तीन माह के लिए किया जिला बदर

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर डॉ. गौरव सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(ख) के तहत राजा राजपूत पिता प्यारे लाल राजपूत उम्र 25 वर्ष साकिन बुद्ध चौक, रामनगर थाना गुढियारी, रायपुर को जिले की सीमाओं से निष्कासित जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनावेदक के विरूद्ध उसकी अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई जो बेअसर रही। अनावेदक निरंतर अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने में आम जनता में उसके अपराधिक कृत्य को लेकर आतंक व असुरक्षा की भावना फैली हुई थी। अनावेदक की अपराधिक गतिविधियों से सामान्य जनता एवं लोक सेवकों में भय व्याप्त था। इस हेतु सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक गोपनीय साक्ष्य और रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जारी आदेश के अनुसार, अनावेदक को आदेश की तिथि से 07 दिवस के भीतर, अर्थात 04 मार्च 2026 तक रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाना होगा तथा 03 माह अर्थात् 24 मई 2026 तक बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

श्रमिक की बेटी डिंपल कश्यप संस्कार सिटी स्कूल में संवार रही अपना भविष्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में आई क्रांति अब सुदूर अंचलों के गरीब और श्रमिक परिवारों के आंगन तक पहुँचकर उनके बच्चों के सपनों को हकीकत में बदल रही है। शासन की अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के माध्यम से प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने का संकल्प अब धरातल पर जीवंत होता दिख रहा है। इसी कड़ी में आदिवासी बहुल बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलौरी के एक पंजीकृत श्रमिक नंदकिशोर कश्यप की सुपुत्री डिंपल कश्यप ने अपनी मेधा और कड़ी मेहनत के दम पर सफलता का अध्याय लिख दिया है।

डिंपल का चयन राज्य की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर राजनांदगांव के प्रतिष्ठित संस्कार सिटी स्कूल के लिए हुआ है, जो उनके परिवार के लिए किसी सुखद चमत्कार से कम नहीं है। यहां डिंपल कक्षा छठवीं में अध्ययन कर रही है और बारहवीं तक नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण करेगी।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यह है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने डिंपल की माध्यमिक शिक्षा से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की पूरी पढ़ाई का सारा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस नि:शुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रावधान ने परिवार के सिर से आर्थिक चिंता का बोझ पूरी तरह हटा दिया है, जिससे अब डिंपल की प्रगति की राह में कोई बाधा नहीं आएगी। अपनी बेटी की इस अभूतपूर्व सफलता पर पिता नंदकिशोर कश्यप भावुक स्वर में कहते हैं कि एक श्रमिक के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा है। वे दिन-रात कड़ी मेहनत ही इसलिए करते हैं ताकि उनके बच्चों का भविष्य उनके अपने संघर्षपूर्ण जीवन से कहीं बेहतर और सुगम हो सके। आज सरकार की इस कल्याणकारी योजना ने उनके उन धुंधले सपनों को हकीकत के पंख दे दिए हैं।

माता-पिता के रूप में कश्यप दंपत्ति आज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्हें अब यह अटूट विश्वास हो चला है कि उनकी बेटी का भविष्य न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह अपनी अटूट लगन से सफलता के उस आसमान को भी छू सकेगी जिसका उन्होंने कभी केवल कल्पनाओं में विचार किया था। ग्राम बिलौरी-2 से निकलकर एक प्रतिष्ठित स्कूल तक का डिंपल का यह सफर समाज के उस हर वर्ग के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों के अभाव में अपनी प्रतिभा को दबाए बैठे हैं।

मेहनत की चमक और सरकारी संबल

छत्तीसगढ़ का बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट राज्य के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा में संकल्प-आधारित यह बजट प्रस्तुत करते हुए सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। नीति, न्याय, निवेश, निर्माण और नवाचार के पंचतत्वों पर आधारित यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट 'छत्तीसगढ़ अंजोर-2047' के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में ठोस एवं परिणाममुखी कदम माना जा रहा है। इस बजट में जशपुर जिले को भी विशेष प्राथमिकता प्रदान की गई है, जिससे जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलने की अपेक्षा है। जिले में आधारभूत संरचना, कृषि, सिंचाई, खेल, शिक्षा एवं धार्मिक पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए प्रावधान किए गए हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास को भी बल मिलेगा। सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों को गति देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे दूरस्थ अंचलों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आवागमन सुगम बनेगा। कुनकुरी निवासी चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री बिनीत जिंदल ने राज्य सरकार के बजट 2026-27 की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच के अनुरूप जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए नए स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव युवाओं के लिए प्रेरणादायक कदम है। इसके साथ ही पंपशाला एनिकट में किसानों के हित में लिफ्ट इरिगेशन योजना से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे कृषकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न सड़कों एवं पुलों के निर्माण से दूरी कम होगी, संपर्क बढ़ेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

स्मृति पुस्तकालय योजना को मिल रहा जनसमर्थन 200 पुस्तकें दान कर हरिशंकर ने पेश की मिसाल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत ज्ञान दान की दिशा में जनसहभागिता लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में सृजन एकैडमी के संचालक हरीशंकर वर्मा द्वारा सीजीपीएससी, टेस्ट सीरीज, इंटरनेशनल एवं नेश्नल करंट अफेयर, छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण एवं बजट एवं कम्प्यूटर की 200 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान कर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र एवं प्रेरक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 7700 से अधिक पुस्तकें दान की जा चुकी हैं।

कबीरधाम में 1339 परिवारों को मिली धुआं-मुक्त रसोई

रायपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ रसोई केवल सुविधा नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और सम्मानजनक जीवनशैली की पहचान है। पारंपरिक चूल्हों के धुएँ से जूझ रही महिलाओं को राहत देने के लिए संचालित उज्ज्वला योजना 3.0 आज गरीब और ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

इस योजना के माध्यम से महिलाओं को धुएँ से मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित रसोई का लाभ मिल रहा है। कबीरधाम जिला में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत 1339 नए गैस कनेक्शन पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए हैं। इन कनेक्शनों से उन परिवारों को सबसे अधिक राहत मिली है, जो अब तक लकड़ी, उपले या कोयले से खाना बनाने को मजबूर थे। गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को धुएँ से मुक्ति मिली है और रसोई का काम भी पहले से आसान व सुरक्षित हो गया है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

पोषण देखरेख योजना से बच्चों को मिल रहा परिवार जैसा माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सुरक्षित एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु पोषण देखरेख (फोस्टर केयर) योजना प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के आदेश से बच्चों को ऐसे परिवार में रखा जाता है, जो उनके जैविक अथवा दत्तक माता-पिता नहीं होते, परंतु उन्हें परिवार जैसा स्नेह, संरक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

पोषण देखरेख में बच्चे का सर्वोत्तम हित सर्वोपरि रखा जाता है। प्रयास किया जाता है कि बच्चे को उसके सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश के अनुरूप ही परिवार में रखा जाए। प्रत्येक बच्चे को परिवार जैसे वातावरण में बड़े होने का अधिकार है। सभी निर्णय बच्चे की सुरक्षा, आवश्यकता एवं उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए केस-टू-केस आधार पर लिए जाते हैं। बच्चे को अपनी राय देने का अधिकार है तथा उसकी आयु एवं समझ के अनुसार उसकी बात का सम्मान किया जाता है। सगे भाई-बहनों को यथासंभव एक ही परिवार में रखा जाता है। यदि अलग करना आवश्यक हो, तो दोनों की सहमति तथा बाल कल्याण समिति की अनुमति अनिवार्य होती है। इस योजना के अंतर्गत 6 वर्ष से अधिक आयु के वे बच्चे पात्र होते हैं, जो बाल देखरेख संस्थाओं (सीबीआई) में निवासरत हों, जिनसे मिलने कोई नहीं आता हो, जिनके अभिभावक अयोग्य हों अथवा जिन्हें देशीय या अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण में स्थान न मिल पाया हो तथा 'हार्ड टू प्लेस' या विशेष आवश्यकता श्रेणी में आते हों। फोस्टर केयर दो प्रकार की होती है।

प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु चिकित्सा कर्मचारी ने लिया अंगदान का संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दक्षिचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पदस्थ कम्पाउण्डर सपना नाग ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंग दान के लिए पंजीयन कर जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। नाग ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि मेरे जाने के बाद यदि मेरे अंगों से किसी को स्वस्थ जीवन मिल सके, तो इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान : स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही प्राकृतिक गुलाल का निर्माण

प्राकृतिक रंगों से रंगीन होगी होली, हर्बल गुलाल से सुरक्षित रहेगा शरीर

रायपुर/नवप्रदेश। रंगों के त्योहार होली को स्वसहायता समूह की महिलाएं इस बार और खास बना रही है। होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने के लिए महिलाएं हर्बल गुलाल बना रही है।

गरियाबंद जिले के ग्राम सढ़ौली की राखी महिला ग्राम संगठन की 10 सक्रिय महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत हर्बल गुलाल का निर्माण कर आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की मिसाल पेश कर रही हैं। समूह की महिलाएं पलाश से पीला, चुंकदर से लाल और पालक के पत्तों से हरा रंग निकालकर मक्के की सूखी डंठल से प्राप्त अरारोट पाउडर में मिलाकर प्राकृतिक गुलाल का निर्माण कर रही है। इसमें हानिकारक रसायनिक तत्वों का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया जाता। जिससे हर्बल गुलाल त्वचा एवं सेहत के लिए सुरक्षित रहता है। राखी महिला ग्राम संगठन की ये महिलाएँ न केवल होली के त्योहार को प्राकृतिक और सुरक्षित बना रही हैं, बल्कि अपनी आजीविका को भी मजबूत कर रही हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएँ आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की नई कहानी लिख रही हैं। यह पहल प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इन महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं स्वरोजगार सृजित कर आत्मनिर्भर बन रही है और समाज में अपनी अलग पहचान बना रही है। पीआरपी मीना साहू ने बताया कि पिछ्ले वर्ष भी बिहान समुह के दीदियों द्वारा कुल 30 हजार रूपये से अधिक की बिक्री कर लगभग 10 हजार रूपये से अधिक की शुद्ध मुनाफा अर्जित की थी। समूह की महिलाओं से चर्चा के फलस्वरूप पारंपरिक तरीकों से बनाए गए प्राकृतिक गुलाल से न केवल सेहत स्वस्थ रहेगा, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अनुकूल रहेगा। साथ ही महिलाओं के लिए आमदनी का नया स्रोत भी बन रहा है। पिछ्ले वर्ष हर्बल गुलाल की मांग अधिक रही, जिसे देखते हुए इस बार महिलाओं ने रंग बनाना शुरू कर दिया है। महिलाओं ने बताया कि गुलाल बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह प्राकृतिक है। इसे तैयार करने में फूलों और पत्तियों का उपयोग किया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित होता है। विभिन्न रंग बनाने के लिए प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जाता है गुलाबी रंग के लिए चुकंदर और गुलाब की पंखुड़ियां, पीला रंग के लिए हल्दी और गेंदे के फूल, हरा रंग के लिए पालक व मेंहदी के पत्ते, नीला रंग के लिए अपराजिता के फूल और लाल रंग के लिए टेसू के फूलों का इस्तेमाल कर रही है।

रेडक्रॉस सोसाइटी से जुड़ने का आह्वान

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एक स्वतंत्र मानव समाजसेवी संस्था है, जो आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित है। संस्था द्वारा भूकंप, आग, बाढ़ एवं सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान तथा रक्तदान शिविरों का नियमित आयोजन किया जाता है। संस्था से जुड़ने के लिए विभिन्न श्रेणियों में सदस्यता प्रदान की जाती है, जिसमें संरक्षक सदस्य के लिए 25,000 , उप संरक्षक सदस्य के लिए 12,000 आजीवन सदस्य के लिए 1,000 तथा वार्षिक सदस्यता के लिए 100 रुपए निर्धारित किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ को संकल्प से सिद्धि की ओर आगे बढ़ाने वाला बजट : पंकज कुंरजेकर

■ **राजनांदगांव के विकास को बजट में मिली विभिन्न सौगातें, लगभग 1000 करोड़ से होगा जिले का चहुँमुखी विकास**

राजनांदगांव / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी द्वारा 2026-2027 के लिये प्रस्तुत बजट को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के चहुँमुखी विकास और विकसित छत्तीसगढ़ का रोड मैप बताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार का यह एक दूरदर्शी और जनहितैषी बजट साबित होगा। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का परिचायक है, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस वर्ष के बजट की थीम ÷संकल्प÷ रखी है जिसमें समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम तक को प्राथमिकता देकर सभी वर्गों के हित को समाहित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार ने ÷संकल्प-थीम÷ के साथ 1 लाख 72 हजार करोड़ रूपये का बजट पेश कर प्रदेश के सतत् विकास का खाका खींचा है। इसमें 05 प्रमुख मिशन शामिल किये गये है जिसमें मुख्यमंत्री ए.आई. मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन, मुख्यमंत्री अधोसरंचना मिशन और मुख्यमंत्री स्टार्टअप और निपुण मिशन के लिये 100 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर, जल संवर्धन और किसानों को बजट में विशेष स्थान दिया गया है। बजट में रखे गये प्रावधानों मे राजनांदगांव जिले के विकास हेतु इस बजट में लगभग 1000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु इस बजट में लगभग 250 करोड़ रूपये की अलग-अलग प्रावधान किये गये है। इसके अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत 20 करोड़, स्कूल शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 20 करोड़ रूपये, नगरीय प्रशासन विभाग के अन्तर्गत 60 करोड़, लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत लगभग 200 करोड़ रूपये के विकास कार्यों को जगह दी गई है। इस तरह बजट में राजनांदगांव जिले के विकास के लिये लगभग 1000 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

तहसील कार्यालय बनेगा मार्डन, हाईस्कूलों का होगा उन्नयन- बजट में राजनांदगांव के तहसील कार्यालय को मॉर्डन रूप में विकसित करने के लिये 5 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसी तरह जिला कार्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 1 करोड़, उप पंजीयक कार्यालय, डोंगरगढ़ के लिये 80 लाख, लोक निर्माण विभाग के संभागीय कार्यालय परिसर में स्टॉफ क्वार्टर के लिये 1 करोड़ 20 लाख, जिला न्यायालय के स्टॉफ क्वार्टर हेतु 5 करोड़ रूपये प्रदान किये गये है। इसी तरह हाईस्कूलों के उन्नयन हेतु बजट में राशि प्रदान की गई है। इसके अन्तर्गत ग्राम रानीतराई, धामनसरा, गोड़लवाही, बालक हायर सेकण्ड्री स्कूल लालबहादुर नगर के उन्नयन हेतु 75-75 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है। इसके अलावा शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी के लिये 4 करोड़ 65 लाख आवासीय महाविद्यालय राजनांदगांव हेतु 10 करोड़ एवं दिग्विजय कॉलेज बालक छात्रावास पेण्ड्री के लिये 60 लाख रूपये प्रदान किये गये है।

हॉकी स्टेडियम में लगेगी फ्लड लाईट, रानीसागर का होगा पुर्नविकास-बजट में खेल के लिये विशेष प्रावधान किये गये है। इसके अन्तर्गत हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में टर्फ रिप्लेसमेंट, विद्युतीकरण एवं फ्लड लाईट हेतु 8 करोड़ 80 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। इसी तरह दिग्विजय स्टेडियम में इंडोर बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु 6 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

110 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 3000 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त

राजनांदगांव / नव प्रदेश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बरनालाकला नाला के किनारे अज्ञात 110 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 3000 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। आबकारी विभाग द्वारा आबकारी अधिनियम के धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

निगम अमला ने हटाया अतिक्रमण

राजनांदगांव / नव प्रदेश। शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण दस्ता आज पुराना ढाबा से अतिक्रमण तोड चौपाटी के सामने से ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही किए। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये।

सोनबरसा में तेन्दूपत्ता संग्रहण हेतु शाखाकर्तन कार्यशाला आयोजित

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। सोनबरसा वन विहार केंद्र, बलौदाबाजार में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 हेतु शाखाकर्तन, संग्रहण एवं भंडारण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तेन्दूपत्ता संग्रहण की गुणवत्ता में सुधार, निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप कार्यों का सुचारू संचालन तथा संग्रहण से लेकर परिवहन एवं गोदामीकरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी प्रदान किया गया। कार्यशाला में शाखाकर्तन की वैज्ञानिक विधि, उसके दीर्घकालिक लाभ, गुणवत्ता नियंत्रण के मानक तथा गड्डी बंधाई की निर्धारित प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धति से शाखाकर्तन करने पर लगभग 40-50 दिनों के भीतर बेहतर गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होते हैं, जिससे संग्रहण लक्ष्य की पूर्ति के साथ-साथ ग्रामीण हितग्राहियों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित होती है।

निर्माण को लेकर अधिकारी व ठेकेदार को चेतावनी

गौरवपथ निर्माण की धीमी गति देख नाराज हुए नगर पालिका अध्यक्ष

गौरवपथ निर्माण में लापरवाही बर्दाशत नही होगी-नपाध्यक्ष

कवर्धा /नव प्रदेश । नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज 10 करोड़ 73 लाख रू. की लागत से निर्माण होने वाले गौरवपथ निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य में धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह मार्ग शहर के गौरव के रूप में जाना जावेगा, इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जावेगी। उन्होनें निर्माण कार्यो की सतत् मॉनिटरिंग किये जाने व प्रतिदिन स्थल का निरीक्षण कर जियो फोटोग्राफ्स निकाय के व्हॉटसअप ग्रुप में प्रेषित करने निर्देश दिये।

गुणवत्ता को ध्यान में रख कार्य में गति लाने निर्देश-नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शहर के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ मार्ग के निर्माण कार्य का आज सुबह अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। 10 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वपूर्ण गौरव पथ मार्ग को लेकर उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप, गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने निर्माण कार्य की प्रगति, सामग्री की गुणवत्ता, लेवलिंग, ड्रेनेज व्यवस्था एवं साइड डेवेलपमेंट का बारीकी से अवलोकन किया। कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि कछुआ चाल से चल रहे कार्य किसी भी स्थिति में बर्दास्त नही होगी। ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि मशीनरी, मजदूरों और मानव संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्यो में गति लाने को कहा।

गौरव पथ कवर्धा शहर का गौरव-चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

अध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने दो टूक कहा कि गौरव पथ शहर का गौरव है। यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शहर की प्रतिष्ठा और विकास का प्रतीक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य में लापरवाही, गुणवत्ता में कमी या अनावश्यक देरी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों पर सीधी जिम्मेदारी तय की जाएगी और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जनता की सुविधा के लिए होते हैं, इसलिए निर्माण के साथ-साथ जनसुरक्षा और यातायात व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाए। यह प्रोजेक्ट शहर की छवि से जुड़ा हुआ है और इसे हर हाल में समय पर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा।

मॉनिटरिंग का फोटो व्हॉटसअप में प्रेषित करने निर्देश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशीने गौरव पथ मार्ग का सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों को प्रतिदिन फील्ड में उपस्थित रहकर निरीक्षण करने, प्रगति की समीक्षा करने तथा व्हॉट्सएप ग्रुप में जियोटैग फोटो एवं दैनिक रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिए। निर्माण के दौरान आम जनता को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए वैकल्पिक मार्ग, बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड एवं सुरक्षा उपाय भी सुनिश्चित करें।

छात्रों के मंच का राजनीतिकरण दुर्भाग्यपूर्ण विरोध से पहले नेताओं को घरों से उठाया

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिले के अग्रणी महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए आयोजित इस मंच का उपयोग एक विशेष राजनीतिक दल के प्रचार के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इसे शैक्षणिक वातावरण के विपरीत बताया है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव हमेशा से छात्रों की उपलब्धियों और रचनात्मक गतिविधियों का मंच रहा है। छात्रसंघ से जुड़े पूर्व पदाधिकारियों ने दावा किया कि अपने कार्यकाल में उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी छात्रों को समान अवसर और सम्मान दिया।

नेताओं के अनुसार, कार्यक्रम के कथित ÷भाजपाकरण÷ के विरोध में वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी कर रहे थे। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य कार्यक्रम में व्यवधान डालना नहीं, बल्कि छात्रों के मंच को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखना था।

इस बीच आरोप है कि विरोध दर्ज कराने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई नेताओं को पूर्व पार्षद के घर से सभी को हिरासत में ले लिया। इसे कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध करना संविधान प्रदत्त अधिकार है। हिरासत में लिए गए लोगों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी,पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री , एनएसयूआई नेता राजा यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ऋषभ निर्मलकर, सागर ताम्रकार, संजय साहू और हनी सहित अन्य साथी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार,प्रदेश सचिव मेहुल मारू,कांग्रेस नेता अमित चंद्रवंशी,ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू,संदीप जायसवाल सहित वीरेंद्र चंद्राकर अन्य पदाधिकारी बसंतपुर थाना पहुंचे और पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की।

विकास, अधोसंरचना व सुशासन को नई मजबूती देता बजट: जैनम बैद

राजनांदगांव / नव प्रदेश। साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए भाजपा पार्षद जैनम बैद ने इसे विकासोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर दिया गया विशेष फोकस प्रदेश तथा नगरीय निकायों के लिए सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। लोक निर्माण विभाग के लिए 9,451 करोड़ रुपए और जल जीवन मिशन हेतु 3,000 करोड़ रुपए का प्रावधान बुनियादी सुविधाओं के विस्तार व गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम है।

बैद ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में सड़क, स्वच्छता व नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, जिससे शहरी जीवन स्तर में प्रत्यक्ष सुधार होगा। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में बजट की ऐतिहासिक बढ़ोतरी को भविष्य निर्माण की

आधारशिला बताते हुए कहा कि डिजिटल लर्निंग और आधुनिक संसाधनों से विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे।

पार्षद बैद के अनुसार बजट की 'संकल्प' अवधारणा समावेशी विकास, निवेश और कुशल मानव संसाधन को नई गति देगी। सड़कों के जाल और सुव्यवस्थित शहरी नियोजन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस जनहितैषी बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वित?तमंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

32वां वर्ष परमेश्वरी महोत्सव व परमेश्वरी देवी पुराण का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन पर्व को 15 फरवरी 2026 दिन रविवार से सात दिवसीय रखा गया था । जिसमें बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेधावी बच्चों का सम्मान व जगराते ÷* का कार्यक्रम किया गया । यह कार्यक्रम महिला देवांगन समाज कवर्धा के अथक प्रयासों से से संभव हो पाया । जिसमें *÷ युवा देवांगन समाज व नवयुवक देवांगन समाज कवर्धा के सराहनीय योगदान से संपन्न हुआ । जिसमें *÷ दीपचंद देवांगन बनने का अवसर *÷ जिला अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन को एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नागेश्वरी देवांगन को हरणी माता बनने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ था ।जो पूरे 7 दिनों तक कथा श्रवण करने का सौभाग्य मिला ।

परमेश्वरी देवी पुराण में माता परमेश्वरी की महिमा का वर्णन एवं माता परमेश्वरी के ÷ अंग मैल से दीपचंद देवांगन का प्रगट होने का बखान बताया गया है । साथ ही दीपचंद के द्वारा सृष्टि के मर्यादा को ढकने के लिए *÷ वस्त्र का निर्माण ÷* करने के लिए दीपचंद देवांगन को क्षीरसागर से सात नाल का कमल पुष्प लाकर वस्त्र निर्माण करने का आदेश माता परमेश्वरी के द्वारा दिया गया । जिसके लिए दीपचंद देवांगन जब क्षीरसागर में सात नाल कमल पुष्प लेने पहुंचा, तो वहां पर पहले से दानव विराजमान थे । जिससे दीपचंद देवांगन भयभीत होकर माता परमेश्वरी के के शरण में आया और सारी वृत्तांत बताया, तो माता परमेश्वरी दीपचंद देवांगन के साथ में क्षीरसागर गई और दीपचंद देवांगन को आदेश दी, युद्ध करने के लिए जिससे दीपचंद देवांगन उन राक्षसों के साथ युद्ध किया और राक्षसों का वध किया । राक्षसों के मृत शरीर के अंगों से वस्त्र निर्माण हेतु आवश्यक उपकरण तैयार करवा कर वस्त्र निर्माण कर दीपचंद देवांगन ने एक सुंदर सा नीला रंग का वस्त्र निर्माण कर माता परमेश्वरी को अर्पित किया । जो नीला वस्त्र अनंत है,यह एक प्रतीक है । इसका प्रमाण उदाहरण सहित पंडित संतोष राव जी ÷* के द्वारा बताया गया, की नीला वस्त्र दीपचंद के द्वारा माता परमेश्वरी को क्यों भेंट किया गया, क्योंकि नीला वस्त्र यानी श्याम रंग और श्याम रंग का मतलब अनंत होता है । क्योंकि श्री कृष्ण जी, श्री हरि विष्णु जी, श्री रामचंद्र जी एवं आकाश एवं सागर यह सभी श्याम रंग का है, जो अनंत है जिसके वजह से दीपचंद देवांगन के द्वारा माता परमेश्वरी को नीला वस्त्र भेंट कर सृष्टि जो उत्पत्ति के समय वस्त्रहीन थी । जिसे वस्त्र प्रदान कर सृष्टि को मर्यादित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । 21 फरवरी को हवन पूजन एवं भव्य शोभायात्रा निकला गया । हवन में 30 जोड़े देवांगन बंधु बैठे हुए थे, जिनको विजय माला पहनने का अवसर मिला । जो अति आनंद देने वाली पल थी, सभी जोड़ों को माता परमेश्वरी का आशीर्वाद मिला है, आगे उनके दाम्पत्य जीवन में सुख-शांति, समृद्धि, धन ऐश्वर्य और कीर्ति प्राप्ति की तत्पश्चात कुंवारी भोज कराकर पुरे समाज को प्रसादी वितरण किया गया।

कलेक्टर श्री उइके ने कहा लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से करें अधिक से अधिक लाभान्वित

जिला स्तरीय समीक्षा एवं परामर्शदात्री समिति की 49 वीं बैठक सम्पन्न

गरियाबंद, / नवप्रदेश। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर बी.एस. उईके की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की 49वीं बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर उपस्थित थे। इस दौरान नाबार्ड द्वारा तैयार संभाव्यतायुक्त वार्षिक ऋण योजना पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस पुस्तिका में बैंकों को साफदिशा मिलती है कि किस क्षेत्र में लोन बढ़ाना है। किसानों, युवाओं और उद्यमियों को आसान ऋण मिलने में मदद होती है। शासकीय योजनाओं और स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास की योजना तय की जाती है।

बैठक में जिले के बैंकिंग गतिविधियों एवं विभिन्न वित्तीय योजनाओं एवं लक्ष्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बैंकिंग प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को हितग्राहीमूलक बैंकिंग ऋण सुविधाओं एवं अन्य योजनओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न शासकीय विभागों

द्वारा भेजे गए प्रकरणों को पात्रता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाए। कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन एवं पशुपालन, अंत्यवसायी, खादी ग्रामोद्योग, एनआरएलएम, उद्योग सहित अन्य विभागों द्वारा भेजे जाने वाले प्रकरणों को भी शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी हितग्राहीमूलक आवेदन को शाखा स्तर पर लंबित न रखा जाए। जिन बैंक शाखाओं का ऋण अनुपात कम है, उन्हें निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि क्षेत्र एवं एमएसएमई ऋण के वार्षिक लक्ष्य को भी समय में पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खोले गए खातों में आधार और मोबाइल सीडिंग, रूपे कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, युवा स्वरोजगार योजनाओं तथा अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बैंकर्स को कहा कि किसानों, युवाओं और उद्यमियों को आसानी से ऋण उपलब्ध कराये। इसके साथ ही शासकीय योजनाओं और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास की योजना तैयार करें। जिला अंत्यावसायी की कार्यपालन अधिकारी सुश्री रश्मि गुप्ता ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्यूदय योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास, कौशल उन्नयन, स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए संचालित की जा रही है।

इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक एलडीओ श्री सदानंद बाक्से, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्री पंकज सोनटक्के, अग्रणी बैंक प्रबंधक गरियाबंद श्री विनीत मोहन खरे, निर्देशक आरसेटी गरियाबंद श्री औरंगजेब अंसारी सहित जिले के समस्त बैंक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने एनकॉर्ड जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में दिये निर्देश

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में स्वापक औषधि मनः प्रभावी पदार्थो या नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बैठक में गत् 31 जनवरी 2026 के मासिक बैठक के दौरान की गई कार्यवाही एवं किये गए प्रयासों के बारे में समीक्षा की। इस दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में शराब की अवैध बिक्री आवाजाही एवं सतत् निगरानी व कार्यवाही के लिए सभी थाना, चौकी प्रभारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वर्ष 2025 में अवैध शराब के विरूद्ध 640 प्रकरण में 5 हजार 50 लीटर से अधिक की शराब, 2 चार पहिया एवं 42 दो पहिया वाहन जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। इसके अलावा अवैध कारोबार में शामिल लोगो के खिलाफकठोर कार्यवाही व हॉट स्पाट की पहचान कर एमसीपी लगाकर कार्यवाही की जा रही है।

वन विभाग द्वारा बताया गया कि जिले के अनाधिकृत व्यावसायियों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण के लिए वनोपज जांच नाका पर नियमित रूप से सघन रूप से जांच की कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

आयुष्मान कार्ड का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाना सुनिश्चित करें : सांसद चिंतामणि

***सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न**

***जिले में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, डीएफओ श्री अभिषेक जोगावत, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, जनप्रतिनिधिगण, सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद चिंतामणि ने कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो, सभी लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण कर लिए जाएं। जिले के दूरस्थ अंचल तक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों की भी भागीदार जरूरी है। जनप्रतिनिधि दौरे के दौरान योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुचाएं। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सरगुजा जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है,

पीवीटीजी समुदाय को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को गम्भीरता के साथ पात्रों को लाभान्वित करने निर्देशित किया। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में आवास का निर्माण समय पर पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने श्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है सभी श्रमिकों का श्रम पंजीयन अवश्य हो, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारी से बचाव हेतु सभी तैयारी सुनिश्वित करने निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि लोगों को इस हेतु जागरूक करें। चिकित्सालयों में चिकित्सक एवं कर्मचारी समय पर उपस्थित रहें तथा सभी मुख्यालय में रहें, ताकि आपातकालीन स्थिती में तत्काल इलाज हो सके। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा प्राइवेट अस्पतालों में लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के स्थान पर अब भारत सरकार द्वारा विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (जीरामजी) होगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के लिए महत्वपूर्ण योजना है।

न्यूज गैलरी

संस्कृत विषय की हायर सेकण्डरी परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत 25 फरवरी 2026 को संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के परीक्षा केन्द्र क्रमांक 01 में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। कलेक्टर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बतौली परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक एवं सुचारू पाई गई। परीक्षा केन्द्र में पंजीकृत 23 परीक्षार्थियों में से सभी 23 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर द्वारा बताया गया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा शेष परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु भी सतत निगरानी रखी जा रही है।

सामान्य सभा की बैठक 27 फरवरी को

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 27 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, जल संसाधन, उद्यान एवं श्रम विभाग के अंतर्गत विभागीय योजना की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

अम्बिकापुर में पीलिया की रोकथाम हेतु विशेष डोर-टू-डोर सर्वे अभियान

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर नगरीय निकाय क्षेत्र में पीलिया के संभावित फैलाव को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.एस. मार्को के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष डोर-टू-डोर सर्वे अभियान संचालित किया गया। अभियान का संचालन संचारी रोग नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता एवं एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. वर्षा राजपूत की निगरानी में किया गया। सर्वे अभियान के अंतर्गत मोमीनपुरा, खठीकपारा एवं झझठपारा (नमनाकला) क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कार्य में शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर की नर्सिंग छात्राओं द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए संदिग्ध मरीजों के सैंपल एकत्रित किए गए। सर्वे के दौरान क्षेत्र में मौसमी बीमारी के 04 एवं टायफाइड के 02 प्रकरण पाए गए हैं। वर्तमान में क्षेत्र की स्थिति सामान्य पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार क्लोरीनेशन एवं जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि पीलिया के लक्षण जैसे आंखों एवं त्वचा का पीला पड़ना, कमजोरी, भूख न लगना, उल्टी अथवा बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं तथा स्वच्छ पानी का उपयोग करें।

होली से पहले किसानों को सौगात 28 फरवरी को मिलेगा धान बोनस

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन द्वारा होली त्यौहार के पहले किसानों को बड़ी सौगात दी जा रही है। धान खरीदी की अंतर की राशि (बोनस) का अंतरण किसानों के बैंक खाते में 28 फरवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धान बोनस वितरण कार्यक्रम में प्रदेशवासियों एवं किसानों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का संबोधन सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्थलों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीधा प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री चयनित किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधी बातचीत भी करेंगे।कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को धान बोनस वितरण कार्यक्रम को गरिमामय तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकासखंड मुख्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

हेल्थ कैंप: 220 स्वच्छता दीदियों की जांच

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर की सफाई व्यवस्था संभालने वाली स्वच्छता दीदियों के लिए बुधवार को नगर निगम ने विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया। पंजरी प्लांट ऑडिटोरियम और वेयरहाउस परिसर में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से कैंप आयोजित किया गया। शिविर में 220 स्वच्छता दीदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर और हीमोग्लोबिन सहित जरूरी जांचें कीं। कई दीदियों की ब्लड जांच मौके पर ही की गई और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां तथा परामर्श दिया गया। आयुक्त क्षत्रिय ने सुबह शिविर का निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियां शहर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। एमएमयू के डॉक्टरों ने बताया कि अधिकांश दीदियों में सामान्य स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं।

डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना की रूपरेखा, कानूनी प्रावधान, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स श्री दीपक गोदे, संयुक्त निदेशक ,वैद्य नाथ कुमार द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अप्रैल से सितम्बर 2026 के मध्य निर्धारित अवधि में संपन्न होगी, जबकि द्वितीय चरण 'जनसंख्या गणना फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित की जाएगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों में यह कार्य पूर्व निर्धारित समयानुसार संपादित किया जाएगा। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि इस बार जनगणना पूर्णत: डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी। इसके लिए सेंसेस मेनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल, मोबाइल

एप्लिकेशन (एंड्रॉइड एवं आईओएस), स्व-गणना, वेब पोर्टल, वेब मैपिंग एप, एआई चैटबॉट तथा डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। समस्त डेटा फील्ड से सीधे डिजिटल मोड में संकलित होगा। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना से संबंधित समस्त जानकारी गोपनीय रहेगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी का अनधिकृत प्रकटीकरण दंडनीय होगा।चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की नियुक्ति सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण, पूर्ण कवरेज, सटीकता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। जनगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विधि अनुसार लोक सेवक माने जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नोत्तरी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों की समझ एवं कानूनी जानकारी का आकलन किया गया। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करें तथा नागरिकों को सही एवं सत्य जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित करें।

कानूनी जानकारी का भी परीक्षण किया गया

इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी। अधिकारियों को बताया गया कि सेंसेस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल, एंड्रॉइड एवं आईओएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन, स्व-गणना सुविधा, वेब पोर्टल, वेब मैपिंग एप्प, एआई चैटबॉट तथा डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। फील्ड से समस्त डेटा सीधे डिजिटल मोड में संकलित किया जाएगा, जिससे त्रुटियों में कमी आएगी तथा त्वरित विश्लेषण संभव हो सकेगा। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों को स्पष्ट किया गया कि जनगणना से संबंधित सभी सूचनाएँ पूर्णतः गोपनीय रहेंगी और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी का अनधिकृत प्रकटीकरण दंडनीय अपराध माना जाएगा। चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की समय पर नियुक्ति सुनिश्चित करें तथा उन्हें समुचित प्रशिक्षण प्रदान करें।

जल नमूनों की जांच, स्वास्थ्य शिविर आयोजन एवं सतत निगरानी जारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम अम्बिकापुर को दिनांक 22 फरवरी 2026 को वार्ड क्रमांक 40 मोमिनपुरा अयान मार्ग एवं नवागढ़ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पीलिया से ग्रसित 40 से 45 मरीजों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही निगम की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित वार्ड पार्षद से समन्वय स्थापित कर संदिग्ध घरों का चिन्हांकन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्रों में विगत 02 से 03 माह की अवधि में 40 से 45 पीलिया के प्रकरण पाए गए थे। इसके पश्चात् निगम द्वारा 23 एवं 24 फरवरी 2026 को प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न घरों से कुल 35 जल नमूने एकत्रित कर शासकीय मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में ई-कोलाई बैक्टीरिया की जांच हेतु भेजे गए। 25 फरवरी 2026 को प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार 35 में से 34 नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि केवल 01 नमूना स्वीकार्य सीमा से ऊपर पाया गया। इसके अतिरिक्त जल नमूनों को परीक्षण हेतु पीएचई विभाग की एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं, सूरजपुर एवं रायपुर भेजा गया है, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनांक 23 फरवरी 2026 को प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 63 संदिग्ध महिला एवं पुरुषों के रक्त नमूने लिए गए, जिनमें से 47 व्यक्तियों की जांच की गई। परीक्षण उपरांत केवल एक व्यक्ति में पीलिया के लक्षण पाए गए, शेष में पीलिया की पुष्टि नहीं हुई। 24 फरवरी 2026 को भी 32 अतिरिक्त रक्त नमूने लिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट अभी अप्राप्त है। समाचार पत्रों में खटिकपारा में 13 वर्षीय बालक एवं जनपदपारा में 40 वर्षीय व्यक्ति की पीलिया से मृत्यु की सूचना प्रकाशित होने पर स्वास्थ्य विभाग से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की गई। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि दोनों मृत्यु अन्य बीमारियों के कारण हुई हैं। निगम द्वारा शहर में संचालित 02 फिल्टर प्लांट के माध्यम से प्रतिदिन 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर

बलरामपुर/नवप्रदेश। दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जीवन केवल भौगोलिक कठिनाइयों से ही नहीं बल्कि असुरक्षा, संसाधनों की कमी और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा संघर्ष है। ऐसे ही चुनौतीपूर्ण हालात में ग्राम पंचायत बादा निवासी नक्सल पीड़ित श्री धरमपाल ने वर्षों तक कठिन जीवन व्यतीत किया। सीमित आय, जर्जर कच्चा मकान और परिवार की सुरक्षा की चिंता उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी थी। धरमपाल बताते हैं कि उनके पिता स्वर्गीय रामसाय गांव

के पटेल थे और कृषि कार्य से परिवार का पालन-पोषण करते थे। लेकिन माओवादी हिंसा में उनके पिता की हत्या के बाद परिवार की जीवन-धारा जैसे रुक सी गई। परिवार में उनकी माता, दो पुत्र एवं पांच पुत्रियों के सामने आजीविका और सुरक्षा की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। पिता के असमय निधन ने पूरे परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से झकझोर दिया। इन विषम परिस्थितियों में धरमपाल किसी तरह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। लेकिन शासन की पहल से वर्ष 2024-25 में नक्सल पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्थायी आवास उपलब्ध कराने हेतु राहत दी गई। जिसमें धरमपाल का भी चयन प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किया गया और उन्हें पक्का मकान स्वीकृत हुआ और अब धरमपाल का परिवार पक्के आवास में सुरक्षित जीवन जी रहा है। धरमपाल बताते हैं कि जहां पहले चिंता बनी रहती थी।

पीएम सूर्यघर योजना से बिजली बिल से मिली राहत

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासन की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। साथ ही भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले में इस योजना के प्रति आमजन में तेजी से रूचि बढ़ रही है और लोग सोलर पैनल लगाकर बिजली बचत के साथ-साथ ऊर्जा-दाता भी बन रहे हैं।

विकासखण्ड राजपुर के ग्राम लड़ूवा निवासी श्री विकास शर्मा ने अपने घर के छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल

लगवाया है। सोलर पैनल लगवाने में केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले हर माह उनका बिजली बिल अधिक आता था, परन्तु सोलर पैनल लगने से अब उन्हें अधिक बिजली बिल की चिन्ता से मुक्ति मिलेगी। साथ ही इसके अलावा अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने पर वह ग्रिड में भी जमा होगी, जिसका उपयोग जरूरत पडने पर भविष्य में किया जा सकता है।

विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत की उपयोगी एवं लाभकारी है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ लेकर बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा-दाता बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दें।

21 पदों पर 84 रिक्तियों के लिए जारी विज्ञापन रद्द

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 21 विभिन्न पदों पर कुल 84 रिक्तियों के लिए हाल ही में शुरू की गई संविदा भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए 5 फरवरी को विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी निर्धारित की गई थी। इसके बाद 20 फरवरी को सेक्रेटियल असिस्टेंट के पदों की संख्या बढ़ाने हेतु शुद्धिपत्र भी जारी किया गया था। आवेदन की भारी संख्या और पात्रता, अपात्रता तथा कौशल परीक्षा सहित पूरी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय चयन समिति ने वर्तमान भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर आनलाइन आवेदन मंगाने का निण्रय लिया गया है। इसके स्थान पर आगामी भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा।

विवादित फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग, सर्व यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर। सर्व यादव समाज की जिला इकाई (एमसीबी) ने एक आगामी विवादित फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और संबंधित उच्च अधिकारियों को संबोधित इस ज्ञापन के माध्यम से अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

ज्ञापन के अनुसार, फिल्म निर्माता अंकित भडाना और संदीप तोमर द्वारा निर्मित फिल्म

'यादव जी की लव स्टोरी' आगामी 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली है। समाज का आरोप है कि फिल्म में यादव युवती और मुस्लिम युवक के बीच दिखाए गए काल्पनिक प्रेम प्रसंग से यादव समाज की बहन-बेटियों के सम्मान को ठेस पहुँच रही है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि फिल्म का शीर्षक और इसकी कहानी न केवल सामाजिक भावनाओं को आहत कर रही है, बल्कि इससे क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की भी आशंका है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि इस विषय को लेकर देशभर के यादव समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। सर्व यादव समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की है कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व उचित कार्यवाही की जाए और आवश्यकता पड़ने पर फिल्म पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

आयोजन आज की युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही जीवन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती है

अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत 'सियान विवेक युवा आनंद' कार्यक्रम आयोजित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा आज अटल वयो अभ्युदय योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन की दिशा में ठोस पहल करते हुए 'सियान विवेक युवा आनंद' (इंटर जेनरेशनल बॉन्डिंग इवेंट) कार्यक्रम का आयोजन राजमोहिनी भवन में किया गया। कार्यक्रम में चिंतामणि महाराज, सांसद सरगुजा, मंजूषा भगत, महापौर, तथा प्रियंका गुप्ता, एम.आई.सी. सदस्य नगर निगम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों का सम्मान एवं संरक्षण, पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करना, पीढ़ियों के बीच संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देना तथा सामाजिक सुरक्षा एवं भावनात्मक लगाव को मजबूत करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से ही जीवन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का समाज में बहुमूल्य योगदान है तथा युवाओं को उनके अनुभव, सीख एवं सुझावों का सम्मान

करना चाहिए। उनके मार्गदर्शन से ही समाज और राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम स्थल पर समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत खेलकूद, परिचर्चा, 'पुरखौती किस्सा' कहानी सत्र, पहेली एवं प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिससे वरिष्ठजनों एवं युवाओं के बीच आत्मीय संवाद स्थापित हुआ। इस अवसर पर व्ही.के. उके, उप संचालक, समाज कल्याण सरगुजा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

वरिष्ठजनों और युवाओं के बीच आत्मीय संबंध स्थापित किए

'सियान विवेक युवा आनंद' कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रचनात्मक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेलकूद, परिचर्चा, 'पुरखौती किस्सा' कहानी सत्र, पहेली एवं प्रश्नोत्तरी जैसे आयोजनों ने वरिष्ठजनों और युवाओं के बीच आत्मीय संबंध स्थापित किए। इन गतिविधियों का उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा, भावनात्मक लगाव और पारिवारिक एकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम स्थल पर समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे उपस्थित लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी मिली। जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में बुजुर्गों के सम्मान और संरक्षण को समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया। इस अवसर पर व्ही.के. उके, उप संचालक समाज कल्याण सरगुजा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब युवा और वरिष्ठ पीढ़ी एक मंच पर संवाद करती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई संभावनाएँ जन्म लेती हैं और आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है।

भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत मुंगेली में ज्ञापन सौंपा गया

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में पारित पांच सूत्रीय प्रस्ताव को लेकर आज राष्ट्रव्यापी आंदोलन का आह्वान किया था। जिसमें देश के सभी जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाना तय किया गया था।

भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई मुंगेली ने दोपहर 3 बजे जिला मंत्री रविकांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में जिले में निवासरत भारतीय मजदूर संघ के समस्त जिला ईकाई के पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्यों के अलावा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध यूनियन छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ, आंगनबाड़ी, रसोईया संघ, विपणन के पदाधिकारी सदस्य शामिल हुए। प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन में प्रमुख मांगे सभी सेक्टरों में श्रम कानून को एक साथ लागू किया जाएं। इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 तथा हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में सुधार किया जाये। त्रिपक्षीय कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएं। ईपीएस 95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन को 1000 से बढ़ाकर 7500 किया जाये एवं महंगाई राहत से जोड़ा जाएं। ईपीएफमें अनिवार्य अंशदान सीमा 1500 से बढ़ाकर 3000 प्रतिमाह किया जाएं। इएसआईसी के तहत कवरेज के लिए वेतन सीमा 21000 से बढ़ाकर 42000 रुपए प्रतिमाह किया जाएं। बोनस अधिगम 1965 के तहत सीलिंग 7000 से

बढ़ाकर 21000 रुपए प्रतिमाह किया जाएं। स्कीम वर्कर जैसे आंगनवाड़ी, आशा वर्कर एवं ठेका श्रमिकों को स्थाई किया जाएं। आम भर्ती पर लगी रोक को तुरंत हटाया जाएं। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन की प्रमुख मांगों में राज्य शासन के अनुरूप पॉवर कंपनी में अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन योजना लागू की जाएं। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुसार राज्य शासन के कर्मचारियों के निराकरण हेतु जल्द कमेटी का गठन किया जाएं।

श्रम कानून, पेंशन और वेतन संबंधी प्रमुख मांगें

ज्ञापन में इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 व हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में सुधार, ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने, ईपीएफ अंशदान सीमा बढ़ाने, ईएसआईसी कवरेज सीमा 42000 रुपये करने और बोनस अधिनियम की सीमा बढ़ाने की मांग की गई। साथ ही आंगनबाड़ी, आशा वर्कर व ठेका श्रमिकों को स्थायी करने तथा आम भर्ती पर लगी रोक हटाने की मांग भी रखी गई।

न्यूज गैलरी

लखपति महिला पहल के अंतर्गत बिहान की महिलाओं का नवाचार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत संचालित लखपति महिला पहल के तहत सरगुजा जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नवाचार करते हुए 'आशा बिहान बाजार' की शुरुआत की गई है। जिससे अब ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को सीधे बाजार मिल सकेगा।जिले के अम्बिकापुर विकासखण्ड अंतर्गत किशुनगर की स्व-सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती आशा रवि ने 'आशा बिहान बाजार' की शुरुआत कर महिला स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बिहान से प्राप्त आर्थिक सहयोग के माध्यम से अब वे समूह से जुड़ी विभिन्न महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का संगठित एवं सुव्यवस्थित विक्रय कर सकेंगी।शुद्ध सरसों तेल, मल्टीग्रेन आटा, अचार और अन्य हस्तशिल्प-को उचित बाजार न मिल पाने के कारण विक्रय में कठिनाई होती थी। आशा रवि ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए बिहान योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता से स्वयं का बाजार स्थापित किया है। अम्बिकापुर के भट्ठी रोड में फूडपार्क के सामने स्थित आशा बिहान बाजार में महिलाओं द्वारा निर्मित नेचुरल प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे।'लखपति महिला पहल' के अंतर्गत आशा रवि को कुल 10 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 5 लाख रुपये प्रदाय किए जा चुके हैं, जिसका उपयोग कर उन्होंने इस बाजार की नींव रखी। अब इस केंद्र के माध्यम से आसपास के समूहों के उत्पादों का आसानी से विक्रय हो सकेगा, जिससे सैकड़ों महिलाओं की आय में वृद्धि होगी।

मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक में मिला पीलिया का लक्षण

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-40, मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक व्यक्ति के सैंपल में पीलिया के लक्षण मिले हैं। वार्ड से संकलित पानी के 35 सैंपलों की जांच में सिर्फ एक सैंपल में बैक्टीरिया एक्सेप्टेबल रेंज से ऊपर मिला है। शहर में दो फिल्टर प्लांट्स के माध्यम से 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अंबिकापुर नगर निगम के आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 106 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से मिशन अमृत-1 के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति योजना लागू की गई है। इसका कार्य पूर्ण हो गया है एवं संचालन-संधारण का कार्य प्रगतिरत् है। योजना के तहत ग्राम सोहगा में इंटेकवेल का निर्माण कर कतकालो में 15 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र बनाया गया है। मिशन अमृत-1 के अंतर्गत 10 लाख लीटर क्षमता का ग्राउण्ड लेवल स्टोरेज रिजर्वायर (जीएलएसआर) बनाया गया है। 4 नवीन पानी टंकियों का निर्माण कर तथा विभिन्न साइजों के लगभग 241 कि.मी. पाइपलाइन बिछाकर जल प्रदाय किया जा रहा है। शहर के सभी 48 वार्डों में आवश्यकतानुसार पाइपलाइन का विस्तार किया गया है। आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्रान्तर्गत कुल 32.5 एमएलडी जल प्रदाय किया जाता है। इसमें तकिया आधारित पुरानी जल प्रदाय व्यवस्था अन्तर्गत पीवीसी एवं एसीपी पाइपलाइन को बदला गया है। पुराने डीआई पाइप को परिवर्तित नहीं किया गया था। जिस स्थान पर डीआई पाइप खराब हो गया था, वहां पर इन्हें बदला गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

समिति की राशि गबन के आरोप में वेटनरी के सहायक ग्रेड-02 निलंबित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा वित्तीय अनियमितता के मामले में कार्रवाई करते हुए उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग, अम्बिकापुर कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 प्रदीप कुमार अम्बष्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवरण क्रमांक-1 अंतर्गत हितग्राहियों के अंशदान की राशि रु. 44,54,700 (शब्दों में - चौवालिस लाख चौवन हजार सात सौ मात्र) उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, अम्बिकापुर जिला सरगुजा के खाता क्रमांक 32384036588 में जमा नहीं की गई। वहीं विवरण क्रमांक-2 अंतर्गत पशु रोगी कल्याण समिति, सरगुजा के खाता क्रमांक 1037917860 में राशि रु. 63,29,640 (शब्दों में दृ तिरसठ लाख उन्नीस हजार छह सौ चालीस मात्र) जमा नहीं किए जाने का मामला सामने आया। इस संबंध में श्री अम्बष्ट को दिनांक 13.07.2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात कार्यालय आदेश क्रमांक 638/स्थापना/दिनांक 22.07.2025 एवं 639/स्थापना/दिनांक 22.07.2025 के माध्यम से 5 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। समिति द्वारा दिनांक 28.07.2025 एवं 01.08.2025 को प्रस्तुत प्रतिवेदन में पाया गया कि संबंधित कर्मचारी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यालय पत्र क्रमांक 673/दिनांक 29.07.2025 एवं 722/दिनांक 08.08.2025 के माध्यम से पुन: कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, किंतु संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। जांच में यह भी पाया गया कि श्री अम्बष्ट द्वारा दिनांक 14.08.2025 को उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग, अम्बिकापुर के लेटरहेड का उपयोग व्यक्तिगत कार्य में किया गया।

प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य कथानक 'विज्ञान में महिलाएं-विकसित भारत को गति देते वाली' रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी, विज्ञान मॉडल, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए सराहनीय मॉडल प्रस्तुत करते हुए अपने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किये। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीएम श्री सेजेस दाऊपारा के आर्यन व समीर बंजारा ने प्रथम, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लगरा के उमेश व

जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य विषय था 'विज्ञान में महिलाएं - विकसित भारत को गति देती वाली'। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से हुई।

विजय ने द्वितीय और महाराणा प्रताप स्कूल झाफल के चंद्रभान व तुषार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल में वैदेही, श्रद्धा और प्रवीण (सभी पीएम श्री सेजेस) क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे, जबकि रंगोली में वर्षा (प्रथम), रिचा (द्वितीय) और लक्ष्मीन (तृतीय) तथा पोस्टर मेकिंग में सुधांशु, पूर्वी व प्राची ने शीर्ष स्थान हासिल किए। विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक व प्राचार्य अशोक कुमार राजपूत ने दैनिक जीवन में विज्ञान की महत्ता और नई तकनीकों की जानकारी पर प्रकाश डाला, वहीं कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत डॉ. जेपी मिश्र विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. एनके पुरले ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के वर्तमान महत्व से अवगत कराया। शाला प्राचार्य प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने अपने संबोधन में आयोजक एवं सभी कार्यक्रम सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक प्रतिभा निखारने एवं परखने का अच्छा अवसर होता है। उन्होने कार्यक्रम के विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्याख्याता शंकर सिंह राजपूत, व्याख्याता अरूनाभ मिश्रा, बीरबल सोनकर, अजय राठौर, रूपा चंद्राकर, ओंकार सिंह राजपूत, रंजीता केंवट, पंकज मिश्रा, वंदिता गुप्ता, रश्मि पाण्डेय, पुष्पांजली कोशले, पारूल ओझा, सविता देवांगन, हरिशंकर गुप्ता, सांत्वना दत्ता, जेबा तबस्सुम, शबनम बानों, उमाशंकर साहू का सराहनीय सहयोग सराहनीय रहा।

जिले में 93% आयुष्मान और 98% वय वंदना कार्ड निर्माण पूरा

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक तक योजना का लाभ पहुंचाने तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के शत-प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में 'हमर द्वार, हमर आयुष्मान' अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिन हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड या वय वंदना कार्ड नहीं बना है, वे जिला प्रशासन द्वारा जारी मोबाइल नंबर 7999586447, 8319456611 तथा कलेक्टोरेट स्थित कॉल सेंटर के नंबर 9406275514, 9406275513 और 9406275535 पर कॉल अथवा व्हाट्सएप संदेश भेजकर संपर्क कर सकते हैं। संपर्क प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम संबंधित हितग्राही के घर पहुंचकर आयुष्मान या वय वंदना कार्ड बनाएगी। कार्ड बनवाने के लिए आवेदक के पास अद्यतन आधार कार्ड, परिवार के राशन कार्ड में नाम तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस जनकल्याणकारी अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य सुरक्षा कवच को सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 05 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है। जिले में कुल लक्षित 08 लाख 31 हजार 340 हितग्राहियों में से 07 लाख 74 हजार 483 लोगों (93.2 प्रतिशत) का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। इसी प्रकार 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित 'वय वंदना कार्ड योजना' के अंतर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। वय वंदना कार्ड के तहत मिलने वाला बीमा लाभ सामान्य आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले कवर के अतिरिक्त है। जिले में कुल 17 हजार 131 लक्षित वरिष्ठ नागरिकों में से 16 हजार 879 (98.5 प्रतिशत) व्यक्तियों का वय वंदना कार्ड बनाया जा चुका है।

आवासीय विद्यालय में सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के प्रांगण में पीएम श्री योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लोरमी श्रीमती मनीषा पाटले और विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकगण और अभिभावक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक चरण में भारतीय विरासत और लोक कलाओं की सजीव झलक प्रस्तुत की गई, जिसका संक्षिप्त विवरण है। कक्षा 6 और 8 की छात्राओं ने पारंपरिक सुवा नृत्य तथा कक्षा 7 के छात्रों ने कर्मा नृत्य की अत्यंत ऊर्जावान प्रस्तुति देकर प्रकृति प्रेम और लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने गुजरात के गरबा नृत्य के माध्यम से मंच पर उत्सव का उल्लास बिखेरा। इसके साथ ही कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर कजरी गीत ने सावन की फुहारों का एहसास कराते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण क्षण कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक नाटक पन्नाधाय का बलिदान रहा।

नियमित स्क्रीनिंग, टीकाकरण और जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। महिलाओं में होने वाले गर्भाशय कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विकासखंड लोरमी, पथरिया एवं मुंगेली के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भाशय कैंसर के कारण, लक्षण, जांच प्रक्रिया और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने

बताया कि गर्भाशय कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसे प्रारंभिक अवस्था में नियमित जांच के माध्यम से पहचाना जा सकता है।

मास्टर ट्रेनर डॉ. शीला साहा ने प्रशिक्षण में महिलाओं को नियमित स्क्रीनिंग और टीकाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, ताकि इस बीमारी से होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। डॉ. मनीष बंजारा ने एनसीडी एप्प के संबंध में एन्ट्री सहित अन्य जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत स्क्रीनिंग एवं एनक्यूएएस की आगामी तैयारियों को लेकर भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जल एवं स्वच्छता मिशन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सम्पन्न हुई। उन्होंने जिले में योजनांतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करें, निर्धारित मापदण्ड अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी कार्य पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने जल स्त्रोतों के निर्माण के लिए सभी कार्यों को 31 मार्च के पूर्व समाप्त करने के निर्देश दिए। वहीं समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने दिवाई टिकरा समूह जल प्रदाय योजना का इंटेक वेल का कार्य तत्काल प्रारंभ करते हुए वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण करने निर्देशित किया। बैठक में ठेकेदारों के समस्त अनुबंध के कार्यों की समीक्षा की गई।

बजट से निराश मनरेगा कर्मी, नियमितीकरण पर नहीं मिली राहत

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश के बजट में संविदा कर्मचारियों के लिए के लिए कुछ भी नहीं किया गया है जिसके चलते प्रदेशभर के मनरेगाकर्मी बजट को निराशाजनक बता रहे हैं।

हालांकि सरकार में आने के पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वीडियो जारी कर संविदा कर्मचारियों के स्थायीकरण नियमितिकरण का मार्ग भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार द्वारा किये जाने का वादा किया था। किन्तु वर्षों से नियमितीकरण का आस लगाने वाले मनरेगाकर्मियों को पिछले 3 साल से वेतन वृद्धि भी नहीं मिला है। बजट को लेकर संविदा, अनियमितकर्मी, कर्मचारी वर्ग असंतुष्ट है। वर्ष 2023 के बाद से 3 साल में वेतन वृद्धि नहीं होने, स्थायीकरण, नियमितिकरण के संदर्भ में कोई सकारात्मक पहल, निर्णय नहीं आने, लगातार संविदा, अनियमित कर्मचारियों की छंटनी होने, सेवा व सामाजिक सुरक्षा नहीं होने, सुप्रीम कोर्ट व मध्य प्रदेश की तर्ज पर समान काम समान वेतन लागू नहीं किये जाने के कारण संविदा, अनियमित कर्मी शासन के सबसे बड़े कर्मचारी वर्ग वर्तमान बजट, वित्त मंत्री व सुशासन की सरकार से नाखुश है। अल्प वेतन, मानदेय में मनरेगा के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एसआईआर एवं शासन के अन्य कार्य इनसे लिए जा रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद सुरक्षित भविष्य के लिए कोई मानव संसाधन नीति भी सरकार लागू नहीं कर पाई है, जिसके लिए ये कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं। मनरेगा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी शासित मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं बिहार जैसे विभिन्न राज्यों में मनरेगा कर्मियों के सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन भुगतान संबंधी एक अच्छी मानव संसाधन नीति लागू है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय जनता पार्टी की "डबल ईंजन की सरकार" होने के उपरांत भी ये मनरेगा कर्मी नियमितिकरण सहित अपनी सेवा, सामाजिक सुरक्षा एवं वेतन संबंधी सुविधाओं से वंचित है। वर्तमान में मनरेगा सहित प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं पंचायत स्तर के शासन के अन्य कार्य मनरेगा कर्मियों से नियम नहीं होने के बाद भी कराये जाते हैं।

प्रथम पेज का शेष

रिटायर्ड आईएएस गणेश ...

और विकास योजनाओं के संचालन में अहम भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति को राज्य की विकास नीतियों और दीर्घकालिक योजना निर्माण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम

सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उपाध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों और नीतिगत दिशा तय करने में अहम होगी। इस नियुक्ति को प्रशासनिक और नीतिगत दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

विकास में अनुभव का मिलेगा लाभ

गणेश शंकर मिश्रा की नियुक्ति ऐसे समय पर हुई है, जब राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाओं के विस्तार और नई नीतियों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। उनके अनुभव और प्रशासनिक समझ से राज्य नीति आयोग की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने में मदद मिलने की संभावना है।

'करप्शन इन ज्यूडीशियरी'...

की कार्रवाई भी हो सकती है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी। बुधवार को सीजेआई की फटकार के बाद एनसीईआरटी ने इस मामले में माफी मांग ली थी।

इस मामले में सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया।

सुप्रीम कोर्ट के 4 बड़े निर्देश

- केंद्र और राज्यों के शिक्षा विभाग तय करें कि किताब चाहे स्कूलों में हो, छपी हुई हों या डिजिटल, तुरंत लोगों की पहुंच से हटाई जाए।

- किताब के प्रिंटेड या डिजिटल वर्जन को बांटना कोर्ट के आदेश का जानबूझकर उल्लंघन माना जाएगा।

- सभी राज्यों के शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव 2 हफ्ते में इस मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपें।

- जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट कमेटी बनाएगा, जो पूरे मामले की जांच करेगी और जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी।

बिकीं हुईं 38 कॉपियां वापस लाने की कोशिश

28 शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इस किताब की 2.25 लाख कॉपियां छपी थीं। इनमें से सिर्फ 38 कॉपियां ही बाजार में बिक पाईं। अब इन कॉपियों को ढूंढकर वापस लेने की कोशिश की जा रही है। बाकी 2,24,962 कॉपियां गोदाम में ही थीं, जिन्हें वापस मंगा लिया गया है। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है।

भारत और इजरायल...

जॉइंट प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतन्याहू को उनके और उनके डेलीगेशन के गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट मेडल के स्पीकर का अवॉर्ड मिलने का जिक्र करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि वह यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों और भारत और इजरायल के बीच हमेशा रहने वाली दोस्ती को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा, ÷हमारा रिश्ता गहरे भरोसे, साझा डेमोक्रेटिक मूल्यों की मजबूत नींव पर बना है... हमारे रिश्ते समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। आज, हमने अपनी समय की कसौटी पर खरी उतरी पार्टनरशिप को स्पेशल स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। यह फैसला दोनों देशों के विजन को दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत का सिक्योरिटी इंटरेस्ट मिडिल ईस्ट में शांति और स्टेबिलिटी से जुड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत और इजरायल आतंकवाद और उसके समर्थकों का विरोध करने में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं, और हम ऐसा करते रहेंगे उन्होंने बताया कि इजरायल में यूपीआई के इस्तेमाल के लिए एक एग्रीमेंट हो गया है। भारत-इजरायल रिश्ता गहरे भरोसे, शेयर्ड डेमोक्रेटिक वैल्यूज और इंसानी सेंसिटिविटीज की मजबूत नींव पर बना है। पीएम ने यह भी कहा कि भारत वेस्ट एशिया में शांति स्थापित करने के लिए सभी पार्टनर्स के साथ कंसल्ट और कोऑपरेट करना जारी रखेगा।

मुझे क्यों नहीं बनाया....

आयोजनकर्ता के नीचे महाविद्यालय के प्राध्यापकों और सहायक प्राध्यापकों के नाम छपे होने से प्रबंधन की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगी नई दिशा, बेरोजगारों युवाओं के लिए नए पदों का सृजन ना होना चिंताजनक

अमृत काल का बजट छत्तीसगढ़ के विकास को देगा नई दिशा - ललित चंद्राकर

दुर्ग। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2026-27 का दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट अमृत काल का बजट है, जो छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा देगा। चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। यह बजट छत्तीसगढ़ के हर तबके की तरक्की के लिए एक मजबूत नींव साबित होगा। बजट में गरीब कल्याण योजना के तहत 3400 करोड़, महतारी वंदन योजना के तहत 3000 करोड़, कृषक उन्नति योजना 10,000 करोड़, भूमिहीनों के लिए दीनदयाल उपाध्याय योजना 600 करोड़, रायपुर-दुर्ग मेट्रो सर्वे के लिए प्रावधान, नए औद्योगिक पार्क 700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ललित ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास का संकल्प साकार करने कृषक उन्नति योजना हेतु10,000 करोड़, विद्युत पंपों के लिए बिजली सब्सिडी हेतु 5,500 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु 820 करोड़, दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण हेतु 600 करोड़, गन्ना किसानों को बोनस हेतु 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। आवासहीन ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने 4,000 करोड़, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना हेतु 100 करोड़, शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु 100 करोड़ का प्रावधान, खाद्य सुरक्षा 6500 करोड़, डेयरी समग्र विकास योजना के अंतर्गत 90 करोड़ का प्रावधान किया गया है। विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि ज्ञान के उत्थान में गति की शक्ति से संकल्प के साथ आगे बढ़ती छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा संतुलित विजन से सतत विकास की अप्रतिम यात्रा है। ललित ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,72,000 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट पेश किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को केंद्रित करते हुए साय सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। बजट में किसानों, गरीबों, युवाओं, मातृशक्ति और आदिवासी समाज के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। बजट से 'सुशासन से समृद्धि' के मॉडल को एक मजबूत आधार मिलेगा और इसका समुचित लाभ छत्तीसगढ़वासियों को मिलेगा।

बजट में रोजगार व रिक्त पदों की पूर्ति की बात नहीं, युवाओं व बेरोजगारों के लिए बजट निराशाजनक : मेश्राम

भिलाई। अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम ने छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताया है। अनिल ने कहा कि बजट में बेरोजगार युवाओं के लिये नवीन पदों का सृजन नहीं किया गया है। हजारो रिक्त पदों की पूर्ति और एससी एसटी ओबीसी के रिक्त पदों के बैकलॉग को भरने की घोषणा की गई है। बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। महतारी वंदन योजना हेतु 8200 करोड़ सालाना का बजट रखा गया, जो अन्य योजनाओं में सबसे ज्यादा है। यह योजना सिर्फ तुष्टिकरण व लुभाने का उपाय मात्र है, ऐसी मुफ्त की योजनाओ से प्रदेश की श्रम व्यवस्था चौपट हो गई है। इसके बदले शासन को रोजगारोन्मुखी योजनाएं लाकर बेरोजगार युवाओं व महिलाओं के हित में कदम उठाना चाहिए। बजट से छत्तीसगढ़ में निवासरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग की 97 प्रतिशत आबादी को निराशा ही हाथ लगी है। सरकार को बजट में एससी एसटी ओबीसी वर्ग के रिक्त पदो पर भर्ती करने की घोषणा करनी चाहिए। इसके अलावा रोजगार के नए सृजन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

बजट सर्वस्पर्शी, राज्य की विकास दर और अमृत काल के विजन को दोगुना करने का लक्ष्य

जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट का स्वागत करते हुए कहा कि अमृत काल के विजन और राज्य की विकास दर को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ बजट तैयार किया गया है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी है, जो समाज के सभी वर्ग, महिला, किसान, युवा, उद्यमी की महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। साय सरकार छत्तीसगढ़ में आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेजी देने पर जोर दे रही है। मनोज ने बताया कि सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। रानी दुर्गावती योजना इस बजट की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक है। इसके तहत बच्चियों के 18 वर्ष पूरे होने पर उन्हें 1.50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को वार्षिक 12,000 रुपये की सहायता जारी रखने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। शहरी क्षेत्र में 250 और ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से अधिक नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण का प्रस्ताव है।

भाजपा कार्यालय सह प्रभारी राहुल पंडित ने कहा कि यह बजट युवा-शक्ति के लिए नए विश्वास और अवसरों का आलोक फैला रहा है। बजट में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार पर जोर दिया गया है। नए मेडिकल कॉलेज और 5 नालंदा लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव बजट में रखा गया है, जिसका सीधा लाभ युवाओं को होगा। राजनांदगांव में नए फिजियोथेरेपी कॉलेज, ट्रिपलआईटी में अधोसंरचना विकास हेतु 20 करोड़, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग सहित कवर्धा, रायगढ़, जशपुर और जगदलपुर में सीजी आईटी सस्थानों हेतु 38 करोड़ और आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधोसंरचना उन्नयन हेतु 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। स्वामी विवेकानद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए 100 करोड़ रु. का प्रावधान है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया ने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्प का बजट प्रस्तुत किया गया है। बजट राज्य के विकास का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राज्य के विकास के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हमेशा राज्य के विकास को रिवर्स गियर में ले जाने वाला बजट पेश किया। साय सरका के तीसरे बजट में 23 नए औद्योगिक पार्क से प्रदेश में रोजगार मिलेगा और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पांच नए मेडिकल कॉलेज की घोषणा से बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अधोसंरचना विकास के लिए 10 हजार करोड़ से प्रदेश में पुल-पुलिया, सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों का निर्माण होगा।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के लिए 80 करोड़ रुपए, ओबीसी वर्ग के छात्रों के लिए रायपुर में 200 सीटर छात्रावास, 26 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने की स्वीकृति से हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। बजट में जनजातीय विकास के तहत पीएम जनमन योजना के लिए 720 करोड़, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान हेतु 200 करोड़ और तेंदूपत्ता संग्राहकों हेतु चरण पादुका योजना के लिए 60 करोड़ का प्रावधान होने से जनजातीय क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। 'महतारी वंदन' और 'रानी दुर्गावती योजना', युवाओं के लिए 'उद्यम क्रांति', महतारी वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ रुपए का प्रावधान, कृषि उन्नत योजना के तहत 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बस्तर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने सहित पूरे छत्तीसगढ़ के समुचित विकास की दृष्टि में यह बजट तैयार किया गया है।

रायपुर से बस में बैठकर भिलाई आकर चुरा रहा था बाइक

इंजीनियर ने मास्टर-चाबी से चुराई 31 बाइक, 3 गिरफ्तार

■ **जशपुर में बेचते थे चोरी की बाइक**

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी की पार्किंग से बाइकों की सिलसिलेवार चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि गिरोह का सरगना मैकेनिकल इंजीनियर निकला। मुख्य आरोपी ई पापा राव पहले बीएसपी में संविदा पर काम करता था। आरोपी रायपुर से बस में बैठकर भिलाई आता था। पावर हाउस चौक पर उतरकर पैदल बीएसपी के मेन गेट पार्किंग में मास्टर चाबी से होंडा साइन मॉडल की बाइक पार कर देता था। जून 2024 से सक्रिय इस गिरोह ने एक साल में 31 बाइक चुराईं। बाइक चोर इन बाइकों को जशपुर के कुनकुरी में खपाते थे। पुलिस ने बताया कि 7 नवंबर 2025 को एक वारदात से अहम सुराग मिला। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी लंगड़ाते हुए बाइक चोरी करते दिखा। पैर में लोहे की रॉड होने के कारण आरोपी की चाल अलग थी। यही पहचान उसकी गिरफ्तारी की वजह बनी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने ट्रैकिंग शुरू की और सरगना तक पहुंच गई। पुलिस ने जशपुर से बाइक जब्त कर मुख्य आरोपी ई. पापा राव, मनोज राम और राम सेवक प्रजापति उर्फ रवि को गिरफ्तार किया है। 31 लाख रुपए कीमत की 31 बाइक भी बरामद हुई है। आरोपी ई. पापा राव ने 7 नवंबर को बीएसपी के आरटीएस में कॉन्ट्रैक्ट वर्कर विपिन साहू की बाइक मेन गेट की पार्किंग से चोरी की थी। चोरी का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला। इसी फुटेज से पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। बाइक चोरी के मुख्य आरोपी ई. पापा राव ने भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। वह पहले खुर्सीपार क्षेत्र में रहता था, लेकिन वर्तमान में रायपुर के चंगोरा भाठा में रहता था। आरोपी के पास एक मास्टर चाबी थी, जिससे वह खासतौर पर होंडा साइन मॉडल की बाइक को आसानी से खोल लेता था। इसके अलावा उस चाबी से खुलने वाली अन्य बाइक भी चोरी कर ले जाता था। भिलाई-भट्टी थाना क्षेत्र में 23 बाइक चोरी के मामले दर्ज हैं। छावनी थाना, जीआरपी थाना और रायपुर के विभिन्न थानों में भी उसके खिलाफ केस दर्ज हैं। आरोपी ने बताया कि चोरी की बाइक को जशपुर जिले के कुनकुरी में अपने दो साथियों को बेचने के लिए देता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुनकुरी से 11 बाइक जब्त कीं। मनोज राम और राम सेवक प्रजापति उर्फ रवि को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी मैकेनिक का काम करते थे।

बीएसपी के मेन गेट पार्किंग से ज्यादा चोरी

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 1 जनवरी से 14 दिसंबर 2025 के बीच 31 बाइक की चोरी हुई। इनमें सबसे ज्यादा 19 बाइक बीएसपी के मेन गेट के बाहर बनी पार्किंग से चोरी हुई हैं, जबकि 4 बाइक बीएसपी के बोरिया गेट की पार्किंग से गायब हुए। गणेश पंडाल से 2 बाइक चोरी हुईं। सेक्टर-1 गार्डन से भी 2 बाइक चोरी की घटनाएं दर्ज की गईं। प्लांट के अंदर बिलेट यार्ड कंट्रोल रूम के बाहर से 1 बाइक, सेक्टर-3 के चाइना मार्केट से 1 बाइक चोरी हुई। बीटीआई भवन की पार्किंग से 1 बाइक और आईआर विभाग कार्यालय के गेट के बाहर से 1 बाइक चोरी हुई थी।

जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 26 फरवरी को 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। बैठक में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने सर्व संबंधितों विभागों के अधिकारियों और बैंकर्स को उपस्थित रहने कहा है।

कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ0ग0)
E-mail - npkharora@gmail.com

क्रमांक / **3143**/न.पं. / लो.नि.वि./2025-26 — खरोरा, दिनांक **25.02.2026**

// षष्ठम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि
186183	Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (6th Call)	187.55	09-03-2026 (Time 9.00 PM)

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ0ग0)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दर्शन सूर्यवंशी पिता पंचराम निवासी ग्राम पंधी प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सीपत तहसील मस्तूरी जिला-बिलासपुर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के भाभी (कैलाशाबाई) की मृत्यु दिनांक 06.12.2008 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने भाभी नाम कैलाशा बाई पति- सुरीतराम का मृत्यु का प्रमाण पत्र की मांग किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27.02.2026 को अपना द्वावा आपत्ति उप तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं म्याद वाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2026 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
सीपत
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/क/ तह/वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 26/02/2026

ग्राम **जूनाबिलासपुर** के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्रीमती नाहिद परवीन पति स्व. श्री ख्वाजा हसन खान** निवासी तारबहार बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिये आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र **आयेशा राफिया पिता स्व. श्री ख्वाजा हसन खान** के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएसएस) के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे कार्यालय में दिनॉक 10.03.2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 26.02.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

मुहर
तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

आयुक्त ने विकास कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय ने आज जोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स, तालाबों की स्थिति और स्वच्छता व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड 31, मदर टेरेसा नगर के सुन्दर नगर बस्ती में चल रहे सीमेंटीकरण रोड निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। केनाल रोड निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर तत्काल सीमांकन व मार्किंग कार्य पूर्ण करने कहा।

श्याम नगर तालाब में फैली जलकुंभी को तत्काल निकालने के निर्देश दिए। सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का निरीक्षण कर वहां पानी की उपलब्धता और सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। गलियों, मोहल्लों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने कहा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे व निगम के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड एम.सी.बी., जिला- एम.सी.बी. (छ.ग.)

नि.सू.क्र./ 20 / व.ले.लि./ले.शा./का.अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड 2025-26 — एम.सी.बी. दिनांक 02.02.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आंमत्रित की जाती है -

स.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि रू.	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु छोड़कर	ठेकेदार की श्रेणी
1	जिला एम.सी.बी. के विधानसभा क्षेत्र नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ में जमा मद अंतर्गत 07 नग 150 मि.मी. व्यास के 120 मीटर गहरे नलकूपों का खनन कार्य समस्त सामग्री के साथ संलग्न शेड्यूल अनुसार।	11.76	8820.00	750.00	03 माह	एकल निविदा पद्धति में श्रेणी डी व ऊपर

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02-03-2026 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

जी-252606912/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-एम.सी.बी. जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

निगम की टीम ने तोड़ा अवैध निर्माण

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई जोन 1 नेहरू नगर के अंतर्गत विनोबा नगर परिया पारा में अवैध निर्माण को निगम की टीम ने तोड़कर कब्जा मुक्त कर दिया है। यहां आसाराम ज्ञान सिंह बबलू ने नाली पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण कर लिया था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय और जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के निर्देश पर जोन-1 के राजस्व एवं बेदखली टीम ने मौका निरीक्षण किया। नाली पर किये गए अतिक्रमण को तोड़ दिया गया।

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी पखांजुर/60-2/2025-26/8769 — नवा रायपुर, दिनांक 25/02/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: http://samb. eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति पखांजूर जिला उ.ब. कांकेर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 20.03.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 26.03.2026

क्र.	कार्य का नाम / स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	एस.ओ.आर विवरण
1	मुख्य प्रांगण पखांजुर एवं उपमंडी प्रांगण अंतागढ़ में एक-एक नग 500 मी. टन गोदाम तथा मंडी प्रांगण पखांजूर में मेन रोड से गोदाम (1000 मी.टन) तक सी.सी. ब स्टाफ क्वार्टर से गोदाम (200 मी.टन से 1000 मी. टन) से कार्यालय भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	138.22	लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 तथा सड़क कार्य दि. 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर.

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति पखांजुर, जिला उ.ब. कांकेर

संवाद- 47020/2

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति पखांजुर, जिला उ.ब. कांकेर

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 24/03/2026

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **24/03/2026** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 23/03/2026 एवं ई-नीलामी की तिथि: 24/03/2026

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
1) **मैसर्स आरना पेपर प्रोडक्ट्स**, भाटापारा मोहल्ला, पुष्पा कंपाउंड, देवपुरी, रायपुर (छ.ग.)-492001 2) **श्री धर्मपाल सिंह** 3) **श्री गौरव सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह** 4) **श्री सौरभ कुमार सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह, सभी का पता:** एफ-7, शिवाजी पार्क, विधानसभा रोड, सड्डू, रायपुर (छ.ग.) - 492001 5) **श्रीमती ज्योति सिंह**, एल आई जी- 100/7, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अवंती विहार, रायपुर (छ.ग.)- 492006	**संपत्ति नं. 1:- श्रीमती ज्योति सिंह** के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-99, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः दक्षिण में-** फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 100, **उत्तर में-** खुला स्थान, **पश्चिम में-** ब्लॉक नं.10, **पूर्व में-** मार्ग। **संपत्ति नं. 2:- श्री गौरव सिंह** के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्लूएस-99, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. 9, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कचना, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 32.48 वर्ग मीटर (349.48 वर्ग फुट) में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः दक्षिण में-** खुला स्थान, **उत्तर में-** फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस 99, **पश्चिम में-** ब्लॉकनं. 10, **पूर्व में-** मार्ग। **संपत्ति नं. 3:- श्री सौरभ कुमार सिंह** के नाम पर फ्लैट नं. ईडब्ल्यूएस-183, चतुर्थ तल, ब्लॉक नं. 8, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 50.41 वर्गमी. (542.41 वर्गफुट) में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः दक्षिण में-** फ्लैट नं. एलआईजी-184, **उत्तर में-** ओटीएस, **पश्चिम में-** पैसेज, **पूर्व में-** ब्लॉक नं. 9.	20.09.2022 / 05.12.2022 / ₹ 49,17,427.81 02.12.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	Property-1: ₹ 5,98,000/- / ₹ 59,800/- / ₹ 10,000/-; Property-2: ₹ 5,98,000/- / ₹ 59,800/- / ₹ 10,000/-; Property-3: ₹ 11,41,000/- / ₹ 1,14,100/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Raipur Main Branch (Mo. 7880150204)
ऋणी- श्रीमती विनीता जलोटा पत्नी राजकुमार जलोटा, महिंद्रा राइस मिल, वर्धमान नगर देवपुरी, आरंग, रायपुर-492015. **श्री राजकुमार जलोटा पुत्र राजकुमार जलोटा**, महिंद्रा राइस, वर्धमान नगर देवपुरी, बिन्द्रनवागढ़, रायपुर- 492015.	खसरा नं. 110/17 के परिवर्तित भाग 110/48 मौजा- चंगोराभाटा, प.ह.नं. 105/59 खूबचंद बघेल वार्ड नं. 67, भाटागांव, आरएनएमः रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 816 वर्गफुट पर स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** प्रशांत उइके का मकान, **दक्षिण-** तिवारी जी की भूमि, **पूर्व-** संजू देवांगन का मकान, **पश्चिम-** सड़क।	15/05/2025 / 30/07/2025 / ₹ 24,25,542.59 01.12.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 20,50,000/- / ₹ 2,05,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Raipur Rajiv Nagar Branch (Mo. 9424204022)
श्री सूरज दास, बसंत मार्बल गली, शिव मंदिर, लक्ष्मी रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.	खसरा नं. 1590/39, प.ह.नं. 81, मौजा- बोरियाकला, बोरियाकला शासकीय हाई स्कूल के पास, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल - 1400 वर्ग फीट में स्थित आवासीय प्लॉट के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** बोरियाकला शासकीय स्कूल की भूमि, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** कार्तिकेय चंदे की भूमि, **पश्चिम-** श्रीमती धनेश्वरी साहू की भूमि।	17/07/2025 / 09/10/2025 / ₹ 19,34,389.96 02.12.2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 17,75,000/- / ₹ 1,77,500/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Raipur GE Road Branch (Mo. 8770592270)
श्री शेख कासीम पुत्र- शेख दाउद, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773. एवं **श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पत्नी- शेख कासीम**, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	शहर सर्वे शीट नं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, क्षेत्रफल- 118.50 वर्गफीट में स्थित शामिल संपत्ति के समस्त भाग व अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** मंगल प्रसाद का मकान, **दक्षिण-** त्रिलोक सिंह का मकान, **पूर्व-** मंगल प्रसाद का मकान, **पश्चिम-** नगर निगम रोड.	17.02.2020 / 12.10.2020 / ₹ 16,34,781.70 05/11/2025 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 9,43,000/- / ₹ 94,300/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Dhamtari Branch (Mo. 9179933922)

ईएमडी जमा विवरणः आरक्षित मूल्य के 10% की ईएमडी राशि मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड (बैंकनेट) पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे या चालान बनाकर आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करने के लिए उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में 23/03/2026 को या उससे पहले जमा की जानी है।

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **23/03/2026** दोपहर **12.00** से सायं **3.00** बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें। (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द हितवादा' दिनांक 27/02/2026 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 26.02.2026 स्थानः रायपुर (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

केंद्रीय विश्वविद्यालय के होली सेलिब्रेशन में चले लात-घूंसे, पुलिस में अब तक शिकायत नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में होली सेलिब्रेशन के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि छात्रों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने शुरू कर दिए, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है। इस दौरान आयोजकों ने उन्हें शांत कराया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीयू का विवादों से गहरा नाता रहा है। कोई भी पक्ष अभी तक शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

छात्रों में हुआ मामूली विवाद

अभाविप के यूनिवर्सिटी ईकाई के पूर्व अध्यक्ष आराध्य तिवारी ने बताया कि, होली सेलिब्रेशन के दौरान लॉ के स्टूडेंट्स के बीच आपस में विवाद हुआ था। उन्हें समझाइश देकर शांत करा लिया गया है। विवाद बड़ा नहीं था। मामूली रूप से मारपीट हुई है। सीयू इकाई अध्यक्ष तुषार साहू ने भी स्पष्ट किया कि कुछ अज्ञात तत्वों ने कार्यक्रम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था, लेकिन मामला बाद में शांत हो गया।

अभाविप ने किया था रंगोत्सव कार्यक्रम

दरअसल सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई ने होली से पहले रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी ने होली के पहले डीजे की धुन पर जमकर डांस किया और रंग-गुलाल उड़ाए।

स्टेज पर चढ़ने को लेकर हुआ विवाद

कार्यक्रम के दौरान स्टेज पर चढ़ने को लेकर छात्रों के बीच विवाद हो गया, फिर देखते ही देखते आपस में मारपीट शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ छात्र जबरन स्टेज पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसका दूसरे छात्रों ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों गुट आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि कार्यक्रम स्थल पर मौजूद छात्र भी बीच-बचाव नहीं कर पाए। विवाद बढ़ने और मारपीट शुरू होते ही छात्र एक-दूसरे पर जमकर लात-घूंसे चलाने लगे। विवाद बढ़ते देखकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने उन्हें समझाइश देकर शांत कराया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

छात्रों के बीच हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि रंगोत्सव के माहौल में छात्र एक-दूसरे को धक्का देते और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस मामले की शिकायत न तो पुलिस से की गई है और न ही पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई की है।

न्यूज गैलरी

'उद्योग-बैंकर्स संवाद' कार्यशाला आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों, महिला उद्यमियों तथा पीएमईजीपी और पीएमएफएमई हितग्राहियों को बैंक ऋण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय उद्योग-बैंकर्स संवाद कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला रैम्प योजना के अंतर्गत 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से मोटल सिटी बिलासपुर (नया बस स्टैण्ड, तिफरा) में आयोजित होगी। कार्यशाला में जिले के कलेक्टर सहित उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं उद्योग संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को बैंक ऋण की प्रक्रिया, सरकारी योजनाओं की पात्रता एवं वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इस संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उद्यमियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधान का अवसर मिलेगा। साथ ही वे सीधे बैंक अधिकारियों एवं संबंधित विभागों से संवाद कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकेंगे। जिले के सभी उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों, पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे इस नि:शुल्क कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने उद्यम को नई दिशा दें।

अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रूपए निर्धारित किया गया है।

हुब्बल्लि मंडल में बीसीएम कार्य, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा एवं ट्रैक अनुरक्षण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में दक्षिण पश्चिम रेलवे के हुब्बल्लि मंडल के कैसलरॉक-कुलें घाट सेक्शन में लाइन ब्लॉक लेकर बीसीएम के माध्यम से ट्रैक अनुरक्षण एवं ट्रैक रिन्यूअल का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित निम्नलिखित गाड़ियों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा — 27 अप्रैल, 04, 11, 18 व 25 मई तथा 01 जून को जसीडीह से चलने वाली गाड़ी संख्या 17322 जसीडीह - वास्को द गामा एक्सप्रेस, हुब्बल्लि जंक्शन स्टेशन में समाप्त होगी तथा हुब्बल्लि जंक्शन से वास्को द गामा स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी। 1, 08, 15, 22 व 29 मई तथा 05 जून को वास्को द गामा से चलने वाली 17321 वास्को द गामा - जसीडीह एक्सप्रेस, वास्को द गामा के बजाय हुब्बल्लि जंक्शन स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा वास्को द गामा से हुब्बल्लि जंक्शन स्टेशनों के मध्य रद्द रहेगी।

मस्तूरी आईसीडीएस में वर्करों का बंधुआ मजदूर जैसा हाल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं के वेतन में बिना ठोस आधार की कटौती

बिलासपुर/मस्तूरी/नवप्रदेश। जिले के मस्तूरी ब्लॉक में एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के भीतर एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। यहाँ अल्प मानदेय पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के वेतन में बिना किसी ठोस आधार के कटौती की जा रही है। विशेष रूप से लोहर्सीऔर जयराम नगर जैसे क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं इस प्रशासनिक आतंक का शिकार हो रही हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या विधवा और परित्यक्ता महिलाओं की है, जिनके लिए यह मानदेय ही जीवनयापन का एकमात्र सहारा है।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि विभाग में सुपरवाइजरों का दबदबा इतना है कि जायज सवाल पूछने पर उन्हें काम से निकालने या और अधिक वेतन काटने की धमकी दी जाती है। यह स्थिति तब है जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को न केवल महिला एवं बाल विकास, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और निर्वाचन जैसे अन्य सरकारी विभागों के कार्यों में भी झोंक दिया जाता है। हम सुबह से शाम तक क्षेत्र में दौड़ते रहते हैं। लोहर्सी जैसे दूरस्थ इलाकों से रिपोर्ट जमा करने कार्यालय आते हैं। इसके बावजूद साहब लोग कहते हैं कि काम पूरा नहीं हुआ और 10 दिन की सैलरी काट लेते हैं। घर चलाना मुश्किल हो गया है।

पर्यवेक्षक की मनमानी

मिली जानकारी के अनुसार, विभाग की कुछ महिला पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) उच्चाधिकारियों और सीडीपीओ के सामने अपनी कार्यकुशलता की झूठी छवि चमकाने के लिए इन गरीब महिलाओं के मानदेय में धड़ल्ले से कटौती कर रही हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वे महीने भर निष्ठापूर्वक कार्य करती हैं, इसके बावजूद उपस्थिति पंजी और रिपोर्ट में हेरफेर कर उनका 10 से 12 दिन का मानदेय काट लिया जाता है।

कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद भी सुधार नहीं

यह पहली बार नहीं है जब मस्तूरी में वर्कर्स के हक पर डाका डाला गया हो। इससे पूर्व 'एसआईआर' कार्य में लगी कार्यकर्ताओं का वेतन भी इसी तरह काटा गया था। उस समय मामला तूल पकड़ने पर जिला कलेक्टर ने स्वयं हस्तक्षेप किया था, जिसके बाद कार्यकर्ताओं को उनका पूरा मानदेय प्राप्त हुआ था। हालांकि, कलेक्टर की उस सख्ती का असर कुछ ही समय रहा और अब फिर से वही पुराना ढर्रा शुरू हो गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने हाल ही में इस समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा था। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि ज्ञापन और शिकायतों के बावजूद धरातल पर नतीजा सिफर है। मगरूर अधिकारियों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है और मजबूर महिलाओं का शोषण बदस्तूर जारी है।

सुरक्षा व्यवस्था बदहाल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की स्थिति वर्तमान में बंधुआ मजदूर जैसी होती जा रही है। सुबह केंद्र खोलने से लेकर दोपहर में बच्चों को पोषण आहार वितरण, फिर सर्वे कार्य और शाम को ऑनलाइन डेटा एंट्री - इन सबमें उनका पूरा दिन बीत जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, एक कार्यकर्ता को मिलने वाला मानदेय पहले ही बेहद कम है, और उस पर भी कटौती करना उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

अधिकारियों का संरक्षण

अधिकारियों का संरक्षण
सूत्रों का दावा है कि यह सारा खेल सीडीपीओ की सरपरस्ती में चल रहा है। निचले स्तर की सुपरवाइजरों द्वारा की जा रही इस धांधली पर उच्चाधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। विभाग के भीतर ही चर्चा है कि वेतन कटौती के इस खेल के पीछे एक सोची-समझी रणनीति है।

स्पेशल केयर सेंटर में पोषण जागरूकता व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्पेशल केयर सेंटर में बिलासपुर डाइटीशियन एवं न्यूटरिशनिस्ट एएसोसिएशन बिलासपुर एवं लायंस क्लब बिलासपुर वुमन के संयुक्त तत्वावधान में पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों में संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष कविता पुजारा, सचिव वर्षा अरोरा, विधि अरोरा तथा लायंस क्लब की अध्यक्ष सईदा वनाक की उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों ने बच्चों एवं अभिभावकों को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में प्रेरित किया। स्पेशल ओलंपिक्स से जुड़ी सिमरन पुजारा ने विशेष बच्चों की ऊंचाई एवं वजन मापने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। शिविर में कुल 43 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनके विकास की निगरानी हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या शिवानी विठलकर सहित शिक्षण स्टाफ – पद्मा मैडम, नीमा मैडम, आरती मैडम एवं उमेश सर का विशेष सहयोग रहा। उनके समन्वय से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल के माध्यम से विशेष बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, पोषण स्थिति एवं नियमित वृद्धि मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान दिया गया।

मरणोपरांत नेत्रदान किए रविंद्र जोशी

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंबा पार्क, लिंगियाडीह निवासी व सेवानिवृत एसईसीएल कार्मिक अधिकारी रविंद्र दत्तात्रय जोशी का 25 फरवरी को निधन हो गया। उनके परिजन ने स्व. रविंद्र के नेत्रदान के संकल्प को पूरा करने सक्षम संस्था से संपर्क किया। इसके बाद संस्था के सदस्यों ने सिम्स के नेत्रदान सलाहकार धर्मेंद्र देवांगन से संपर्क कर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराई। वे अर्चना जोशी के पति, रचना जोशी के पिता और जयंत, गोविंद व सुरेन्द्र जोशी के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 9 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया।

रहंगी में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां तेज कलेक्टर-एसएसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी में 28 फरवरी को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहंगी के खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को धान खरीदी के अंतर की प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के करोड़ों रुपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मुख्य सभामंच, सांस्कृतिक मंच, विभागीय स्टॉल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, हेलीपैड एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थल चिन्हांकित करते हुए सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। खेल मैदान के समीप ही हेलीपैड का निर्माण किया जाएगा। अधिकारियों ने प्रस्तावित पार्किंग स्थलों का भी अवलोकन कर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने की रूपरेखा तय की।

सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण व प्रवेश-निकास व्यवस्था के निर्देश

एसएसपी रजनेश सिंह ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संभावित जनसमूह को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण एवं प्रवेश-निकास व्यवस्था की विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

स्कूलों के समय में बदलाव पूर्व समय सारिणी लागू

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अत्यधिक ठंड और शीतलहर के कारण बदले गए स्कूलों के समय में अब पुन: परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार ठंड का प्रकोप समाप्त होने के मद्देनज़र विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित विद्यालयों के संचालन समय में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया है। आदेश को कलेक्टर द्वारा अनुमोदित किया गया है। जारी निर्देशानुसार एक पाली में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय सोमवार से शुक्रवार तक प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होंगे, जबकि शनिवार को प्रात: 7:30 बजे से 11:30 बजे तक कक्षाएं लगेंगी। दो पाली में संचालित विद्यालयों में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक की प्रथम पाली सोमवार से शुक्रवार तक प्रात: 7:30 बजे से 11:30 बजे तक चलेगी। हाई एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय पाली सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12 बजे से सायं 5:00 बजे तक संचालित होगी। शनिवार को सभी के लिए प्रात: 7:30 बजे से 11:30 बजे तक कक्षाएं लगेंगी।

मंत्री तोखन ने मां कामाख्या देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने असम प्रवास के दौरान माँ कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने माँ भगवती के चरणों में नमन करते हुए राष्ट्र की उन्नति, सद्भाव और समग्र विकास की कामना की। अपने प्रवास के क्रम में श्री साहू ने असम के बक्सा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुमारपारा (बूथ क्रमांक 203) में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव सुने तथा योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर चर्चा की। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचे। उन्होंने जनभागीदारी को सुशासन की आधारशिला बताते हुए कहा कि सक्रिय सहभागिता से ही योजनाओं की सफलता सुनिश्चित होती है। श्री साहू ने अपने प्रवास के दौरान बक्सा जिले के एक प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर शैक्षणिक वातावरण का जायजा लिया तथा विद्यार्थियों से संवाद किया। बच्चों की जिज्ञासा, उत्साह और सीखने की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर आधारभूत सुविधाओं एवं सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को समुचित अवसर प्रदान करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

सुविधा : बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले तीन स्टेशनों में 3 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध

सांतरागाछी अनूपपुर, उत्कल एक्सप्रेस वेंकटनगर व निजामुद्दीन कोतमा स्टेशन में ठहरेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले तीन स्टेशनों में 3 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । जिसमें सांतरागाछी-रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस का अनूपपुर में, उत्कल एक्सप्रेस का वेंकटनगर तथा निजामुद्दीन-अम्बिकापुर- निजामुद्दीन एक्सप्रेस का कोतमा स्टेशन में ठहराव की सुविधा शामिल है।

उत्कल एक्सप्रेस का वेंकटनगर में ठहराव की सुविधा के कारण 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस का जैतहरी स्टेशन के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन की जा रही है। अब यह गाड़ी 16.39 बजे के बजाय 16.44 बजे जैतहरी स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस का पेंड्रा रोड और बेलगहना स्टेशन के समय सारिणी में भी आंशिक परिवर्तन की जा रही है अब यह गाड़ी 06.45 बजे के बजाय 06.48 बजे पेंड्रा रोड स्टेशन तथा 07.45 बजे के बजाय 07.48 बजे बेलगहना स्टेशन पहुंचेगी।

पहुंचने व रवानगी की समय सारिणी

गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस 27 फरवरी से तथा गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 5 मार्च 2026 से अनूपपुर स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस, अनूपपुर स्टेशन 09.53 बजे पहुंचेगी एवं 09.55 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस, अनूपपुर स्टेशन 00.31 बजे पहुंचेगी एवं 00.33 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 22408 निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस 4 मार्च से तथा गाड़ी संख्या 22407 अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस एक्सप्रेस 5 मार्च से कोतमा स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 22408 निजामुद्दीन-अम्बिकापुर एक्सप्रेस, कोतमा स्टेशन 14.56 बजे पहुंचेगी एवं 14.58 बजे रवाना होगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22407 अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस, कोतमा स्टेशन 09.46 बजे पहुंचेगी एवं 09.48 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 27 फरवरी से तथा गाड़ी संख्या 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस 28 फरवरी से वेंकटनगर स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी।

एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बिल्हा/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा के अधीन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मगर उजाला में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे साथ में लिमतरी ग्राम पंचायत के सभी सरपंच राजकुमार यादव एवं मगर उछ्ला के सरपंच प्रतिनिधि शत्रुघ्न कोसले भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया गया जहां 235 नागरिकों ने अपना पंजीयन करा कर स्वास्थ्य लाभ लिया जिसमें प्रमुख रूप से ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच सिकल सेल जांच तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत 40 हितग्राहियों ने आयुष्मान कार्ड जिसमें वय वंदन कार्ड बनाकर स्वास्थ्य लाभ लिया शिविर में डॉ एस के गुप्ता खंड चिकित्सा अधिकारी एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कुमार गढ़ेवाल, खंड प्रशिक्षक सलमान नियाजी ,सुरेश बंजारे उपस्थित थे।

तमिलनाडु चुनाव की तैयारियां: चेन्नई पहुंची चुनाव आयोग की टीम, शशिकला की राजनीति में वापसी

चेन्नई। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक तरफ चुनाव आयोग की एक उच्च स्तरीय टीम तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई पहुंची है। वहीं दूसरी ओर, राज्य की राजनीति में अहम स्थान रखने वाली वी.के. शशिकला ने भी वापसी का एलान कर दिया है। उन्होंने एक हफ्ते के अंदर अपनी नई राजनीतिक पार्टी का नाम घोषित करने और चुनाव लड़ने की पुष्टि की है।

इससे पहले आयोग ने पुडुचेरी में भी अधिकारियों के साथ बैठक की थी। वहां अधिकारियों को बिना किसी डर के कानून का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही, चुनाव से पहले नकदी, शराब, ड्रग्स और मुफ्त के सामानों के लेन-देन पर रोक लगाने के लिए कहा गया। उधर, तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की करीबी सहयोगी रहीं वी.के. शशिकला ने अपनी नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पार्टी का नाम एक हफ्ते के भीतर सामने आ जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। चेन्नई एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए शशिकला ने कहा कि पार्टी को औपचारिक रूप से शुरू करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए गठबंधन को लेकर भी बातचीत हो रही है और जल्द ही इस पर फैसला लिया जाएगा। उनके इस बयान से राज्य में नई राजनीतिक अटकलें शुरू हो गई हैं। जब उनसे पूछा गया कि चुनाव से पहले कम समय में पार्टी बनाना क्या एक चुनौती होगी, तो उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोग उनके राजनीतिक सफर से परिचित हैं, इसलिए समर्थन जुटाने में कोई खास मुश्किल नहीं आएगी। इस दौरान शशिकला ने कम्युनिस्ट पार्टी के दिवंगत नेता आर. नल्लाकन्नू को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नल्लाकन्नू को गरीबों के लिए जीवन समर्पित करने वाला नेता बताया। शशिकला की इस घोषणा को तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए पहुंची आयोग की टीम

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की एक टीम गुरुवार को चेन्नई पहुंची। यह टीम तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करेगी। इस सात सदस्यीय टीम में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। आयोग की टीम चेन्नई में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जिला चुनाव अधिकारियों और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। इस दौरान चुनावी तैयारियों, आदर्श आचार संहिता, सुरक्षा व्यवस्था और मतदान के चरणों पर चर्चा होगी।

न्यूज गैलरी

थानों में खराब सीसीटीवी पर कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया।

हैदराबाद के कॉम्प्लेक्स में भीषण आग

हैदराबाद। हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित रोड नंबर 36 पर आज सुबह एक साड़ी शोरूम मंगला गौरी में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने के बाद इमारत से आसमान में घना धुआं उठता देखा गया, जिससे स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में दहशत फैल गई। फायर विभाग के कंट्रोल रूम के अनुसार, सुबह 11:29 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत चार दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने तुरंत राहत व बचाव अभियान शुरू कर आग पर काबू पाने और इसे आसपास की इमारतों तक फैलने से रोकने की कोशिश की। मंदिर की शैली में बनी इस इमारत से उठते घने धुएं के कारण बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, जिससे व्यस्त व्यावसायिक इलाके में ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन गई। हैदराबाद के जिला अग्निशमन अधिकारी-2 अजमीरा श्रीदास ने बताया कि जांच जारी है। हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं...आग पर काबू पा लिया गया है...चौथी मंजिल पर स्थित इमारत से केवल धुआं निकल रहा है। इमारत में कोई सामान नहीं था...इमारत खाली थी। इमारत में कोई मौजूद नहीं था फायर विभाग और हैदराबाद डिजास्टर रिस्पॉन्स एंड एसेट प्रोटेक्शन एजेंसी के कर्मियों ने शोरूम में फंसे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है और फिलहाल परिसर के अंदर धुआं निकालने का काम किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना में अभी तक किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है, जबकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

ब्राजील में भीषण बाढ़ से हाहाकार अब तक 46 लोगों की मौत

रियो डी जेनेरियो। दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील में कुदरत का भयानक कहर देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में भीषण बाढ़ से लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। अब तक 46 लोगों की मौत हो गई। कई लोग लापता है, जिनको तलाश जारी है। वहीं सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर है। दक्षिणपूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में आई भीषण बाढ़ में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ब्राजील के दक्षिणी भाग में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से तबाही मचने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और अधिक बारिश होने की आशंका है। इधर, मिनास गेरैस राज्य में बचाव अभियान जारी है। बचाव कर्मचारी स्थिति पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। बचाव अभियान पूरी तेजी से जारी है और घर व कस्बे कीचड़ और मलबे से ढके हुए हैं। इससे पहले बुधवार को ब्राजील के अग्निशमन विभाग ने मृतकों की संशोधित संख्या प्रकाशित की और बताया कि लगभग 21 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। दमकल विभाग ने बताया कि लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जुइज डे फोरा और उबा शहरों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण लगभग 3,600 लोग विस्थापित हो गए, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। मृतकों में 11 वर्षीय बर्नार्डो लोपेस दुत्रा भी शामिल था, जिसका घर बारिश के कारण ढह गया था। वहीं दुत्रा की पत्नी और बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

मानवाधिकार पर राजनीति नहीं समग्र दृष्टिकोण जरूरी: जयशंकर

■ मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध: जयशंकर

संयुक्त राष्ट्र। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों को लेकर 'राजनीतिक बयानबाजी' से ऊपर उठकर विकास, क्षमता निर्माण और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन में ठोस सुधार लाना होना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपने वर्चुअल संदेश में उन्होंने बुधवार को कहा कि संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से ग्रस्त दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसका विस्तार करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, 'हमने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है।'

उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत सभी लोगों के लिए समानता और सम्मान के आधार पर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (छ्रक्क्) का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों को पारदर्शी तरीके से कल्याण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और सरकारी सुविधाओं तक पहुंच मिली है और भारत अपने अनुभव को वैश्विक हित में साझा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महामारी, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक दबावों ने असमानताओं को और बढ़ाया है, जिससे विकास को मानवाधिकारों के मूल आधार के रूप में देखना जरूरी हो गया है।

मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया भारत

भारत हाल ही में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया है और उसे संयुक्त महासभा में 188 में से 177 मत मिले। जयशंकर ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए राजनीति, दोहरे मानदंड और चयनात्मक रवैये के बजाय संवाद, साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विश्वास करता है।

आतंकवादी कृत्यों पर जीरो टॉलरेंस की वकालत

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से साकार करने के लिए उन्हें 'आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहिष्णुता की वकालत' करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद मानवाधिकारों के सबसे जघन्य उल्लंघनों में से एक है, और इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, खासकर जब निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है।'

उमाशंकर सिंह और करीबियों के घर से 10 करोड़ कैश बरामद

■ ऑफिस और अन्य जगहों पर आईटी की कार्रवाई जारी

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बसपा के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर पर बुधवार से जारी आयकर टीम का छापा गुरुवार को समाप्त हो गया। उनके घर से 10 करोड़ की नकदी बरामद हुई है। अभी उनके ऑफिस और अन्य स्थानों पर कार्रवाई जारी है। विपुलखंड स्थित उनके आवास पर कार्रवाई पूरी हो गई है।

बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट से एकमात्र बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानों पर बुधवार को आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। लखनऊ, बलिया, सोनभद्र, कौशांबी, मिर्जापुर और प्रयागराज में 30 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमें सुबह 11 बजे से देर रात तक जांच में जुटी रहीं। खबर लिखे जाने तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी गिनी जा चुकी थी। आयकर विभाग की तीन टीमों ने लखनऊ के गोमतीनगर में विपुल खंड स्थित उमाशंकर सिंह के आवास, उनकी कंपनी छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉरपोरेट ऑफिस और वजीर हसन रोड पर करीबी ठेकेदार फैजी के ठिकानों को खंगाला। इसके अलावा सोनभद्र में साईं राम इंटरप्राइजेज कंपनी के नाम से खनन का कारोबार करने वाले उमाशंकर सिंह के करीबी सीबी गुप्ता समेत कई खनन कारोबारियों के ठिकानों को खंगाला जा रहा है। आयकर विभाग ने सुबह 11 बजे सभी ठिकानों पर एक साथ छापा मारा था, जिसके बाद टैक्स चोरी और बेनामी संपत्तियों से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। उमाशंकर सिंह छात्रशक्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी और साईं राम इंटरप्राइजेज के नाम से सड़क और खनन से जुड़े कार्य करते हैं। बीते वर्ष सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सोनभद्र में अवैध खनन कार्यों से करीब 60 करोड़ रुपये की राजस्व की हानि हुई थी।

सीबीआई को मिली बड़ी कामयाबी, दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल कुमार रेड्डी

हैदराबाद। भारतीय जांच एजेंसियों को विदेशों में छिपे अपराधियों को पकड़ने में लगातार सफलता मिल रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात में छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है। अनिल कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी जैसे कई गंभीर आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह कानून से बचने के लिए यूएई में जाकर छिप गया था। आंध्र प्रदेश पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने 5 सितंबर 2022 को अनिल रेड्डी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था। सीबीआई की खास यूनिट ने विदेश मंत्रालय और अबू धाबी के अधिकारियों के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। इसी रेड नोटिस के आधार पर यूएई के अधिकारियों ने अनिल रेड्डी को अपने देश में पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद यूएई ने उसे भारत को सौंपने का फैसला किया। गुरुवार को दुबई पुलिस की एक टीम उसे हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लेकर आई। यहां सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे आंध्र प्रदेश पुलिस की टीम को सौंप दिया गया। यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले महीने भी सीबीआई ने मलेशिया के साथ मिलकर एक बड़ा ऑपरेशन किया था।

पीएम मोदी के इस्राइल दौरे पर कांग्रेस हमलावर, नेसट में दिए संबोधन पर घेरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्राइली संसद नेसट में दिए गए संबोधन को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का खुला बचाव बताया।

कांग्रेस ने कहा कि भारत की विदेश नीति का ऐतिहासिक दृष्टिकोण संतुलित और बहुपक्षीय रहा है, जिसकी झलक देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों में भी मिलती है। दरअसल, नेसट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने गाजा शांति पहल को क्षेत्र में न्यायपूर्ण और टिकाऊ शांति की दिशा में एक रास्ता बताया और आतंकवाद की कड़ी निंदा की। उन्होंने 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि भारत इस्राइल के साथ दृढ़ता और पूर्ण विश्वास के साथ खड़ा है और किसी भी कारण से नागरिकों की हत्या या आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता। पीएम के इस बयान पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत ने उनके जन्मदिन के दिन ही इस्राइल को मान्यता दी थी, लेकिन उन्होंने भारत की ऐतिहासिक और संतुलित विदेश नीति की परंपरा का पर्याप्त उल्लेख नहीं किया।

राहुल ने सरकार को घेरा, कहा- 'किसान की सुरक्षा-सम्मान से ही भारत सफल होगा'

कन्नूर। केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। इतना ही नहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धमकाने के लिए किया ताकि वे एक ऐसे व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें जिससे भारतीय किसानों की 'बलि' चढ़ जाएगी। उन्होंने कहा, 'यदि आप नींव का सम्मान नहीं करते, तो कुछ भी नहीं बन सकता। नींव बनाने वाले को सम्मान या सुरक्षा नहीं मिलती। हम हर दिन भोजन करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि उसे हमारे खाने की मेज पर कौन रखता है।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ एक ऐसा समझौता किया, जो नींव खोदने जैसा था। उन्होंने कहा, "भारतीय किसान छोटे किसान हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर कम है। अमेरिकी किसानों के पास विशाल खेत हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर उच्च है। अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करना एक आपराधिक कृत्य है।" कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पहले के किसी भी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी किसानों को भारत में सोयाबीन, सब्जियां और फल जैसे उत्पाद बेचने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा, 'इससे भारतीय कृषि की नींव नष्ट हो जाएगी। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति किसानों के लिए ही हुई थी।' राहुल गांधी ने कहा कि कृषि संबंधी मतभेदों के कारण भारत-अमेरिका समझौता चार महीने से रुका हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया, 'भारतीय सरकार अमेरिकी कंपनियों के लिए कृषि क्षेत्र खोलना नहीं चाहती थी। कुछ भी प्रगति नहीं हो रही थी और अमेरिकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को धमकी दे रहे थे।' उन्होंने आगे दावा किया कि राष्ट्रपति के संबोधन के बाद उन्हें संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि वे दो मुद्दे उठाना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'एक मुद्दा एपस्टीन की उन 35 लाख फाइलों से संबंधित था, जो अभी तक सामने नहीं आई हैं। ये फाइलें अमेरिकी सरकार द्वारा गुप्त रखी गई हैं।

किसान भारत की नींव हैं, सरकार नहीं समझती

लोकसभा में विपक्ष के नेता कन्नूर जिले के पेरावूर में किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार इस सरल तथ्य को नहीं समझती कि किसान भारत की नींव हैं। उन्होंने कहा कि आईटी और अन्य क्षेत्रों के बारे में लंबे-लंबे व्याख्यान दिए जाते हैं, लेकिन नींव को मजबूत किए बिना कुछ भी नहीं बनाया जा सकता है।

ट्राइडेंट ग्रुप ने 'विकसित भारत मिशन' के तहत देशव्यापी भर्ती अभियान शुरू किया

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख औद्योगिक समूहों में से एक, ट्राइडेंट ग्रुप की मुख्य कंपनी ट्राइडेंट लिमिटेड ने एक बड़े भर्ती अभियान कीघोषणा की है। कंपनी अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन्स के लिए 3,000 से अधिक'कर्मयोगियों' की नियुक्ति करेगी। यह पहल टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मेंस्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और देश में रोज़गार के नए अवसर पैदा करनेके राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए ट्राइडेंट ग्रुप की ग्रुप सीएचआरओ, पूजा बी. लूथरा ने कहा, ट्राइडेंट में हमारा यह मानना है कि भारत के औद्योगिक विकासकी असली ताकत हमारी प्रतिभाएं हैं। इस भर्ती अभियान के ज़रिए हम न केवलअपने कार्यबल को मजबूत बना रहे हैं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार एक मजबूतमैन्युफैक्चरिंग ट्रांसफॉर्मेशन के जरिये राष्ट्रीय लक्ष्य का समर्थन भी कर रहे हैं। व्यावसायिक विस्तार से परे, हमारा ध्यान बेहतर करियर बनाने, समुदायों कोमजबूत करने और भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने परकेंद्रित है। इस पहल के तहत ऑपरेटर, बुनकर, सिलाईकर्मी, फिटर, इलेक्ट्रीशियन औरमल्टीपल टेक्निकल व ऑपरेशनल पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवारों का चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता और संबंधित उद्योग अनुभव केआधार पर होगा। ट्राइडेंट ने अनुभव और हुनर को सम्मान देने के लिए एक विशेषवेतन प्रारुप तैयार किया है। 2-3 वर्ष तक के अनुभव वाले प्रोफेशनल्स को?25,000 प्रति माह, 3 से 5 वर्ष के अनुभव वाले उम्मीदवारों को ?36,000 प्रतिमाह और 5 से 7 वर्ष के अनुभव वाले विशेषज्ञों को ?50,000 प्रति माह का वेतनदिया जाएगा। शानदार सैलरी के साथ ही, चुने गए उम्मीदवारों को परफॉरमेंस के आधार पर इंसेंटिव, बोनस और वेरिएबल पे जैसे आर्थिक लाभ भी दिए जाएंगे।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 61 रन से हराया, सुपर-8 से बाहर हुई लंका

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में 61 रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ श्रीलंकाई टीम खिताबी रेस से बाहर हो गई है। श्रीलंका ने सुपर-8 के अपने शुरुआती दोनों मैच गंवाए। इससे पहले श्रीलंका को इंग्लैंड के हाथों 51 रन से हार का सामना करना पड़ा था। ग्रुप-1 से इंग्लैंड शुरुआती दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर चुका है। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम 2 मुकाबलों में 3 प्वाइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद है। पाकिस्तान ने 2 मुकाबलों में 1 प्वाइंट हासिल किया है। यह टीम तीसरे स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम 28 फरवरी को इस विश्व कप में अपना अंतिम मैच पाकिस्तान से खेलेगी। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम 27 फरवरी को इंग्लैंड से भिड़ेगी, जिसमें उसकी कोशिश जीत के साथ नॉकआउट में पहुंचने की होगी। बुधवार को खेले गए इस मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 168 रन बनाए। इस टीम को सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। टिम सीफर्ट ने फिन एलन के साथ 3.1 ओवरों में 30 रन की साझेदारी की। एलन 23 रन, जबकि सीफर्ट 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

एक-दूजे के हुए रश्मिका-विजय

उदयपुर। उदयपुर के शाही नजारों के बीच दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी का जश्न शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर 'विरोश' के नाम से मशहूर इस जोड़ी ने अपनी शादी की रस्मों की पहली झलकियां साझा कर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। 26 फरवरी 2026 यानी आज होने वाले मुख्य शादी समारोह से पहले, यह सेलिब्रेशन मस्ती, लग्जरी और अपनों के साथ के एक खूबसूरत संगम के रूप में उभर रहा है।

द केरल स्टोरी-2: फिल्म रिलीज से पहले केरल हाईकोर्ट ने लगाई रोक

मुंबई। केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देते हुए सोच-समझकर काम नहीं लिया। जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर यह आदेश दिया। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि फिल्म से सामाजिक सौहार्द न बिगड़े, यह पक्का करने के लिए बनाई गई गाइडलाइंस का सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने पालन नहीं किया। हाईकोर्ट में दायर याचिकओं में 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मिले सर्टिफिकेशन को चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं में दावा किया गया कि फिल्म में केरल को गलत तरीके से दिखाया गया। इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिकाओं में, याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म का टाइटल और प्रमोशनल मटीरियल दोनों ही केरल को गलत तरीके से दिखाते हैं।

डबल एंट्री के कारण फ्लैक्स लगाने में देरी, मार्च से रोज 10 करोड़ वसूली का लक्ष्य, सख्त कार्रवाई की तैयारी में नगर निगम

182 करोड़ की टैक्स वसूली, बड़े बकायादारों के नाम होंगे सार्वजनिक: आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर ने 24 फरवरी तक कुल 182 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली कर ली है। इसमें 140 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स से और 42 करोड़ रुपये अन्य मदों से प्राप्त हुए हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप ने बताया कि बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी है और जल्द ही उनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे।

आयुक्त ने दसों जोन कमिश्नरों को निर्देश दिया था कि बड़े बकायादारों के घरों के सामने उनके नाम के फ्लैक्स लगाए जाएं। हालांकि आदेश जारी हुए लगभग 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इस पर अमल नहीं हो पाया है। आयुक्त के अनुसार कई संपत्तियों का टैक्स दो अलग-अलग आईडी से जमा होने के कारण डबल एंट्री की स्थिति बन गई है, जिससे असमंजस पैदा हुआ है। वर्तमान में इसकी स्क्रूटनी की जा रही है और संभावना है कि अगले सप्ताह से बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे।

मार्च से सख्त वसूली अभियान चलेगा

फरवरी माह में अब दो दिन शेष होने का उल्लेख करते हुए आयुक्त ने कहा कि 1 मार्च से प्रत्येक जोन को प्रतिदिन 1-1 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया जाएगा। इस तरह 30 दिनों में कम से कम 300 करोड़ रुपये राजस्व वसूलने की योजना बनाई गई है।

जोन-10 सबसे आगे, जोन-7 पिछड़ा

राजस्व वसूली में जोन-10 कमिश्नरी सबसे आगे है। यहां कुल 50,255 संपत्तियों में से 13,317 प्रॉपर्टी से 20 करोड़ 21 लाख रुपये की सर्वाधिक वसूली की गई है। वहीं जोन-3, जोन-6 और जोन-7 की वसूली अपेक्षाकृत कम रही है। जोन-7 में 22,192 संपत्तियों में से 6,894 प्रॉपर्टी से 10 करोड़ 79 लाख रुपये ही वसूले जा सके हैं।

आरटीई लागू करने वाले निजी स्कूलों को 50% छूट

निजी स्कूलों के प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जो संस्थान अधिनियम-12ए की शर्तें पूरी कर रहे हैं और गरीब बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश दे रहे हैं, उन्हें प्रॉपर्टी टैक्स में केवल 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

दो लाख से अधिक प्रॉपर्टी से वसूली बाकी

निगम सीमा क्षेत्र में कुल 3,57,412 संपत्तियां हैं, जिनमें से 3,43,481 प्रॉपर्टी टैक्स के दायरे में आती हैं। मई 2025 से 24 फरवरी 2026 तक निगम ने 99,337 प्रॉपर्टी से 142 करोड़ रुपये की वसूली की है। ऐसे में अभी भी 2 लाख से अधिक संपत्तियों से टैक्स वसूलना बड़ी चुनौती बना हुआ है।

न्यूज गैलरी

विवादित जमीन की रजिस्ट्री 9 लोगों पर एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में 1.50 करोड़ की बंधक जमीन 57.40 लाख में दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के अफसरों सहित 9 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। कटोरा तालाब निवासी अभिषेक बजाज और दीपेश बजाज की शिकायत पर समीर चक्रवर्ती, अनिल कुमार विश्वकर्मा, तुषार जोशी, इकबाल खान, बुधराम चक्रवर्ती, विजय डंगर, मनीष कुमार, रविशंकर और हेमंत कुसरे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मार्च 2022 में आरोपियों ने खुद को नेक्सान सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड का अधिकारी बताकर संपर्क किया। उन्होंने पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस (अब ग्रहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) में कोटा स्थित 5458 वर्गफुट की बंधक जमीन, जिसकी बाजार कीमत 1.50 करोड़ रुपए बताई गई, उसे 57.40 लाख रुपए में दिलाने का आश्वासन दिया। 18 मई 2022 को उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में सेल सर्टिफिकेट का पंजीयन कराया गया। आरोप है कि कब्जा दिलाने का दावा भी किया गया। कुछ दिन बाद जब जमीन की सफाई कराई जा रही थी, तब पास के पेट्रोल पंप संचालक ने जमीन पर अपना दावा जताया और सिविल न्यायालय में मामला लंबित होने की जानकारी दी। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जमीन को भारमुक्त बताकर तथ्य छिपाए गए, जबकि डीआरटी जबलपुर में भी प्रकरण लंबित है। रकम लौटाने की मांग पर आरोपियों ने टालमटोल की।

टेस्ट ड्राइव के लिए युवक ले गया गाड़ी उसके बाद लौटकर आया ही नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के एक डेयरी कारोबारी की मालवाहक लेकर एक युवक फरार हो गया। कारोबारी की मालवाहक को युवक ने टेस्ट ड्राइव के लिए मांगा और ले गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। आरोपी ने अपना फोन भी बंद कर दिया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। डंगनिया निवासी सुरेंद्र सिंह डेयरी का कारोबार करता है। उसने दो साल पहले लाल रंग की मालवाहक खरीदी थी। गाड़ी बेचने के लिए उसने उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया था। पोस्ट देखकर अज्जू यादव उर्फ योगेश ने उससे संपर्क किया। वह गाड़ी देखने आया और चलाकर देखने की जिद करने लगा। सुरेंद्र ने भरोसा कर उसे टेस्ट ड्राइव के लिए गाड़ी दे दी। आरोपी गाड़ी लेकर चला गया और वापस नहीं लौटा। सुरेंद्र करीब दो घंटे तक इंतजार करता रहा, फिर गाड़ी की तलाश में इधर-उधर खोजबीन की। उसका मोबाइल बंद मिला।

शहर के चौक-चौराहों में 50 मीटर तक नहीं रोक सकेंगे ई-रिक्शा और ऑटो

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर ने बड़ा फैसला लिया है। ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी चौक-चौराहे के 50 मीटर के दायरे में वाहन नहीं रोक सकेंगे। यदि सवारी बैठाने के लिए वाहन रोका गया तो उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। पुलिस ई-चालान की कार्रवाई करेगी। इसी तरह किसी भी सड़क पर कहीं भी वाहन रोककर सवारी नहीं बैठाई जा सकेगी। लेफ्ट टर्न के नियम का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। पुलिस ने ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की बैठक लेकर यह निर्देश जारी किए हैं। चौक-चौराहों पर सवारी बैठाने के लिए ई-रिक्शा और ऑटो बीच सड़क में ही रोक दिए जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है।

दूसरे राज्य से चला रहे थे पैनल, महादेव सट्टा एप से जुड़े दो सटोरिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टी-20 विश्व कप के दौरान एप के माध्यम से लाखों का दांव लगवाने वाले अमलीडीह के दो कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की तलाशी के दौरान मोटी रकम बरामद हुई है। आरोपी गोवा में कर्मचारी बैठाकर अपना पैनल चला रहे थे। उन्होंने पैसा वसूली के लिए अलग से नेटवर्क खड़ा किया था। दांव लगाने वालों से पैसा वसूलकर दुबई भेजा जाता था। गिरोह से जुड़े चार और लोगों को भी पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह की एक सोसायटी में प्रतीक कुमार और शेंकी किराए के मकान में रहते हैं। दोनों का खुद का कारोबार है।

औद्योगिक क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा, किसानों को भी फायदा: रोहित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) ने राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार का आयोजन किया। इसमें ऊर्जा विभाग के सचिव रोहित यादव ने कहा कि राज्य के औद्योगिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन को अपनाने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। सचिव यादव ने बताया कि - बायोमास आधारित ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। कृषि अवशेष, डेयरी अपशिष्ट, फल-सब्जी मंडियों का जैविक कचरा और गोबर जैसे संसाधन राज्य में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इनसे बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन संभव है। रायपुर, उरला, सिलतरा, भिलाई, रायगढ़, जगदलपुर और बस्तर के औद्योगिक क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग होना चाहिए। ऊर्जा विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य संभावित चुनौतियों की पहचान कर व्यापक क्रियान्वयन का मार्ग तय करना है।

राजधानी में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले बढ़े, पुलिस ने शुरू की जांच

विदेश से गिफ्ट भेजने का झांसा देकर युवती से 3 लाख की ठगी

सिपाही की पत्नी के खाते से 1.90 लाख रुपये पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में करीब पांच लाख रुपए की ठगी सामने आई है। एक इवेंट कंपनी में कार्यरत युवती को शादी और विदेश से महंगा गिफ्ट भेजने का झांसा देकर लगभग 3 लाख रुपए ठग लिए गए, वहीं जिला बल में पदस्थ एक सिपाही की पत्नी से ऑनलाइन मार्केटिंग के नाम पर 1.90 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। दोनों मामलों में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काशीराम नगर निवासी 24 वर्षीय प्रीति कुर्रे ने विवाह के उद्देश्य से एक मेट्रिमोनियल साइट पर अपना पंजीयन कराया था। प्रोफाइल देखने के बाद एक युवक ने उससे संपर्क किया और खुद को विदेश में रहने वाला बड़ा कारोबारी बताया। दोनों के बीच कुछ दिनों तक बातचीत होती रही। विश्वास में लेने के बाद युवक ने विदेश से महंगा गिफ्ट भेजने की बात कही।

ऐसे बचें साइबर ठगी से

- अनजान व्यक्ति को किसी भी स्थिति में पैसे ट्रांसफर न करें।
- बैंक खाता, ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड डिटेल या निजी जानकारी साझा न करें।
- संदिग्ध लिंक या एप डाउनलोड करने से बचें।
- ठगी की आशंका होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं।

कुछ समय बाद युवती के पास कथित कुरियर कंपनी की ओर से कॉल आया। पार्सल डिलीवरी के नाम पर पहले 10 हजार रुपए जमा कराए गए। इसके बाद सर्विस टैक्स के नाम पर 30 हजार और कस्टम चार्ज के नाम पर 50 हजार रुपए लिए गए। अलग-अलग बहाने बनाकर कुल मिलाकर लगभग 3 लाख रुपए युवती से ऐंठ लिए गए। रकम जमा कराने के बाद न तो कोई पार्सल पहुंचा और न ही संपर्क हो पाया। ठगी का अहसास होने पर युवती ने क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन फ्राड के मामले बढ़ रहे

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार मेट्रिमोनियल साइट, सोशल मीडिया और जॉब ऑफर के नाम पर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अनजान व्यक्ति द्वारा विदेश से गिफ्ट या पार्सल भेजने और कस्टम या टैक्स के नाम पर रकम मांगने के अधिकांश मामले फर्जी होते हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले एक वर्ष में रायपुर में 4 हजार से अधिक लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी हो चुकी है। ठगी की राशि 10 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है, लेकिन इनमें से केवल 110 मामलों में ही एफआईआर दर्ज हुई है, जबकि बाकी शिकायतें जांच में लंबित हैं।

सिपाही की पत्नी से साइबर फ्रॉड

दूसरे मामले में रायपुर जिला बल में पदस्थ सिपाही मुकेश साहू की पत्नी को घर बैठे ऑनलाइन मार्केटिंग का काम देने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने खाते की जानकारी हासिल कर अलग-अलग किश्तों में 1.90 लाख रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का मैसेज आने के बाद ठगी का पता चला, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

पेंशनर्स समाज ने बजट में पेंशनरों की अनदेखी पर जताई नाराजगी

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज द्वारा 14 फरवरी को पेंशनर्स समाज भवन, रायपुर में आयोजित बैठक में बजट में पेंशनरों का उल्लेख नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वित्त मंत्री से पांच सूत्रीय मांगों पर चर्चा नहीं होने के कारण बजट सत्र के दौरान प्रदेश स्तर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में संरक्षक एच.एल. दिल्लीवार (गुण्डरदेही), डॉ. रामकृष्ण चौबे (रायपुर) की उपस्थिति में पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेः प्रांताध्यक्ष ङ्क चेतन भारती (रायपुर) प्रदीप वर्मा डिप्लोमा इंजीनियर पेंशनर संघ (गरियाबंद) छत्तीसगढ़, उप प्रांताध्यक्ष - श्यामबिहारी अग्रवाल (रायपुर), गालव कुमार साहू (बालोद), गोवर्धन प्रसाद दुबे (दुर्ग), आर.एल. देव (धमतरी-नगरी), हरिशंकर सिंह (अंबिकापुर), के.आर. जनार्दन (बिलासपुर), कृष्णा प्रसाद तिवारी (बेमेतरा), नंदकुमार वर्मा (गरियाबंद), डॉ. बी.एल. चंद्राकर (बिलाईगढ़), रामलोचन शर्मा (भाटापारा) प्रांतीय महासचिव - टामनसिंह पवार (गुंडरदेही), सरगुजा संभाग प्रभारी - हरिशंकर सिंह, प्रांतीय सचिव - द्वारिकाप्रसाद श्रीवास (रायपुर), ओमप्रकाश वर्मा, प्रांतीय मुख्य संगठक-श्यामकुमार नायडू (रायपुर), प्रांतीय कोषाध्यक्ष - उदयराम साहू (रायपुर), प्रांतीय सह कोषाध्यक्ष -जोहर लाल पटेल, प्रांतीय संयुक्त सचिव - विजय कुमार जडित, श्रीमती ललिता नाईटेंगन लाल।

पेंशनरों की पांच सूत्रीय मांगेः छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के पेंशनरों को वेतन एवं पेंशनरी लाभ भुगतान हेतु सहमति लेने की 26 वर्षों पुरानी प्रथा समाप्त की जाए। 1 जनवरी या 1 जुलाई से राहत पेंशन लागू की जाए तथा वर्ष 2019 से कटौती की गई राशि का भुगतान किया जाए। 01.01.2006 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 32 माह का एरियर दिया जाए। 01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 27 माह का एरियर भुगतान किया जाए।

पेंशन कल्याण निधि से चिकित्सा व्यय का भुगतान अथवा कैशलेस उपचार की सुविधा पुनः लागू की जाए। प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने कहा कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में समाज चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ली शिक्षिका की जान

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। जहां एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़ी शिक्षिका और उनके मासूम बच्चे को कुचल दिया। इस भीषण हादसे में सहायक शिक्षिका शिफा त्रिपाठी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका शिफा त्रिपाठी आत्मानंद भुवनेश्वरपुर स्कूल में सहायक शिक्षिका के पद पर पदस्थ थीं। सोमवार सुबह वे अपने बच्चे के साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं।

उड़न गिलहरी शावक का सफल रेस्क्यू

माँ से कराया पुनर्मिलन

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की टीम ने शिक्षकों की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से उड़न गिलहरी के एक शावक का सफल रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से उसकी माँ से मिला दिया। यह संवेदनशील रेस्क्यू ऑपरेशन मानवीय संवेदना और वन्यजीव संरक्षण के समन्वय का उदाहरण बन गया।

रक्षापथरा प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक धनसिंह नेगी और सहायक शिक्षक संतोष निषाद ने 25 फरवरी को सुबह लगभग 11:50 बजे सूचना दी कि गोना मार्ग पर गिरे सूखे धावड़ा वृक्ष पर एक अज्ञात शावक (उड़न

गिलहरी) अकेला बैठा है और चींटियों से घायल हो रहा है। सूचना मिलते ही तौरेंगा (बफर) परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और शावक को सुरक्षित कस्टडी में लेकर निरीक्षण किया।

मौके पर सूखे वृक्ष में उड़न गिलहरी का कोटर (घोंसला) मिला, लेकिन माँ नहीं दिखी। बिलासपुर के वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा के सुझाव पर शावक को पीपल और बरगद के फल तथा पानी दिया गया। चूंकि उड़न गिलहरी निशाचर होती है, इसलिए टीम ने शाम तक प्रतीक्षा की ताकि रात में माँ के लौटने की संभावना बनी रहे।

शाम होते ही शावक को जंगल के समीप साजा वृक्ष पर सुरक्षित छोड़ा गया और बिना फ्लैश के ट्रैप कैमरा लगाया गया। टीम ने सुरक्षित दूरी बनाकर निगरानी रखी। रात लगभग 10 बजे मादा उड़न गिलहरी की आहट दर्ज हुई और करीब 12 बजे वह शावक को लेकर घने जंगल की ओर चली गई।

रेस्क्यू ऑपरेशन में रेंजर केजूराम कोरचे, वनरक्षक सुधांशु वर्मा, पेट्रोलिंग श्रमिक सूरज पात्रा और राजेंद्र नागेश की सक्रिय भूमिका रही।

संवेदनशील ऑपरेशन

यह कार्रवाई वनमंत्री केदार कश्यप, पीसीसीएफ(वन्यप्राणी) अरुण पाण्डेय तथा फील्ड डायरेक्टर सतोविशा समाजदार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। वन विभाग की टीम अगले दो दिनों तक आसपास के क्षेत्र में निगरानी रखेगी ताकि माँ और शावक की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व प्रबंधन ने इस संवेदनशील ऑपरेशन में योगदान देने वाले शिक्षकों, वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और स्थानीय पत्रकार हसन खान की सराहना की है।

खरोरा स्कूल में बिना अनुमति काटे गए पेड़

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खरोरा स्थित पीएम श्री भरत देवांगन हाईस्कूल में हाल ही में हुई पेड़ों की कटाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पेड़ों की कटाई बिना किसी वैध अनुमति और बिना उचित कारण के की गई है, जो नियमों का उल्लंघन है। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल परिसर में 15 से 20 वर्ष पहले जनप्रतिनिधियों, स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने सागौन, खैर और अन्य प्रजातियों के पेड़ों का पौधारोपण किया था। ये पेड़ अब बड़े हो चुके थे और स्कूल की सुंदरता, छांव और स्वच्छ वातावरण का आधार बन चुके थे।

मापदंडों से समझौता? पिपरभवना में आरसीसी नाली निर्माण में लापरवाही!

सरसींवा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरभवना में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) के तहत कराए जा रहे आरसीसी नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

आश्रित ग्राम मधुबन खुर्द स्थित रामसागर तालाब के किनारे लगभग 400 मीटर लंबाई में नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है। जानकारी के अनुसार इस कार्य के लिए लगभग 18 से 20 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से करीब 70 से 100 मीटर तक निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका निर्माण कार्य स्वीकृत तकनीकी मापदंडों एवं विभागीय एस्टीमेट के अनुरूप नहीं कराया जाता है। ज्ञात हो कि किसी भी आरसीसी निर्माण कार्य के लिए पूर्व स्वीकृत ड्राइंग डिज़ाइन, निर्धारित सीमेंट-कांक्रीट अनुपात, बेस तैयारी, मोटाई एवं चौड़ाई जैसे मानक अनिवार्य रूप से पालन किए जाने होते हैं। किंतु स्थल पर कार्य को देखने से प्रतीत होता है कि कई स्थानों पर तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। तालाब किनारे होने के कारण यह निर्माण कार्य और भी अधिक संवेदनशील माना जा रहा है, क्योंकि खोदी गई नाली का मिट्टी तालाब के मेढ मे डाल दिया गया

है जोकि बरसात मे धसने से नाली दब जायेगा और जलभराव की स्थिति में संरचना पर अतिरिक्त दबाव पड़गा । यदि प्रारंभिक स्तर पर ही निर्माण में मजबूती और गुणवत्ता का अभाव रहा तो भविष्य में नाली के क्षतिग्रस्त होने दरार पड़ने अथवा धंसने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में शासन की स्वीकृत राशि के समुचित उपयोग और दीर्घकालिक उपयोगिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी प्रकार पूर्व ने आदर्श ग्राम योजना से स्वीकृत नाली का भी है। इस प्रकार के गुणवत्ताहिन् कार्य को ज़ब हम पत्रकारों के द्वारा खबर के माध्यम से शासन प्रशासन तक पहुंचाया जाता है तो झूठे शिकायत और फ़साने की साजिस की जाति है जबकि जनता के पैसा के साथ लूट सम्बंधित कर रहे है जिसने विकास के जड़ मना जा रहा वे सिर्फ दिखावा के तौर पर विकास कर रहे।

> इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य अधिकारियों के निर्देशानुसार एवं निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप कराया जा रहा है तथा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।
>
> **- सरपंच**

> संबंधित तकनीकी सहायक ने कहा कि वे कुछ दिन पूर्व स्थल निरीक्षण पर गए थे। उस समय कार्य संतोषजनक पाया गया था। वर्तमान में यदि कार्य में किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाई जाती है तो उचित कार्यवाही करेंगे।
>
> **- तकनीकी सहायक**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com